हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

सुमीत बाजार™

खूबसूरती, परंपरा और रॉयल अंदाज़,
सिल्क उत्सव में सब कुछ खास!

Pujo

Silk Utsav

धागे से शुरु होती है, हर बुनाई,
पूजो से शुरु होती है, हर खुशी!

साड़ी, लहंगा, रेडीमेड ब्लाऊज
और ड्रेस मटेरियल

सलवार सूट, सूटपीस
एवं वेस्टर्न वियर

मेन्स फेस्टिव, केजुअल,
फार्मल एवं सूटिंग शर्टिंग

किड्स ब्वॉयज, गर्ल्स
एवं न्यूबोर्न बेबी कलेक्शन

होम डेकोर एवं
हैण्डलूम

लगेज, बैग्स एवं
एसेसरीज

गृह उपयोगी सामान
एक छत के नीचे

फेस्टिवल एवं कार्पोरेट
गिफ्ट्स

नवरात्रि स्पेशल महिलाओं के लिये गरबा ड्रेस चनिया चोली उपलब्ध है

सिल्क साड़ी कलेक्शन

• प्योर सिल्क प्रिंट • गढ़वाल सिल्क • हैण्डलूम सिल्क • मदुराई सिल्क • पट्टू सिल्क • सिल्क एम्ब्रायडरी • तात सिल्क • बंगाली सिल्क • धरमवरम सिल्क • टसर सिल्क
• कांजीवरम सिल्क • बैंगलोर सिल्क • भागलपुरी सिल्क • बनारसी सिल्क • खिचा सिल्क • पैठनी सिल्क • कोसा एवं डिजाइनर साड़ियों का नवीनतम कलेक्शन

छत्तीसगढ़ – रायपुर • बिलासपुर • भिलाई • दुर्ग • राजनांदगांव (बसंतपुर) • डोंगरगढ़ • भाटापारा • सिमगा • बेमेतरा • कवर्धा
• आरंग • महासमुंद • बागबाहरा • सराईपाली • नयापारा राजिम • कांकेर • कोंडागांव • खरोरा • बालोद • धमतरी
• मध्यप्रदेश – बालाघाट • धामनोद • उड़ीसा – खरियार रोड • नुआपाड़ा

CUSTOMER CARE - 89820 44000
info@sumeetbazaar.com
WWW.SUMEETBAZAAR.COM

FOLLOW US

जहां की थी 13 हत्याएं, आरोपी को वहीं मारी जाएगी गोली, अमेरिका में पहली बार लाइव प्रसारण

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका में पहली बार मौत की सजा को लाइव टीवी पर दिखाया जाएगा। पूर्व आर्मी मेजर निदाल हसन को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि इस सजा का लाइव टेलिकास्ट किया जाएगा, ताकि आम लोग इसे देख सकें। बीबीसी के मुताबिक, 100 साल में यह अमेरिका में पहली सार्वजनिक तौर पर दी गई मौत की सजा होगी।

हसन ने 2009 में टेक्सास के सैन्य अड्डे पर धार्मिक नारा लगाते हुए गोलीबारी की थी, जिसमें 13 सैनिकों की मौत हो गई थी। हसन को 3 दिसंबर को यहीं मौत की सजा दी जाएगी। हेगसेथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि हसन को सैनिकों की एक टुकड़ी गोली मारकर मौत की सजा देगी। हेगसेथ ने कहा, 'हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोग इसे देख सकें और यह सार्वजनिक हो। लोगों को समझना चाहिए कि इस तरह के कामों के गंभीर नतीजे होते हैं।'

हमले के बाद माना था- जिहाद के लिए किया

गौरतलब है कि 5 नवंबर 2009 को सेना के मनोचिकित्सक मेजर निदाल हसन निजी पिस्तौल लेकर फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पहुंचा और सैनिकों व अन्य लोगों पर अचानक गोलीबारी कर दी। यह अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुई सबसे घातक सामूहिक गोलीबारी थी। उस समय अमेरिका अफगानिस्तान और इराक में युद्ध लड़ रहा था। गोलीबारी में हसन भी घायल हुआ और कमर के नीचे से लकवाग्रस्त हो गया।

65 साल बाद सैनिक को मौत की सजा का पहला मामला

1961 के बाद अमेरिकी सैन्य न्याय व्यवस्था के तहत मौत की सजा पाने वाला निदाल हसन पहला व्यक्ति होगा। सैन्य व्यवस्था में आखिरी बार प्राइवेट जॉन ए. बेनेट को मौत की सजा दी गई थी।



पूर्व आर्मी मेजर निदाल हसन।

मरकर खुद शहीद बनना चाहता था हसन

सैन्य अदालत में उसने हत्याओं की बात स्वीकार की। हसन ने हमले पर कोई पछतावा नहीं जताया। सैन्य मानसिक स्वास्थ्य पैनल के सामने उसने कहा कि वह चाहता था कि हमले में उसकी भी मौत हो जाती, ताकि वह शहीद बन सके। उसका यह तक कहा कि मौत की सजा मिलने पर भी वह खुद को शहीद मानेगा।

क्या है फायरिंग स्क्वॉड?

फायरिंग स्क्वॉड मौत की सजा देने का एक तरीका है, जिसमें प्रशिक्षित सैनिकों या निशानेबाजों का एक दल दोषी व्यक्ति पर एक साथ गोलियां चलाता है। सरल शब्दों में, एक व्यक्ति को सामने रखकर कई शूटर उस पर गोली चलाते हैं, जिससे उसकी मौत हो जाती है। इसे अंग्रेजी में फायरिंग स्क्वॉड कहा जाता है।



हमले को जहां अंजाम दिया वहीं भुगतेगा परिणाम

पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने बताया था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हसन को मौत की सजा देने की मंजूरी दे दी है। इसके बाद सेना ने सजा को अमल में लाने की दिशा में जरूरी प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं। कार्यवाहक सेना सचिव एडम टेल के मुताबिक, सजा टेक्सास के फोर्ट हुड सैन्य अड्डे पर ही दी जाएगी, जहां हसन ने 2009 में इस जानलेवा हमले को अंजाम दिया था।

अदालत में अपील का विकल्प अभी भी बाकी

अमेरिकी सैन्य कानून के तहत किसी कैदी को मौत की सजा देने के लिए राष्ट्रपति की मंजूरी जरूरी है। इसके बाद भी कानूनी अपील के चलते सजा रुक सकती है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 2 अक्टूबर को हसन को गोली मारकर मौत की सजा देने की मंजूरी दी थी। हालांकि, हसन के पास दोषी ठहराए जाने और सजा के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। इससे सजा पर रोक लग सकती है।

नंदीग्राम में भाजपा ने 1.22 लाख से अधिक मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की

5 विधानसभा और एक लोकसभा उपचुनाव के नतीजे घोषित

चार सीटों पर एनडीए ने और दो पर टीवीके ने फहराया जीत का परचम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पुडुचेरी की पांच विधानसभा सीटों और असम की नगांव लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं. बीजेपी ने असम की नगांव लोकसभा सीट के साथ पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज की है।

वहीं, तमिलनाडु की धारापुरम और मदुरंतकम सीटों पर तमिलगा वेत्री कझगम के उम्मीदवारों ने जीत हासिल की. पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के अशोक आनंद विजेता बने. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव में जीतने वाले उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

मुस्लिम बहुल रेजीनगर सीट भी भाजपा ने जीती

भाजपा ने मुर्शिदाबाद जिले की रेजीनगर सीट भी 75,816 वोटों के अंतर से जीत ली है। मुस्लिम-बहुल इस सीट पर जीत को बड़ी सफलता माना जा रहा है। भाजपा उम्मीदवार शंकरव सरकार को 1.29 लाख वोट मिले। उन्होंने आम जनता उन्नयन पार्टी के उम्मीदवार गुलाम नबी आजाद को हराया, जिन्हें 54,098 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार अब्दुल्लाहिल काफी को 6,168 और टीएमसी उम्मीदवार रबीउल आलम चौधरी को 3,847 वोट मिले।

हसीरानी ने मुख्यमंत्री शुभेंदु का रिकॉर्ड तोड़ा

2016 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले शुभेंदु ने नंदीग्राम में 81,230 वोटों से जीत हासिल की थी। अब तक ये नंदीग्राम पर सबसे बड़ी जीत थे। शुभेंदु ने सीपीआई के उम्मीदवार को हराया था। इस तरह हसीरानी ने मुख्यमंत्री शुभेंदु का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इतना ही नहीं, यह 1967 में इस सीट के बनने के बाद अब तक का जीत का सबसे बड़ा अंतर भी है।



तमिलनाडु की धारापुरम सीट पर टीवीके के सत्यभामा जीते

चेन्नई। तमिलनाडु की धारापुरम सीट पर सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम की उम्मीदवार पी सत्यभामा ने जीत हासिल की है। सत्यभामा ने विपक्षी दल द्रमुक की एस सुगन्या को 9471 मतों के अंतर से हराया। वहीं, निर्वाचन आयोग के अनुसार, मदुरांतकम सीट पर टीवीके की मरगथम कुमारवेल ने जीत हासिल की है।

पुडुचेरी में राजग की सहयोगी एआईएनआरसी जीती

पड़ोसी पुडुचेरी में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सहयोगी ऑल इंडिया एन. आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) ने कुछ ही माह पहले सत्ता संभालने के बाद अपने पहले राजनीतिक इम्तिहान में परचम लहराया और पार्टी उम्मीदवार अशोक आनंद ने थट्टानचावाडी विधानसभा उपचुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के इं. विनायगम को 8,000 से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया। द्रमुक उम्मीदवार के. सेतु तीसरे स्थान पर रहे।

असम : नगांव लोकसभा उपचुनाव में भाजपा के देवाशीष काफी आगे

गुवाहाटी। असम की नगांव लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में शुक्रवार को मतगणना के दौरान भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार देवाशीष शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट प्रमुख बदरुद्दीन अजमल पर 1,46,180 वोट की निर्णायक बढ़त बना ली। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के अनुसार, पूर्व आईएएस अधिकारी शर्मा को 5,28,938 वोट मिले, जबकि अजमल को 3,82,758 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार शिवमोनी बोरा 95,881 वोट के साथ तीसरे स्थान पर हैं। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक मतगणना जारी रही। उपचुनाव में कुल 15 उम्मीदवार मैदान में हैं।

यूपी से बीजेपी के 8 और सपा के 2 सांसद चुने गए

उत्तर प्रदेश की राज्यसभा चुनाव की तस्वीर अब पूरी तरह साफ हो गई है। राज्य की सभी 10 सीटों पर सभी उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गए हैं। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी और नाम वापसी की तय समय-सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने सभी दस उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा कर दी। यूपी राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के 8 और समाजवादी पार्टी (सपा) के 2 उम्मीदवार राज्यसभा के लिए चुने गए हैं।

भाजपा व सपा के ये सांसद हुए निर्वाचित

विद्यासागर सोनकर, प्रियंका सिंह रावत, गोपी कृष्ण पांडे, धर्मपाल सिंह, राधाकांत ओझा, प्रकाश पाल, रामप्रताप सिंह चौहान, श्रुति गंगवार। वहीं समाजवादी पार्टी से प्रो. रामगोपाल यादव, धनराज परिमल नाथवानी निर्विरोध निर्वाचित किए गए।



जुबिन गर्ग मामले में अमृतप्रभा को मिली जमानत

गुवाहाटी। गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में आरोपी गायिका अमृत प्रभा महंत को जमानत दे दी। विशेष लोक अभियोजक जियाउल कमर ने संवाददाताओं को बताया कि न्यायमूर्ति प्रांजल दास ने महंत को 50,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानतदारों को पेश करने की शर्त पर जमानत प्रदान की। अदालत के आदेश के बाद कमर ने कहा, ''माननीय न्यायाधीश ने आदेश का मुख्य अंश पढ़ा है। हालांकि, हमें अभी तक जमानत दिए जाने के आधारों की जानकारी नहीं है।

उन्होंने बताया कि मामले में सुनवाई लंबी चली और अभियोजन पक्ष ने चार से पांच दिनों तक अपनी दलीलें पेश कीं कमर ने कहा कि सरकारी वकील होने के नाते वह इस आदेश को चुनौती नहीं दे सकते।

■ चालक को अचानक दिल का दौरा पड़ गया

बस चालक ने बचाई 40 जिंदगियां स्टेयरिंग पर ही थम गईं सांसें

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

आंध्र प्रदेश में 8 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बस चला रहे 34 साल के चालक जेटी शिवा को अचानक दिल का दौरा पड़ गया।

बेहद दर्द होने के बावजूद, उन्होंने तुनी के पास बस को सुरक्षित तरीके से किनारे लगाया और करीब 40 यात्रियों को कोई नुकसान पहुंचने से पहले खुद स्टीयरिंग पर अचेत हो गए।



एपीएसआरटीसी ने की शिवा की तारीफ

शिवा को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। एपीएसआरटीसी के अध्यक्ष ने कहा कि शिवा ने असाधारण साहस और जिम्मेदारी का परिचय दिया है। उन्होंने यह भी वादा किया कि इस मुश्किल घड़ी में कॉर्पोरेशन शिवा के परिवार के साथ खड़ा रहेगा और उनकी हर संभव मदद करेगा।

खबर संक्षेप

छात्राओं से यौन उत्पीड़न में जेएनयू का प्रोफेसर बर्खास्त

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर



अंगोमचा बिमोल अकोइजम को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। 11 छात्राओं ने उन पर यौन एहसान के बदले अतिरिक्त नंबर देने का आरोप लगाया था। विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति ने इस मामले की जांच की और कड़ी सजा की सिफारिश की, जिसके बाद आधिकारिक नियमों के तहत उन्हें तुरंत पद से हटा दिया गया। महिला आयोग ने जेएनयू से मांगी जांच की जानकारी यह कार्रवाई दिल्ली महिला आयोग के आग्रह के बाद की गई। दिल्ली महिला आयोग ने विश्वविद्यालय से शिकायतों को संभालने के तरीके की समीक्षा करने को कहा था।

तापी नदी में मिला नवविवाहित दंपति का शव, जंजीरों से बंधे थे पैर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के धुले जिले के सावलदे इलाके से एक बेहद दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। तापी नदी के तट से एक नवविवाहित दंपति के शव बरामद हुए हैं, जिनके पैर लोहे की भारी जंजीरों से बंधे थे और उस पर ताला लगा था।

मृतक दंपति ने कुछ महीने पहले ही परिवार की मर्जी के खिलाफ प्रेम विवाह किया था, जिसके बाद से दोनों लापता थे। इस भयावह घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

क्या है पूरा मामला?

धुले पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान जलगांव जिले के अमलनेर तालुका निवासी श्याम हरि पाटिल और सपना पाटिल के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने तापी नदी में 2 शवों को तैरते देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शवों को बाहर निकाला। शवों को बाहर निकालने पर दोनों मृतकों के पैर लोहे की बड़ी जंजीर से आपस में मजबूती से जकड़े हुए थे और जंजीर पर ताला लगा हुआ था।



खुद को जंजीरों से बांधकर कूदने का संदेह

पुलिस का अनुमान है कि दोनों ने परिवार के दबाव और सामाजिक बहिष्कार के कारण आत्महत्या की होगी और साथ में मरने के लिए पैरों में जंजीर बांधकर नदी में कूद गए होंगे। इसी तरह पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं दोनों के परिवार वालों ने झूठी शान के लिए उनका अपहरण कर हत्या तो नहीं कर दी।

■ मप्र में ओबीसी आरक्षण पर हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

27% ओबीसी आरक्षण नहीं ये अब '14 प्रतिशत' ही रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जबलपुर/भोपाल

हाईकोर्ट ने ओबीसी आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले 2019 के संशोधन कानून को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द किया। मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने वर्ष 2019 में ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करने वाले संशोधन कानून को असंवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया है। इसके बाद प्रदेश में ओबीसी आरक्षण फिर से 14 प्रतिशत रहेगा। साथ ही सरकारी भर्तियों में लंबे समय से रोके गए 13 प्रतिशत पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के निर्देश दिए गए हैं। भर्ती एजेंसियों को यह प्रक्रिया तीन महीने में पूरी करनी होगी। हालांकि, ओबीसी पक्ष ने फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कही है।

ओबीसी महासभा की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य और याचिकाकर्ता लोकेंद्र गुर्जर ने कहा कि महासभा इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। ओबीसी वर्ग के अधिकारों के लिए प्रदेशव्यापी आंदोलन भी किया जाएगा। यह फैसला डब्ल्यूपी नंबर 5901/2019, अशिता दुबे एवं अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन एवं अन्य और इससे जुड़ी याचिकाओं पर दिया गया है। गौर हो कि केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश के लिए ओबीसी को 27% आरक्षण दिया गया है। यह व्यवस्था महाराष्ट्र सहित पूरे देश में लागू है। हालांकि राज्य सरकारों की नौकरियों में आरक्षण का मामला संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची के अंतर्गत आता है।


जबलपुर हाईकोर्ट

होल्ड पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

ओबीसी आरक्षण विवाद के कारण 29 सितंबर 2022 से कई सरकारी भर्तियों में 87:13 प्रतिशत का फार्मूला अपनाया जा रहा था। इसके तहत 87 प्रतिशत पदों पर भर्ती प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाती थी, जबकि बाकी 13 प्रतिशत पदों को अंतिम निर्णय तक रोककर रखा गया था। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने का रास्ता खुल गया है।

अमेरिका ने मुंबई की 2 कंपनियों और 5 भारतीयों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने मुंबई में स्थित 2 कंपनियों और 5 भारतीय नागरिकों पर ईरान के साथ तेल व्यापार करने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने ईरान से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात को सुविधाजनक बनाने के लिए एसएसपीएल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और समुद्र मरीन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को निशाना बनाया है। अमेरिका ने भारतीय कंपनियों पर कार्रवाई तेहरान के खिलाफ 'ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट' के तहत की है, जिससे ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर किया जा सके।

ईरान संग व्यापार पर दिखाई सख्ती



इन 5 भारतीय नागरिकों पर भी प्रतिबंध

रिपोर्ट के मुताबिक, एसएसपीएल सॉल्यूशंस से जुड़े ध्वनि और निसर्ग वोरा और समुद्र मरीन सर्विसेज से जुड़े केतन कोचीकर, भूपेंद्र सिंह साहू और हरिश्याम हरिहरन चुंडाकट्टिल को उनकी संबंधित फर्मों से संबंधित लेनदेन करने से रोक दिया गया था। अमेरिकी विभाग के मुताबिक, उसने ईरानी मूल के पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों और पेट्रोकेमिकल उत्पादों के व्यापार के संबंध में कुल 10 कंपनियों, 6 व्यक्तियों और 5 जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है। कंपनियों पर ईरान को लाखों डॉलर पहुंचाने का आरोप है।

हत्या के मामले में चार को आजीवन कारावास

महराजगंज। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले की एक अदालत ने संपत्ति विवाद से जुड़े करीब 14 साल पुराने हत्या के मामले में चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 25,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र राव ने बृहस्पतिवार को चौक थाना क्षेत्र के बलुहिया नरसी गांव निवासी राजाराम, कैलाश, मोहित और राम ललित को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई। पुलिस ने बताया कि जुर्माना नहीं भरने पर प्रत्येक दोषी को तीन महीने की अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी।

उकसाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाई रद्द की

ब्रेकअप के बाद कोई आत्महत्या कर ले तो इसे उकसाना नहीं कहा जा सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला की आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही रद्द की। महिला के पार्टनर ने कथित तौर पर उससे शादी करने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि शादी से इनकार करना, भले ही उसके बाद आत्महत्या हो जाए, अपने आप में भारतीय दंड संहिता की धारा 306 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला नहीं बनता।

जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि लोग स्थितियों पर अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया देते हैं और ब्रेकअप के बाद आत्महत्या करने को अपने आप आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। कोर्ट तेलंगाना हाईकोर्ट में आपराधिक पुनरीक्षण याचिका से जुड़ी अपील पर सुनवाई कर रहा था।

क्या है पूरा मामला

यह मामला एक ऐसी महिला से जुड़ा था जो पहले आरोपी के साथ आपसी सहमति से रिश्ते में थी। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि शादी से इनकार करने के बाद महिला ने आत्महत्या कर ली। पांच अन्य आरोपियों पर भी आरोप लगाए गए, जिनमें पहले आरोपी के माता-पिता, बहन, एक दोस्त और उसकी बहन के होने वाले पति शामिल है। कोर्ट ने पाया कि मृतका और पहला आरोपी उसके घर पर करीब तीन महीने तक साथ रहे थे और उनके रिश्ते को उसके परिवार ने स्वीकार कर लिया था। बाद में पहले आरोपी ने मृतका से शादी करने से इनकार किया। हालांकि, कोर्ट को ऐसा कोई सबूत नहीं मिला जिससे पता चले कि आरोपियों ने मृतका को अपनी जान देने के लिए उकसाया।



कोर्ट ने अपने फैसले में ये कहा...

जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा लोग स्थितियों पर अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया देते हैं और अगर ब्रेकअप के बाद कोई आत्महत्या कर ले, तो इसे हमेशा आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं कहा जा सकता। बेंच ने आगे कहा कि शादी से इनकार करने का मकसद महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करना नहीं है और न ही आरोपियों को इस नतीजे की जानकारी होने का आरोप लगाया जा सकता है।

आत्महत्या के लिए उकसाने का सबूत नहीं : कोर्ट

कोर्ट ने आगे कहा शादी से इनकार करने का मकसद महिला को आत्महत्या के लिए मजबूर करना नहीं है और न ही आरोपियों को यह पता होने का आरोप लगाया जा सकता है कि इनकार करने पर वह आत्महत्या कर लेगी। कोर्ट ने कहा "हमें ऐसा कोई सबूत नहीं मिला, जिससे लगे कि आरोपी/अपीलकर्ताओं ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया हो। न तो ऐसा कोई इरादा था और न ही इसे आत्महत्या के लिए उकसाना कहा जा सकता है। नतीजतन, कोर्ट ने माना कि आरोपियों पर लगाए गए आरोपों के आधार पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने मांगी 'सबसे लंबे' हाथी रमन की चिकित्सा रिपोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केरल सरकार को राज्य के सबसे लंबे हाथी बताए जाने वाले रमन को अपने संरक्षण में लेने के आदेश का पालन नहीं करने पर फटकार लगाई और हाथी की चिकित्सा रिपोर्ट मांगी।



न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता एवं न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ को बताया गया कि हाथी अभी देखभाल करने वाले व्यक्ति के संरक्षण में है, क्योंकि वह 'मद' की अवस्था में है और उसे दूसरी जगह नहीं ले जाया जा सकता। हाथी की देखभाल करने वाले व्यक्ति ने शीर्ष अदालत को बताया कि हाथी की देखभाल प्यार और स्नेह से की गई है। इस पर न्यायमूर्ति दत्ता ने टिप्पणी की, /"प्यार, देखभाल और वह भी शीर्ष अदालत के रोक संबंधी आदेशों का उल्लंघन कर पैसा कमाने के लिए। हम अच्छी तरह समझते हैं कि प्यार और स्नेह क्या होता है। हम आपकी बात नहीं सुनने वाले हैं।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 10 अक्टूबर 2026



उद्योगों में बड़ी कटौती

बिजली की कमी से इस समय उद्योगों की बिजली कट की जा रही है। उद्योगपतियों के मुताबिक सितंबर में 23 दिनों तक 7 से 8 घंटों तक बिजली कटौती की गई। अब अक्टूबर में इसको 14 से 15 घंटे कर दिया गया है। रोज शाम को 5 बजे से सुबह 7 बजे तक बिजली बंद की जा रही है। इसके अलावा दिन में भी 4 से 5 घंटों तक बिजली बंद कर दी जाती है। ऐसे में उद्योग चलाने मुश्किल हो रहे हैं। इस समय त्योहार का समय है और इस समय ही स्टील की ज्यादा डिमांड रहती है। ऐसे में उद्योगों को बड़ा घाटा उठाना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों से नहीं मिल रही बिजली इसलिए बड़ा संकट, उद्योगों में 14 घंटे पॉवर कट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार ऐसा बिजली संकट खड़ा हो गया है, जिसकी वजह से उद्योगों में रोज 14 से 15 घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। देश भर में बिजली की डिमांड बढ़ने के कारण दूसरे राज्यों से बिजली मिलने में भी बहुत परेशानी हो रही है। निजी उत्पादकों की बिजली के दाम 30 से 35 रुपए यूनिट हो गए हैं। कुछ राज्य इस कीमत पर भी बिजली खरीद भी रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भी किसी भी कीमत पर बिजली खरीदने की कोशिश ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि सरोकार



देश भर में डिमांड बढ़ी, सरकार किसी भी कीमत पर बिजली खरीदने की कोशिश कर रही

दूसरे राज्यों से नहीं मिल रही बिजली

देश भर में बिजली की डिमांड होने के कारण दूसरे राज्यों से भी बिजली न मिलने के कारण परेशानी हो रही है। कंपनी किसी भी कीमत पर बिजली लेने तैयार है, पर बिजली ही नहीं मिल रही है।

भीम सिंह कंवर, एमडी, वितरण कंपनी

पहली बार इतनी कटौती

पहली बार अक्टूबर में 14 से 15 घंटे की कटौती हो रही है। पॉवर कंपनी के पास कोई योजना भी नहीं है। औद्योगिक क्षेत्र में 12 फीडर हैं, बारी-बारी से 6-6 फीडरों में बिजली कट करने की बात भी नहीं मान रहे हैं।

मनीष धुप्पड़, महासचिव छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट

भारतवंशी नवी को मिला सम्मान, दक्षिण अफ्रीका की जानी-मानी न्यायविद हैं

नस्लभेद के खिलाफ जंग ने दिलाया शांति का नोबल

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

दक्षिण अफ्रीका की जानी-मानी न्यायविद और मानवाधिकार विशेषज्ञ नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। नॉर्वेजियन नोबेल समिति ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। उन्हें शांति और अंतरराष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से नवाजा गया है। भारतीय मूल के तमिल परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई ने रंगभेद के दौर में भेदभाव के खिलाफ आवाज ▶▶|शेष पेज 6 पर

तमिलनाडु से जुड़ी हैं इनकी पारिवारिक विरासत

रंगभेद के खिलाफ लड़ाई से शुरू हुआ सफर

दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के दौर में पली-बढ़ीं पिल्लई ने कानून की पढ़ाई की और 1967 में वकालत शुरू की। वह नटाल प्रांत में अपनी स्वतंत्र कानूनी प्रैक्टिस शुरू करने वाली पहली अश्वेत महिला बनीं। वकालत के दौरान उन्होंने रंगभेद का विरोध करने वाले कार्यकर्ताओं और हिरासत में रखे गए लोगों के अधिकारों की पैरवी की।



भारत से ऐसा है कनेक्शन

नवी पिल्लई के पिता नारायणसामी नायडू और माता संथामा नायडू थे। वे मूल रूप से भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु से ताल्लुक रखते थे। नवी पिल्लई के दादा-दादी को 1890 के दशक में गन्ने के खेतों में मजदूरी करने के लिए भारत से दक्षिण अफ्रीका ले जाया गया था। नवी पिल्लई के पिता नारायणसामी एक बस ड्राइवर के तौर पर काम करते थे और अपने परिवार का पेट पालने के लिए दूसरे काम (जैसे मछली पकड़ना) भी करते थे।

सोने का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹112582/-

22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹137500/-

24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹150094/-

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply

खबर संक्षेप

मतदाता सूची पर रास्ता निकालेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल मतदाता सूची को लेकर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि वह पश्चिम बंगाल में आगामी नगर निकाय चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची में पात्र मतदाताओं के नाम शामिल करने से जुड़ी अपीलों पर विचार करेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- हम इसका कोई रास्ता निकालेंगे। इसके मुकाबले, मतदाता सूची में पहले से शामिल नामों को हटाने की मांग वाली अपीलों को प्राथमिकता बाद में दी जा सकती है, जिन पर आपत्तियां दर्ज की गई हैं। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर पहली सुनवाई 16 नवंबर को होगी।



एसआईआर व सीईसी ज्ञानेश कुमार के विरोध में कॉकरोच सहित विभिन्न छात्र संगठनों का प्रोटेस्ट आज

25 हजार से ज्यादा जवान तैनात, 5 लेयर की बैरिकेडिंग, रास्ते किए गए बंद

ट्रेनें रद्द, मेट्रो बंद, बार्डर सील छावनी में तब्दील हुई दिल्ली

एसआईआर व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) सहित विभिन्न छात्र संगठनों के जंतर-मंतर पर 10 अक्टूबर को प्रस्तावित प्रोटेस्ट के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में लॉकडाउन जैसे हालात हो गए हैं। दिल्ली पुलिस ने इस प्रदर्शन को गैरकानूनी घोषित करते हुए बार्डर सील कर दिए हैं। राजधानी आने वाली 30 से ज्यादा ट्रेनें रद्द हैं, मेट्रो बंद हैं। पूरा शहर किले में तब्दील है, जनपथ मेट्रो स्टेशन से जंतर-मंतर की तरफ जाने वाले रास्तों पर 5 लेयर की बैरिकेडिंग की गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में सियासी पारा चरम पर है। दिल्ली पुलिस द्वारा आंदोलन को मंजूरी देने से इंकार करने के बावजूद सीजेपी ने आंदोलन करने का ऐलान किया है। इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं जिसके तहत 25 हजार सुरक्षा कर्मियों को तैनात करने के साथ-साथ 57 मेट्रो स्टेशन बंद करना, सीमावर्ती स्थलों, बस टर्मिनल, होटलों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर जांच करना शामिल है।

165 में 38 ट्रेनें रद्द : देश के विभिन्न राज्यों से चलकर कल सुबह 4 से दोपहर 2 बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर पहुंचने के लिए निर्धारित 165 में 38 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। ट्रेनों को रद्द करने के फैसले पर सीजेपी और विपक्षी दलों ने सवाल उठाए हैं। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से प्रदर्शन से पहले 57 मेट्रो ▶▶|शेष पेज 6 पर

जंतर-मंतर पर सख्त सुरक्षा, राष्ट्रीय राजधानी में लॉकडाउन जैसे हालात



मक्खी मारने के लिए हथौड़ा न चलाएं : सुप्रीम कोर्ट

प्रदर्शन को लेकर ज्यादा सख्ती पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकार को फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा- आपको कुछ चीजों को रोकना होगा, लेकिन सिर्फ उतनी ही कार्रवाई करें जितनी जरूरी हो। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप मक्खी मारने के लिए हथौड़े का इस्तेमाल करें। पीठ ने मेट्रो ट्रेन की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगाने का आदेश खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि नागरिकों को बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए।

राष्ट्रपति से मिला विपक्ष



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी गठबंधन ने शुक्रवार को लगातार चौथे दिन प्रदर्शन और मार्च निकाला। सबसे पहले पुराने संसद भवन के सेंट्रल हॉल में एक घंटे मीटिंग की। इसके बाद सांसदों ▶▶|शेष पेज 6 पर



सरकार डर रही

इधर, सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने कहा कि इसके बावजूद प्रदर्शन होगा और कार्यकर्ता गिरफ्तारी देने के लिए तैयार हैं। दीपके ने प्रदर्शन से पहले की जा रही व्यवस्थाओं और पाबंदियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार युवाओं के विरोध प्रदर्शन से डर रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब जंतर-मंतर प्रदर्शन के लिए निर्धारित जगह है, तो वहां विरोध करने के लिए अनुमति की जरूरत क्यों है?

कल होनी थी परीक्षा

दिव्यांगों के आरक्षण में गड़बड़ी, शिक्षक भर्ती परीक्षा पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस कृष्णराम महापात्र की डिवीजन बेंच ने भर्ती विज्ञापन में दिव्यांगों के आरक्षण में गड़बड़ी के आरोप पर यह आदेश दिया है। याचिका में याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था नहीं की गई। इससे वे भर्ती में शामिल होने के अवसर से वंचित हो गए। मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

खास खबर

दरअसल, राज्य सरकार ने शिक्षक और सहायक शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था। इसकी शर्तों और दिव्यांगों के लिए आरक्षण के नियमों को चुनौती देते हुए कुछ अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस प्रक्रिया के तहत कुल 2,292 पदों पर भर्ती की जानी है। इन पदों को 2 संवर्गों में बांटा गया है। ई-संवर्ग में 795 पद हैं, जबकि ▶▶|शेष पेज 6 पर

शिक्षक बनने के अवसर समाप्त हुए

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता रूंगटा ने पक्ष रखा। याचिका में सामान्य प्रशासन विभाग और समाज कल्याण विभाग के सर्कुलर का हवाला देते हुए कहा गया भर्ती में दिव्यांगों के लिए पद आरक्षित किए गए हैं, लेकिन पूरी तरह दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को इसका लाभ देने का प्रावधान नहीं है। वहीं, दिव्यांगों की दूसरी श्रेणियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था है। इससे ऐसे अभ्यर्थियों के शिक्षक और सहायक शिक्षक बनने के ▶▶|शेष पेज 6 पर

महादेव सट्टे की एक और बड़ी मछली पर फंदा रायपुर लौटते ही धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने शनिवार को महादेव सट्टा एप के प्रमोटर रवि उप्पल के साथी नितिन मोटवानी उर्फ चीकू को गिरफ्तार कर लिया है। वह पूर्व में विधानसभा रोड स्थित शिमर्स क्लब का संचालन करता था। वर्तमान में क्लब किसी दूसरे को किराए पर दे दिया है। पंडरी पुलिस ने तीन वर्ष पूर्व अगस्त में नितिन को सट्टा ▶▶|शेष पेज 6 पर

- पुलिस ने सड्डू स्थित घर से घेराबंदी कर धर-दबोचा



क्लब का असली मालिक रवि..?

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी पूर्व में जिस क्लब का संचालन कर रहा था। उस क्लब में बेटिंग एप का पैसा निवेश किया गया था। सूत्रों के मुताबिक नितिन नाममात्र का क्लब संचालक था। क्लब का असली ▶▶|शेष पेज 6 पर

पुलिस ने सकुशल छुड़ाया

कनकी में जांच दल को बनाया बंधक, हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

जिले के उरगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कनकी में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम को कुछ ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। प्रशासनिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की खबर मिलते ही पुलिस और जिला ▶▶|शेष पेज 6 पर

पुलिस ने दर्ज किया मामला

सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी ने उग्र ग्रामीणों को समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया और बंधक बनाए गए अधिकारियों तथा जांच टीम को सकुशल उरगा थाने लेकर आए। थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि जांच अधिकारियों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर रही है।



जिम्बाब्वे-इंडिया महिला क्रिकेट...

त्योहारी सीजन में दर्शक का संकट इसलिए टिकट का रेट सिर्फ 250

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार होने वाले महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट सीरीज की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 16 से 20 अक्टूबर तक भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमों के बीच तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। हरमनप्रीत कौर के कप्तानी छोड़ने ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर



- महिला टी-20 मैचों के लिए टिकट दरें जारी, सबसे महंगा टिकट 3,500 का
- 16 से 20 अक्टूबर तक भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमों के बीच खेले जाएंगे तीन टी-20 मैच

250 रुपए में सिंगल टिकट, 499 में तीनों मैचों के सीजन पास

दर्शकों के लिए टिकटों के कई विकल्प उपलब्ध होंगे। लोअर स्टैंड के एक मैच का टिकट 250 रुपए में मिलेगा। वहीं तीनों मैच देखने के इच्छुक दर्शक 499 रुपए में सीजन टिकट खरीद सकेंगे। इसके अलावा कॉम्बो ऑफर के तहत एक मैच की दो टिकट 350 रुपए और चार टिकट 600 रुपए में खरीदे जा सकेंगे। इससे दर्शक कम कीमत में समूह के साथ मैच का आनंद ले सकेंगे।

सरगुजा के बतौली को मिला टीबी मुक्त विकासखंड का दर्जा

देश के 55 जिलों में जोश कार्यक्रम, सरगुजा भी चयनित, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

टीबी के खिलाफ चलाए गए अभियान में सरगुजा ने बड़ी सफलता हासिल की है। सरगुजा के बतौली को टीबी मुक्त विकासखंड का दर्जा मिला है। जिले को यह सम्मान प्रदेश के प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने दिया। भारत सरकार ने भी टीबी के खिलाफ अभियान में शुरू किए गए कार्यक्रम जोश में देश के 55 जिलों में सरगुजा का चयन किया गया है। बता दें कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से सशक्त बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने 8 अक्टूबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय स्तर पर जोश (ज्वाइंट स्क्वाड फॉर हेल्थ) टीम का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में देश के 11 राज्यों के 55 जिलों में प्रारंभ इस पहल के अंतर्गत सरगुजा जिले में भी कलेक्टर अजीत बसंत के मार्गदर्शन में जोश टीम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन की निगरानी हेतु नियुक्त प्रथम श्रेणी अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, सरपंच, पंच, स्वास्थ्य अधिकारी एवं युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर माई भारत के जिला नोडल अधिकारी प्रिंस एवं



विभिन्न विकासखंडों में कार्यरत माई भारत स्वयंसेवकों को टीबी जनजागरूकता हेतु विशेष किट प्रदान की गई। जोश टीम में माई भारत के स्वयंसेवक एवं एनसीसी कैडेट शामिल होकर घर-घर टीबी के लक्षणों की पहचान, निःशुल्क जांच, उपचार, पोषण सहायता एवं शासकीय योजनाओं की जानकारी पहुंचाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जी. एस. सरवता ने बताया कि सरगुजा के सभी विकासखंडों में टीबी की आवश्यक जांच एवं निःशुल्क उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने नागरिकों से टीबी मरीजों के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, उन्हें सहयोग एवं सम्मान देने तथा प्रत्येक पात्र मरीज तक शासन की पोषण सहायता एवं अन्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने की अपील की।

स्वास्थ्य मंत्री ने दिया सम्मान

जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सरगुजा जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि रही कि वर्ष 2025 के लिए बतौली को टीबी मुक्त विकासखंड का सम्मान प्राप्त हुआ। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 8 अक्टूबर को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। यह उपलब्धि कलेक्टर अजीत बसंत के मार्गदर्शन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष सिंह के अथक प्रयासों तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों, मितानिनों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों की सामूहिक सहभागिता का परिणाम है। कार्यक्रम में टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित किया गया तथा वर्ष 2025 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का लक्ष्य प्राप्त करने वाली पंचायतों के सरपंचों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। जिले की कुल 449 ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में पंचायतें टीबी मुक्त होने की उपलब्धि प्राप्त कर चुकी हैं।

परीक्षा आयोजित नहीं करना विभाग की चूक, इसके लिए कर्मचारियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता

हाईकोर्ट का फैसला: वर्षों से रुकी 33 कर्मचारियों को अब मिलेगी वेतनवृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजनांदगांव जिले में हिंदी टंकण कौशल परीक्षा नहीं होने के कारण वर्षों से रुकी 33 कर्मचारियों की वेतनवृद्धि पर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि कर्मचारियों को उनकी नियुक्ति की तारीख और सेवा नियमों के अनुसार वर्ष 2013 से 2023 के बीच देय वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ दिया जाए। कोर्ट ने कहा, जिस अवधि में विभाग ने परीक्षा आयोजित ही नहीं की, उस दौरान परीक्षा पास नहीं करने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। जयप्रकाश भूनेश्वर, कुशल कुमार मंडावी, थानेश कुमार साहू, जैकलीन डेविड, सिमरत कौर गिल समेत राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद और दुर्ग जिले के 33 कर्मचारियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। सभी की नियुक्तियां अलग-अलग समय पर अनुकंपा के आधार पर हुई थी। राज्य सरकार की पॉलिसी के तहत अनुकंपा नियुक्ति पाने वालों के लिए निर्धारित अवधि में हिंदी टंकण कौशल परीक्षा पास करना जरूरी था। कर्मचारियों का कहना था कि राजनांदगांव में वर्ष 2013 से 2023 तक यह परीक्षा आयोजित ही नहीं की गई। ऐसे में वे परीक्षा देना चाहते हुए भी इसमें शामिल नहीं हो सके। परीक्षा पास नहीं होने का हवाला देते हुए राज्य सरकार ने उनकी वार्षिक वेतनवृद्धि रोक दी।



टंकण परीक्षा पास करना नीति की अनिवार्य शर्त

राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के लॉ अफसर ने कहा, हिंदी टंकण परीक्षा पास करना नीति की अनिवार्य शर्त है। बाद में परीक्षा आयोजित भी हो चुकी है, इसलिए कर्मचारियों को निर्धारित शर्त पूरी करनी होगी। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने माना कि हिंदी टंकण परीक्षा पास करने की शर्त नीति में है और आगे की वेतनवृद्धि तथा नियमितीकरण के लिए कर्मचारियों को इसे पूरा करना होगा। हाईकोर्टने यह भी कहा कि लेकिन वर्ष 2013 से 2023 के बीच परीक्षा आयोजित नहीं होने के लिए कर्मचारियों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि वे परीक्षा से जानबूझकर दूर नहीं रहे, बल्कि परीक्षा का आयोजन ही नहीं किया गया।

वेतनवृद्धि रोकना उचित नहीं

याचिका में कहा गया कि विभाग ने वर्ष 2023 में जिला स्तर पर परीक्षा कराने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बाद में इसे रद्द कर लोक शिक्षण संचालनालय के माध्यम से केंद्रीकृत परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया। इसके बाद 22 मार्च 2024 की सूचना जारी हुई और 12 व 19 मई 2024 को परीक्षा कराई गई। याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता बीपी सिंह और रोशन सिंह लांबा ने कहा कि परीक्षा आयोजित नहीं करना पूरी तरह विभाग की चूक थी। इसकी सजा कर्मचारियों को देकर वेतनवृद्धि रोकना उचित नहीं है। अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट के फैसले का भी हवाला दिया। यह भी बताया कि कुछ कर्मचारियों को पीजीडीसीए पूरा करने के बाद वेतनवृद्धि का लाभ दिया गया, जबकि समान स्थिति वाले अन्य कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया।

हाईकोर्ट ने पूछा- ब्लैक स्पाट, हाइवे में शराब दुकान पर क्या कार्रवाई हुई

हाईकोर्ट ने प्रदेश में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट की स्थिति तथा सड़क सुरक्षा के लिए किए गए सुधारात्मक उपायों की समीक्षा की। मुख्य सचिव की ओर से 1 सितंबर 2026 के आदेश के अनुपालन में प्रस्तुत शपथपत्र को रिकॉर्ड पर लिया गया। मामले में न्यायमित्र अपूर्व त्रिपाठी और रविंद्र शर्मा ने सड़क सुरक्षा के उपायों पर चिंता जताते हुए कहा कि पहले भी कई सुझाव दिए गए, लेकिन राज्य सरकार और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से उन पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने कहा कि 1 सितंबर के आदेश में उठाए गए मुद्दों से संबंधित सुधारात्मक उपायों का संकलन उपलब्ध कराया जाए, ताकि अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। कोर्ट ने न्यायमित्रों को यह संकलन अतिरिक्त महाधिवक्ता और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से उपस्थित अधिवक्ता धीरज कुमार वानखेड़े को सौंपने तथा अगली सुनवाई तक की गई कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है। चीफ जस्टिस की डीबी में सुनवाई के दौरान न्यायमित्र ने सुप्रीम कोर्ट के 13 अप्रैल 2026 के आदेश का भी उल्लेख किया,इसमें आदेश को राज्यों के मुख्य सचिवों, केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासकों, पुलिस महानिदेशकों, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों और राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम को अनुपालन के लिए भेजने का निर्देश दिया गया था। सभी चिह्नित ब्लैक स्पॉट की वर्तमान स्थिति और वहां किए गए सुधार, राजमार्गों के किनारे अतिक्रमण, अवैध ढाबों व पार्किंग को हटाने की कार्रवाई, शराब दुकानों की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, संकेतक और चेतावनी बोर्ड शामिल हैं। इसके अलावा डिवाइडर की अवैध कटिंग रोकने, गलत दिशा में वाहन चलाने, तेज रफ्तार और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई, दुर्घटनास्थलों पर वाहनों की गति नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान की जानकारी भी मांगी गई है।

युवा शक्ति की सक्रिय भागीदारी से ही होगा विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण : साय

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप के द्वितीय बैच के प्रतिभागियों से आत्मीय संवाद किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने



युवाओं के सवालों के जवाब दिए और अपने छात्र जीवन, संघर्ष, पारिवारिक जिम्मेदारियों से लेकर जनसेवा और सार्वजनिक जीवन की यात्रा के अनुभव उनके साथ साझा किए। उन्होंने युवा फेलो से कहा कि वे इस अवसर का उपयोग केवल शासन की कार्यप्रणाली को समझने के लिए ही नहीं, बल्कि अपने ज्ञान, कौशल और नवीन विचारों के माध्यम से जनजीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए करें। साय ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्रशक्ति है। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। युवाओं के पास शिक्षा, ऊर्जा, प्रतिभा और नए विचारों की शक्ति है। जब यही शक्ति जनकल्याण और समाज की बेहतरी से जुड़ती है तो बड़े परिवर्तन का आधार बनती है।

प्रदेश में उपलब्ध हैं प्रतिष्ठित संस्थान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। युवा जहां भी अध्ययन करें, वहां से प्राप्त ज्ञान और अनुभव का उपयोग अपने समाज और प्रदेश की उन्नति में करें।अपने छात्र जीवन को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि उस समय ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाएं बहुत सीमित थीं। उन्हें अपने गांव बगिया से लगभग छह किलोमीटर दूर दूसरे गांव के विद्यालय में पांचवीं की बोर्ड परीक्षा देने जाना पड़ा था। स्कूलों के भवन कच्चे होते थे और बच्चों को बैठने के लिए अपने घर से चटाई अथवा जूट का बोरा लेकर जाना पड़ता था। आज छत्तीसगढ़ में आईआईएम, आईआईटी, ट्रिपल आईटी, एम्स और विधि विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थान उपलब्ध हैं।
मुख्यमंत्री साय ने युवाओं के लिए शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल को आवश्यक बताते हुए कहा कि बदलती अर्थव्यवस्था और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप युवाओं को तैयार करना सरकार की प्राथमिकता है। सीएम के सचिव राहुल भगत ने मुख्यमंत्री सुशासन फेलोशिप की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि द्वितीय बैच में चयनित 36 युवा इंजीनियरिंग, विज्ञान, प्रबंधन, गणित, वाणिज्य और अर्थशास्त्र जैसे विविध विषयों की पृष्ठभूमि से आए हैं।

बोधघाट परियोजना का विरोध करने नवम्बर में आ सकते हैं राहुल गांधी

महंत बोले- बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने उठाएंगे आवाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बाढ़ पीड़ितों को मुआवजा दिलाने और बोधघाट परियोजना के विरोध को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बस्तर लाने की तैयारी की जा रही है। संभव हुआ तो नवंबर में राहुल गांधी बस्तर आएंगे। यह बात छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पत्रकारवार्ता के दौरान कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि बस्तर प्रवास के दौरान बोधघाट परियोजना का विरोध उनकी प्राथमिकता होगी। महंत ने दावा किया कि परियोजना से हजारों एकड़ जमीन, बड़ी संख्या में पेड़ और हजारों मकान डूब क्षेत्र में आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर के लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना का विरोध किया जाएगा। महंत ने बोधघाट परियोजना के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने इस परियोजना के लिए भूमिपूजन किया था। उन्होंने बताया कि आदिवासी नेता अरविंद नेताम ने उस समय परियोजना का विरोध करते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से शिकायत की थी, जिसके बाद परियोजना रोक दी गई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने परियोजना को दोबारा शुरू करने का प्रयास किया था। उस दौरान भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने इसका विरोध किया था।

ट्रेलर से टकराई बाइक में सवार दो युवकों की मौत

सीतापुर। लुण्ड्रा थाना अंतर्गत रघुनाथपुर ऊंचडीह टकरी पानी निवासी अशोक कुमार नागेश आ. सुमर नागेश (34 वर्ष) गुरुवार को चचेरा भाई संतोष नागेश के साथ बाइक से फाल्स सीलिंग का काम करने सीतापुर गए थे। काम करने के पश्चात दोनों शाम को बाइक से वापस सीतापुर की ओर से घर लौट रहे थे। जैसे ही एनएच 43 बिशनपुर चौक के समीप पहुंचे तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर वाहन क्रमांक टीएन 88 बी 4718 के पीछे जा घुसे। सीतापुर अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच उपरांत संतोष नागेश को मृत घोषित कर दिया। अशोक ने आज सुबह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दम तोड़ दिया।

असली केंदवा मलहम
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारो ओर सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सुविधा : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

बच्चों की आंख में मिर्ची डाली और गर्म प्रेस से जलाया, बेरहम मां गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

नाबालिग बच्चों से मारपीट और प्रताड़ना का आरोप पर महिला गिरफ्तार की गई। आंख में मिर्ची डालने और गर्म प्रेस से जलाने की शिकायत पर बालोद पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। पीड़ित बालक और बालिका की ओर से बाल कल्याण समिति में शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस ने मामले की जांच की। आरोप था कि महिला छोटी-छोटी बातों को लेकर अपने बच्चों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करती थी, साथ ही बालक की आंख में मिर्ची डालने



तथा पढ़ाई को लेकर गर्म प्रेस से उसकी कोहनी जलाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत के मुताबिक, बच्चों और उनके पिता को घर से निकालने की धमकी भी दी जाती थी। पुलिस ने मामले में आरोपिया वार्ड क्रमांक 01, पाररास, बालोद निवासी शबाना बानो पति अब्दुल ताहिर ताज 39 वर्ष को 8 अक्टूबर को सुबह 10.45 बजे विधिवत गिरफ्तार किया है।

रायपुर
शनिवार 10 अक्टूबर 2026
आश्विन कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 25, अंक : 81
पृष्ठ : 14+4+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 35.4
न्यून. 24.5

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

छह कृषि स्थलों की मिट्टी में 14 तत्वों की जांच

हाईवे के किनारे खेतों की मिट्टी में भारी धातुओं का प्रदूषण, नमूनों की जांच में सामने आया सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

4.8% नमूना-स्थल अत्यधिक और 54% मध्यम प्रदूषण की श्रेणी में

रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित नेशनल हाईवे-130 के किनारे प्रदूषण का हाल ये है कि वहां मौजूद खेतों की मिट्टी में अत्यंत हानिकारक भारी धातुओं का प्रदूषण फैल गया है। यह तथ्य गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ और गुजरात के विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं के अध्ययन से सामने आया है। साइंटिफिक रिपोर्ट्स में प्रकाशित इस अध्ययन में छह बड़े कृषि प्लॉटों से मिट्टी के नमूने लेकर 14 तत्वों की जांच की गई। अलग-अलग प्रदूषण सूचकांकों के आकलन में 4.8 प्रतिशत मिट्टी स्थल अत्यधिक प्रदूषित और 54 प्रतिशत मध्यम प्रदूषित पाए गए।

हरिभूमि सरोकार

14 तत्वों की हुई जांच

शोधकर्ताओं ने मिट्टी में बोरॉन, एल्युमिनियम, वैनेडियम, क्रोमियम, मैंगनीज, आयरन, कोबाल्ट, निकेल, कॉपर, जिंक, आर्सेनिक, मोलिब्डेनम, कैडमियम और सीसे की मात्रा का परीक्षण किया। इनमें सीसा, जिंक और निकेल को लेकर कुछ स्थानों पर प्रदूषण का स्तर खास तौर पर महत्वपूर्ण पाया गया। अध्ययन में साइट-1 पर सीसा और जिंक का संदूषण कारक बहुत अधिक था। शोधकर्ताओं के अनुसार इस साइट का प्रदूषण भार सूचकांक भी सबसे अधिक था और इसे मिट्टी के प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित स्थलों में रखा गया।



इस दल ने किया ये शोध

इसके प्रमुख शोधकर्ता गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग से जुड़े हैं। शोध टीम में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, शासकीय बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज बिलासपुर, शासकीय नवीन कॉलेज जशपुर, शासकीय संत रामेश्वर गहिरा गुरुजी महाविद्यालय जशपुर, पं. लालबहादुर शास्त्री कॉलेज रायगढ़ और फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी अहमदाबाद के शोधकर्ता शामिल हैं।

एनएच-130 के पास लिए गए नमूने

शोध के लिए बिलासपुर शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास स्थित छह बड़े कृषि प्लॉट चुने गए थे। इनमें साइट 1 बिल्हा क्षेत्र के झालफा गांव में बिलासपुर-रायपुर हाईवे (एनएच130) के पास स्थित ग्रामीण कृषि भूमि थी, यानी अध्ययन में रायपुर-बिलासपुर मार्ग से लगी कृषि भूमि का नमूना भी शामिल था। हालांकि यह अध्ययन पूरे एनएच-130 या पूरे बिलासपुर जिले की कृषि भूमि का सर्वेक्षण नहीं था। इसलिए इसके आंकड़ों को पूरे हाईवे या जिले की सभी खेतिहर जमीन की स्थिति नहीं माना जा सकता।

एक स्थल पर सीसा निकेल और क्रोमियम अनुमेय सीमा से ऊपर

शोध के अनुसार सीसा, निकेल और क्रोमियम की मात्रा की अनुमेय सीमा से अधिक पाई गई। हालांकि इन तीनों तत्वों की सभी छह साइटों की औसत सांद्रता अनुमेय सीमा के भीतर रही। मिट्टी में विभिन्न तत्वों की दर्ज सांद्रता भी काफी अलग रही। उदाहरण के लिए सीसा की मात्रा 11.5 से 181 एमजी/केजी, निकेल की 28.8 से 82.9 एमजी/केजीऔर क्रोमियम की 46.4 से 123 एमजी/केजी, के बीच रही।

प्रदूषण आया कहां से?

शोधकर्ताओं ने सांख्यिकीय विश्लेषण, जैसी तकनीकों का इस्तेमाल कर संभावित स्रोतों का आकलन किया। अध्ययन में प्राकृतिक भूगर्भीय स्रोतों के साथ मानव गतिविधियों से जुड़े मिश्रित स्रोत पाए गए। शोध के अनुसार वाहनों से होने वाला प्रदूषण और कृषि गतिविधियां स्वास्थ्य जोखिम में प्रमुख योगदान देने वाले स्रोतों के रूप में सामने आए। इसका अर्थ यह नहीं है कि मिट्टी में मौजूद सभी भारी धातुएं केवल हाईवे के वाहनों से आई हैं। शोध में प्राकृतिक और मानव जनित दोनों स्रोतों की भूमिका बताई गई है।

किसान अड़े

36 घंटे से कवर्धा पहुंचने वाले रास्ते बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ के बैनर तले 8 अक्टूबर से शुरू हुआ किसानों का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े हुए हैं। आंदोलनकारियों द्वारा किए जा रहे ⏭शेष पेज 6 पर

- स्कूलों में पढ़ाई और सरकारी कामकाज प्रभावित
- जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर

जल्द समाधान की उम्मीद

आंदोलन से आम लोगों को असुविधा न हो इसके लिए मैं भारतीय किसान संघ के नेताओं और किसानो से आग्रह करता हूं, आंदोलन करना ठीक है लेकिन आंदोलन से किसी को परेशानी न हो इसका ख्याल रखना चाहिए। किसानो की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा टीम से चर्चा की जा रही है जल्द ही समाधान निकलने की उम्मीद है।

-विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

दीप जलाने के साथ की आतिशबाजी

कोर्ट ने कहा- आरोपी सभ्य समाज में भेजने लायक नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की हत्या व दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी कुलदीप साहू समेत तीन आरोपियों को फांसी और चौथे आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद सरगुजा के लोगों के साथ पुलिस परिवार में भी हर्ष का माहौल है। कोर्ट के फैसले का विभिन्न वर्गों ने स्वागत किया। गुरुवार देर रात सूरजपुर जिले में पुलिस परिवार के सदस्यों और आम नागरिकों ने ⏭शेष पेज 6 पर

परिजनों ने कहा- फैसले से संतुष्ट

कोर्ट का फैसला आते ही प्रधान आरक्षक तालिब शेख और उनके परिजन भावुक हो गए। प्रधान आरक्षक के भाई ने कहा कि वे कोर्ट के फैसले से संतुष्ट हैं और उन्हें इसी तरह के निर्णय की उम्मीद थी। घटना के बाद उनका छोटा भाई पूरी तरह टूट गया था। परिवार के सदस्यों ने उसे संभाला। पुलिस परिवार की महिलाओं ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पति भी दिन-रात ड्यूटी पर रहते हैं।

क्रेट के पीछे छिपाया मिला 2 करोड़ 80 लाख का गांजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नशीले पदार्थों के खिलाफ धरपकड़ की कड़ी में एक बार फिर जिला पुलिस ने तकरीबन पौने 3 करोड़ का गांजा पकड़ा है। ओडिशा से यह गांजा छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। एनटीएफ और जिले की सिंघोड़ा थाना टीम ने रेहटीखोल नाके में चेकिंग के दौरान एक वाहन से 5 क्विंटल से अधिक गांजा जब्त किया और इस मामले में दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। ⏭शेष पेज 6 पर

ओडिशा से ले जा रहे थे महाराष्ट्र

पूछताछ करने पर वे गोलमोल जबाव देने लगे, कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त माजदा वाहन की ट्रॉली में कैरेट के नीचे बोरियों में गांजा होना बताया, जिसे वे जिला बरमपुर (ओडिशा) से लोड कर जिला जलगांव (महाराष्ट्र) ले जा रहे थे। वाहन की तलाशी लेने पर कैरेट के नीचे 16 बोरियों में कुल 560 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 2 करोड़ 80 लाख रुपए, घटना में प्रयुक्त आयशर ⏭शेष पेज 6 पर

बहादुरी को सम्मान

कैप्टन स्मित को इजरायल देगा वीरता पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

30 सितंबर 2026 को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट को हाईजैक होने से बचाने वाले कैप्टन स्मित मछार को इजरायल सम्मानित करेगा। इजरायली राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने गुरुवार को इस घटना से जुड़े नायकों को सम्मानित किया। उन्होंने येरुशलम में छह इजरायली नागरिकों को भी राष्ट्रपति नागरिक वीरता पदक प्रदान किया। इन लोगों ने हमलावर को रोकने में अहम भूमिका निभाई थी।



अचानक हुआ था हमला

हर्जोग ने कहा कि मछार की साहस, बहादुरी और पेशेवर रवैये ने इस बड़ी आपदा को टाल दिया। मछार के स्वस्थ होने के बाद उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। हर्जोग ने मछार के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। विमान में 174 यात्री सवार थे, जिनमें ज्यादातर इजरायली नागरिक शामिल थे। उड़ान के दौरान कॉकपिट में अचानक हमला हुआ।



चिंतन

जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन

लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इसकी रक्षा के नाम पर आम जनता की जिंदगी को मुश्किलों में डाल देना किसी भी सूरत में उचित नहीं ठहराया जा सकता। दिल्ली में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के जंतर-मंतर पर प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले स्कूलों की कक्षाएं ऑनलाइन करने, परीक्षाएं स्थगित करने, मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने तथा रेलगाड़ियों को रद्द करने जैसी तैयारियों ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका के चलते लाखों नागरिकों को होने वाली परेशानी का जिम्मेदार कौन है? प्रदर्शन करने वालों को भी देखना चाहिए कि उनके प्रदर्शन से आम जनजीवन प्रभावित नहीं हो। एसआईआर में कथित अनियमितताओं को लेकर सीजेपी ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे से जुड़ी है। उनकी मांगों से सहमति या असहमति अलग विषय है, लेकिन शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को नकारा नहीं जा सकता। इसी तरह प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि वह कानून-व्यवस्था बनाए रखे और किसी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से ले। समस्या तब पैदा होती है, जब उसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़े, जिनका प्रदर्शन से कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में स्कूलों ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर कक्षाएं ऑनलाइन करने और गतिविधियां स्थगित करने का फैसला लिया। कॉलेजों की परीक्षाएं आगे बढ़ा दी गईं। रेल सेवाओं पर भी असर पड़ा। उत्तर रेलवे के अनुसार, 10 अक्टूबर को सुबह चार बजे से दोपहर दो बजे के बीच नई दिल्ली और हजरत निजामुद्दीन पहुंचने वाली 38 ट्रेन रद्द की गईं। दिल्ली मेट्रो के 57 स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार बंद करने का अनुरोध भी किया गया। इन फैसलों का सीधा असर विद्यार्थियों, अभिभावकों, नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और दिल्ली आने वाले यात्रियों पर पड़ना स्वाभाविक है। कई लोगों की यात्रा जरूरी हो सकती है, तो विद्यार्थियों की परीक्षाओं और पढ़ाई का अपना महत्व है। उनकी परेशानियों को केवल सुरक्षा व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी ने इसी चिंता को रेखांकित किया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी चीज को रोकने के लिए उतनी ही कार्रवाई होनी चाहिए, जितनी आवश्यक हो।अदालत की यह टिप्पणी प्रशासन के लिए स्पष्ट संदेश है कि सुरक्षा और नागरिक स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। यदि किसी इलाके में प्रदर्शन से यातायात प्रभावित होने की आशंका है, तो वहां अतिरिक्त पुलिस बल, यातायात का वैकल्पिक मार्ग, सीमित क्षेत्र में प्रतिबंध और प्रदर्शनकारियों के लिए निर्धारित व्यवस्था जैसे उपायों पर विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर सवाल सिर्फ एक प्रदर्शन या एक दिन की असुविधा का नहीं, बल्कि शासन की कार्यशैली का है। प्रदर्शनकारी अपने अधिकारों का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें और प्रशासन सुरक्षा के नाम पर नागरिकों के अधिकारों का अनावश्यक संकुचन न करे। यदि कुछ लोगों के प्रदर्शन की आशंका से विद्यार्थियों की पढ़ाई, यात्रियों की आवाजाही और शहर की सामान्य गतिविधियां बाधित होती हैं, तो प्रशासन को जवाब देना होगा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक इंतजाम क्यों पर्याप्त नहीं थे। जनता को परेशानी का जिम्मेदार कौन है? यह सवाल प्रदर्शनकारियों और प्रशासन, दोनों से पूछा जाना चाहिए।



उपलब्धि

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

‘न्याय की देवी’ को शांति का नोबेल

नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंचे। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

भारत के लिए भी इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्कार प्रसन्नता की बात है। नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलना एक ऐसी उपलब्धि है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के इतिहास, भारतीय तमिल प्रवासी विरासत, महिलाओं के अधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय की आकांक्षा के अनेक सूत्र सब एक साथ पिरोये हैं। उनके जीवन की यात्रा डरबन से आरंभ होकर दक्षिण अफ्रीका की न्यायपालिका, रवांडा के अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण, अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार नेतृत्व तक पहुंची। जब कानून निर्बलों की ढाल बनता है, जब न्याय सत्ता के भय से मुक्त होकर बोलता है और जब मानव-मर्यादा की रक्षा के लिए कोई व्यक्ति अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है, तब शांति केवल एक सुंदर कल्पना नहीं रहती, बल्कि मानव सभ्यता का जीवंत संकल्प बन जाती है।

नवनेथेम नवी पिल्लई को वर्ष 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा इसी संकल्प का वैश्विक उद्घोष है। नवी पिल्लई की यह उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने शांति की परिभाषा को युद्धविराम, कूटनीतिक समझौतों और राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण घोषणाओं तक सीमित नहीं रहने दिया। उन्होंने जीवन और कार्य से यह संदेश दिया कि वास्तविक शांति वहीं जन्म लेती है, जहां अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने वाले व्यक्ति को संरक्षण मिलता है, जहां पीड़ित को न्याय की आशा दिखाई देती है। यदि नवी पिल्लई के जीवन को देखें तो यह पता चलता है कि 23 सितंबर 1941 को दक्षिण अफ्रीका के डरबन में भारतीय तमिल मूल के परिवार में जन्मीं नवी पिल्लई का जीवन उस सामाजिक परिवेश में विकसित हुआ। वहां रंगभेद की नीतियां मनुष्य की गरिमा, स्वतंत्रता और समानता को चुनौती देती थीं। उनका परिवार भारतीय मूल की उस प्रवासी विरासत से जुड़ा था, जिसने दक्षिण अफ्रीका की सामाजिक संरचना में अनेक कठिनाइयों के बीच अपना स्थान बनाया। बचपन से ही असमानता और नस्लीय भेदभाव की वास्तविकताओं से परिचित होने के कारण उनके जीवन में न्याय का प्रश्न महज अकादमिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक अनुभव का हिस्सा बन गया था। उन्होंने कानून को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और उसे अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। वर्ष 1967 में उन्होंने डरबन में अपना स्वतंत्र कानूनी कार्यालय स्थापित किया। रंगभेद के दौर में राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने वालों का पक्ष लेना साहस की मांग करता था। नवी पिल्लई ने इस चुनौती को स्वीकार किया और उन लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए खड़ी हुईं, जिनकी आवाज तत्कालीन व्यवस्था में अक्सर दबा दी जाती थी। संघर्ष की धरती से अंतरराष्ट्रीय सम्मान के शिखर तक उन्होंने उन्हीं दबे लोगों की आवाज बनकर कार्य किया। दक्षिण अफ्रीका के उच्च न्यायालय में नियुक्त होने वाली पहली अश्वेत महिला न्यायाधीश के रूप में उन्हें कार्य करने का अवसर मिला। नवी पिल्लई को यह सम्मान प्रदान करने का निर्णय इस विचार को रेखांकित करता है कि अंतरराष्ट्रीय कानून को मजबूत करना भी शांति स्थापना का एक अनिवार्य माध्यम है। सच में देखा जाए तो नवी पिल्लई का कार्य इसी अधूरेपन को दूर करने की दिशा में केंद्रित रहा है।



उनका विश्वास उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में रहा, जिसमें अपराध चाहे किसी व्यक्ति ने किया हो या किसी प्रभावशाली सत्ता के प्रतिनिधि ने, उसके लिए जवाबदेही सुनिश्चित हो। उनके लिए कानून केवल व्यवस्था बनाए रखने का साधन नहीं, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने, भविष्य की हिंसा रोकने और मानवता के नैतिक विवेक को जीवित रखने का माध्यम रही है। इस दृष्टि से भी उनको नोबेल सम्मान सार्थक सोच का द्योतक है। निःसंदेह नोबेल समिति ने भी इस बात पर भी बल दिया है कि युद्ध अपराधों, मानवता के विरुद्ध अपराधों और नरसंहार के मामलों में अभियोजन की प्रभावी व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए आवश्यक है। जैसा कि सभी जानते हैं कि वर्ष 2008 से 2014 तक संयुक्त राष्ट्र की मानवाधिकार उच्चायुक्त के रूप में नवी पिल्लई ने वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए कार्य किया है। इस पद पर उनकी भूमिका ने उन्हें दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्वतंत्रता, समानता, भेदभाव, हिंसा और नागरिक गरिमा से जुड़े प्रश्नों पर काम करने का अवसर दिया। मानवाधिकार उच्चायुक्त का दायित्व केवल उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करना नहीं था अपितु संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने, सरकारों को अंतरराष्ट्रीय दायित्वों की याद दिलाने और पीड़ितों के अधिकारों को वैश्विक विमर्श के केंद्र में बनाए रखने की भी पहल शामिल रही हैं। पिल्लई के नेतृत्व में मानवाधिकारों का प्रश्न इस व्यापक विचार से जुड़ा रहा कि किसी व्यक्ति की गरिमा उसकी राष्ट्रीयता, नस्ल, लिंग, धर्म अथवा सामाजिक स्थिति पर निर्भर नहीं हो सकती। मानवाधिकार किसी सरकार की कृपा से प्राप्त उपहार नहीं, बल्कि प्रत्येक मनुष्य की अंतर्निहित गरिमा से जुड़े अधिकार हैं। उनकी इस भूमिका का मूल्यांकन करते समय यह समझना आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का कार्य अनेक बार जटिल राजनीतिक परिस्थितियों में होता है। विभिन्न सरकारों और पक्षों के बीच मतभेद, आरोप-प्रत्यारोप तथा राष्ट्रीय हितों के टकराव के बावजूद मानवाधिकार संबंधी मानकों को प्रासंगिक बनाए रखना आसान नहीं होता। नोबेल शांति पुरस्कार के संदर्भ में उनके इस योगदान का विशेष महत्त्व है, और कमेटी ने इसे समझा यह बहुत अच्छी बात है। महात्मा गांधी के आदर्श और नवी पिल्लई की न्याय-दृष्टि पर आज पूरे विश्व में विवेचनाएँ हो रही हैं। कहते हैं महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस के माध्यम से अन्याय का प्रतिरोध करने का मार्ग दिखाया था। उनका जीवन इस विचार का प्रतीक बना कि किसी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने के लिए हिंसा का सहारा लेना अनिवार्य नहीं है। सत्याग्रह की शक्ति इस विश्वास में निहित थी कि सत्य और न्याय के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा होना सामाजिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। पिल्लई ने कानून, न्यायिक संस्थाओं और अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही को मानवाधिकारों की रक्षा के महत्त्वपूर्ण साधन के रूप में अपनाया। शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था की स्थापना भी है जिसमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अवसर हो, पीड़ितों को न्याय मिल सके और प्रत्येक मनुष्य को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार प्राप्त हो, नवी का यह स्वप्न रहा। नोबेल शांति पुरस्कार का यह सम्मान अंततः एक व्यक्ति के अभिनंदन से आगे बढ़कर समूचे विश्व के लिए एक नैतिक संदेश है।

जहां न्याय जीवित रहता है, वहीं शांति की संभावना जीवित रहती है, जहां मानव-मर्यादा सुरक्षित रहती है, वहीं सभ्यता का भविष्य उज्ज्वल होता है। मानें तो नवी पिल्लई के जीवन और उनके नोबेल सम्मान का आज यही सबसे सार्थक संदेश है। निःसंदेह यह दक्षिण अफ्रीका एवं भारत दोनों के लिए गर्व का क्षण है।

(लेखक सीयूपी में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन

गौरव द्विवेदी



नारे जो राजनीति की जुबान बन गए

एक चाय, दो समोसा' से 'गरीबी हटाओ' और 'अबकी बार' तक, भारतीय राजनीति में कई बार लंबी-चौड़ी तकरीरों पर चार तुकबंदी वाले शब्द भारी पड़े हैं। हाल के जेन जी प्रदर्शनों में एक नारा सोशल मीडिया पर खूब सुनाई दिया-'एक चाय, दो समोसा, मर्दों का क्या भरोसा।' इसके अलग-अलग रूप भी वायरल हुए। नारे में तुक है, शरारत है, विरोध है और सोशल मीडिया के लिए जरूरी 'मीम वैल्यू' भी। पर नारे की यह राजनीति नई नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि कभी नारे दीवारों पर लिखे जाते थे, जुलूसों में गूंजते थे, अब रील और हैशटैग बनकर वायरल होते हैं। भारतीय राजनीति में हमेशा से एक अच्छा नारा कई पन्नों के घोषणापत्र पर भारी पड़ता रहा है। नारा दरअसल राजनीति की कविता है-छोटी, तीखी और याद रह जाने वाली। लालबहादुर शास्त्री का 'जय जवान, जय किसान' इसका शायद सबसे शानदार उदाहरण है। चार शब्दों में सैनिक, किसान और राष्ट्र तीनों आ गए। इंदिरा गांधी का 'गरीबी हटाओ' आया तो दो शब्दों में पूरी चुनावी लड़ाई की कथा खड़ी हो गई। आपातकाल के बाद विरोधियों ने नारों को हथियार बनाया और 1989 में वी.पी. सिंह के लिए 'राजा नहीं फकीर है, भारत की तकदीर है - जैसी पंक्तियां राजनीतिक माहौल का हिस्सा बनीं। उसी 1989 के चुनाव का एक दिलचस्प किस्सा राजस्थान के सीकर का है। कांग्रेस के दिग्गज और तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के सामने चौधरी देवीलाल मैदान में थे। देवीलाल के समर्थन में नारा चला-'ताऊ पूरा तोलेगा, लाल किले से बोलेगा।' देवीलाल ने जाखड़ को 46,756 वोटों से हरा दिया। जाखड़ जैसे कद्दावर नेता की हार में एक और नारे ने आग में घी का काम किया -एक जलेबी दो समोसा, जाखड़ तेरा क्या भरोसा!!! यह कहना ठीक नहीं होगा कि जाखड़ केवल एक नारे से चुनाव हार गए। चुनाव इतने सरल नहीं होते। लेकिन उस एक लाइन ने देवीलाल की पूरी छवि बना दी-देसी, ताकतवर और दिल्ली को चुनौती देता 'ताऊ'। अच्छा चुनावी नारा यही करता है। वह उम्मीदवार का पूरा परिचय चार शब्दों में करा देता है। अमेठी का अपना 'स्लोगन राइटर' इस कला के दिलचस्प किरदार थे, अमेठी के अवधी कवि-पत्रकार और कांग्रेस नेता जगदीश पीयूष। राजीव गांधी और गांधी परिवार के करीबी रहे पीयूष ने 1984 में ही नारे दिए थे-'अमेठी का डंका, बिटिया प्रियंका' और 'अमेठी का बिगुल, बेटवा राहुल।' आज राजनीतिक पार्टियां करोड़ों रुपये खर्च करके विज्ञापन एजेंसियों, डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों और डेटा विशेषज्ञों से पंचलाइन बनवाती हैं। उस दौर में जगदीश पीयूष जैसे स्थानीय कवि और कार्यकर्ता यह काम कर देते थे। समाजवादी राजनीति में मुलायम सिंह यादव के साथ 'जिसका जलवा कायम है, उसका नाम मुलायम है' जैसी तुकबंदी जुड़ी। सपा के अलग-अलग चुनावों में 'यूपी में है दम..'से लेकर अखिलेश यादव को केंद्र में रखने वाले कई नारे आए। बसपा की यात्रा तो नारों के जरिए उसकी बदलती राजनीति भी समझा देती है। दलित अस्मिता की आक्रामक भाषा से आगे बढ़कर जब मायावती ने 2007 में सोशल इंजीनियरिंग की तरफ कदम बढ़ाया तो नारा भी बदल गया-'ब्राह्मण शंख बजाएगा, हाथी बढ़ता जाएगा' और 'हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है।' यानी कई बार नारा पार्टी की राजनीति बदलने के बाद नहीं बदलता, वह खुद उस बदलाव की घोषणा बन जाता है। बीजेपी ने आधुनिक चुनाव में इस कला को बाकायदा ब्रांडिंग में बदल दिया। अटल बिहारी वाजपेयी के लिए 'अबकी बारी, अटल बिहारी' की सहज तुक से लेकर 2014 के 'अबकी बार, मोदी सरकार' और बाद के 'मोदी है तो मुमकिन है' तक नारा चुनावी मार्केटिंग का केंद्रीय हिस्सा बन गया। कांग्रेस के 'गरीबी हटाओ' से लेकर 'कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ', बीजेपी के 'अबकी बार', बसपा के 'हाथी' तक एक बात समान है-भारत में राजनीति केवल पढ़ी नहीं जाती, बोली और सुनी भी जाती है। कई बार नारे फिसड्डी भी साबित होते है जैसे चौकीदार चोर है के कांग्रेसी चुनावी स्लोगन को जनता जनार्दन ने बुरी तरह नकार दिया। इसीलिए जेन जी भी नारे से दूर नहीं गई। उसने बस दीवार की जगह इंस्टाग्राम और जुलूस के साथ रील जोड़ दी है। 'एक चाय, दो समोसा..'. उसी पुराने भारतीय राजनीतिक व्याकरण का नया डिजिटल संस्करण है। घोषणापत्र चुनाव के बाद फाइलों में चले जाते हैं। भाषण भी भुला दिए जाते हैं। मगर दशकों बाद भी 'जय जवान, जय किसान', 'गरीबी हटाओ', 'राजा नहीं फकीर है' या 'अबकी बार..'. याद रह जाते हैं,क्योंकि राजनीति में भाषण बताता है कि नेता क्या कहना चाहता है, लेकिन नारा बताता है कि उसकी राजनीति जनता की जुबान पर किस तरह चढ़ी।

(लेखक पब्लिक पॉलिसी एवं फिल्म पॉलिसी के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित

दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित

प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है।

आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

अंतर्मन



आज की पाती

चला गया पर्दे का दबंग और जिंदगी का फकीर

नाना पाटेकर का 8 अक्टूबर 2026 को 75 वर्ष की आयु में गोवा स्थित आवास पर कार्डियक अरेस्ट के बाद निधन हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने के लिए सीपीआर की कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। भारतीय सिनेमा ने 8 अक्टूबर को एक ऐसे कलाकार को खो दिया जिसकी पहचान केवल अभिनेता के रूप में नहीं, बल्कि अपने दमदार व्यक्तित्व, बेबाक आवाज और सादगी भरे जीवन के कारण भी थी। नाना पाटेकर का जाना हिंदी और मराठी सिनेमा के उस दौर का अवसान है जिसमें अभिनेता केवल चेहरे से नहीं, अपने अभिनय की ताकत से पहचाना जाता था। 1978 में फिल्म 'गमन' से बड़े पर्दे पर कदम रखने वाले नाना ने लगभग पांच दशक के करियर में अलग-अलग रंगों के किरदार निभाए। उन्हें कई पुरस्कार भी मिले। - सुभाष जोशी, बिलासपुर

ट्रेंड

बीजेपी की जीत



चार उपचुनावों में बीजेपी की ज़बरदस्त जीत! लोकतंत्र में शोर-शराबा तो कुछ समय के लिए ही गूंजता है, लेकिन जनता के फैसले की गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है। जनता का फैसला ही सबसे बड़ा जवाब है।
- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषिमंत्री

टाटा की विरासत



रतन टाटा का जीवन नेतृत्व, असाधारण उद्यमशीलता और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से परिभाषित था। उन्होंने दिखाया कि सफलता का असली पैमाना उन लोगों के जीवन पर डाला गया प्रभाव और पीछे छोड़े गए मूल्य हैं। उनकी विरासत भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
- धर्मेंद्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

अर्थव्यवस्था का कंट्रोल



मोदी जी की आर्थिक नीति का मकसद अर्थव्यवस्था का कंट्रोल अपने पसंदीदा करीबी पूंजीपतियों को सौंपना है, ताकि बदले में बीजेपी मुनाफे में अपना हिस्सा बनाए रख सके। उन्होंने आर्थिक उदारीकरण की नींव को बर्बाद कर दिया है।
- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

नवी पिल्लई को बधाई



जस्टिस नवी पिल्लई को 2026 का नोबेल शांति पुरस्कार मिलने पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई। मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय न्याय के प्रति उनका जीवन भर का समर्पण उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।
- कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता

करंट अफेयर

कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक तय करेंगे: कार्नी



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने क्यूबेक, अल्बर्टा और सस्केचेवान को देश से अलग होने की एलन मस्क की अपील को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा का भविष्य वहां के नागरिक ही तय करेंगे। मस्क की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने कहा, ''कनाडा का भविष्य यहां के नागरिक, उनकी प्राथमिकताएं और क्यूबेक के लोगों की आकांक्षाएं तय करेंगी।'' कार्नी ने कहा कि कनाडा के नागरिकों को अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने की पूरी स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हमें विदेशी सरकारों या बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। उन्हें यह गलतफहमी नहीं पालनी चाहिए कि वे तय कर सकती हैं कि हमें क्या करना चाहिए।'' मस्क ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर क्यूबेक के भावी प्रीमियर पॉल सेंट-पियरे प्लामोंडोन से संबंधित एक पोस्ट पर टिप्पणी करके कनाडा में अलगाववाद की बहस को हवा दे दी थी। अलगाववादी विचारधारा वाली प्लामोंडोन की पार्टी 'पार्टी क्यूबेकॉस' ने सोमवार को प्रांतीय चुनाव में जीत हासिल की थी। हालांकि, पार्टी क्यूबेकॉस (पीक्यू) की जीत को क्यूबेक की स्वतंत्रता के पक्ष में जनादेश नहीं माना जा सकता। पार्टी को लगभग 28 प्रतिशत मत मिले और वह क्यूबेक के सदन में बहुमत हासिल करने से पीछे रह गई।

ऑफ बीट

आखिर पानी गीला क्यों होता है?



बारिश के मौसम में जब आप बिना छतरी के भीग जाते हैं, तो 'गीलापन' महसूस होता है। लेकिन सवाल यह है कि पानी आखिर गीला क्यों होता है? वायुमंडलीय वैज्ञानिकों के अनुसार, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के अणुओं से बने पानी की यह विशेषता वास्तव में उसके अणुओं के आपसी व्यवहार और आसपास की चीजों के साथ उनकी प्रतिक्रिया पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि पानी के अणु एक-दूसरे और अन्य पदार्थों से बहुत तेजी से आकर्षित होते हैं। इस गुण को 'आसंजन' (एडहेज़न) कहा जाता है। पानी के अणु ध्रुवीय होते हैं, यानी उनके एक छोर पर हल्का धनात्मक और दूसरे छोर पर हल्का ऋणात्मक आवेश होता है। यही कारण है कि वे त्वचा, कपड़े और कांच जैसी सतहों से आसानी से चिपक जाते हैं। जब पानी किसी सतह के संपर्क में आता है, तो वह उस पर फैल जाता है और मजबूती से चिपक जाता है। इसी वजह से हमें लगता है कि कोई वस्तु "गीली" है। वैज्ञानिकों के अनुसार, गीलापन इस बात पर निर्भर करता है कि कोई द्रव किसी सतह के साथ कितनी अच्छी तरह संपर्क बनाए रखता है। इसके विपरीत, पारा यानी मरकरी जैसे धातु में सतहों से चिपकने की क्षमता बहुत कम होती है क्योंकि उसके अणु आपस में अधिक मजबूती से जुड़े रहते हैं। इसे 'संसंजन' (कोहेज़न) कहा जाता है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

MARUTI SUZUKI

NEXA

THE STUNNING NEW

BALENO

DARE TO GO GLAM

FRONT VENTILATED SEATS

*ADAS LEVEL 2

6 AIRBAGS

TYRE PRESSURE MONITORING SYSTEM

NEXA SAFETY SHIELD

SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU.

Creative visualisation. Accessories and features may vary across the vehicle variants. *ADAS features are for driver assistance only, the driver is responsible for safe and attentive driving.

कच्छ में टकराए ट्रक-पिकअप

ओवरटेक के चक्कर में भीषण सड़क हादसा, सात की मौत

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



गुजरात के कच्छ में एक गंभीर दुर्घटना में सात मजदूरों की मौत हो गई। जानकारी सामने आई कि एक ट्रक ने मजदूरों को ले जा रही पिकअप गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ. इस घटना में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह दुर्घटना 8 अक्टूबर देर रात कच्छ के खावड़ा में 'अरी पार्क' के पास हुई। पिकअप वाहन में 15 से अधिक मजदूर सवार थे। सभी लोग अपने घर के लिए लौट रहे थे। इसी बीच पिकअप गाड़ी ओवरटेक कर रही थी औरउसकी टक्कर हो गई। एक ट्रक ने पिकअप गाड़ी को टक्कर मारी सभी घायलों को भुज सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ट्रक के नीचे दबे लोग, असहनीय दर्द से चीखे

बोलेरो का केबिन चकनाचूर हो गया था और ट्रक उसके नीचे दब गया था, जिससे लोग असहनीय दर्द से चीख रहे थे। आंकड़ों के मुताबिक, साल 2024 में भारत में सड़क हादसों से 1.77 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। देश में रोज करीब 485 और हर घंटे लगभग 20 लोग जान गंवा रहे हैं। इन मौतों की सबसे बड़ी वजह तेज रफ्तार और हेलमेट या सीटबेल्ट न लगाना है।

पेशावर पहुंचा इमरान खान की पार्टी का लॉन्ग मार्च

एजेंसी ▶▶| पेशावर

पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है.।उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ का लंबा मार्च गुरुवार शाम पेशावर पहुंच गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इस काफिले की अगुवाई कर रहे हैं।

पीटीआई ने 4 अक्टूबर को लक्की मरवत से यह मार्च शुरू किया था। पार्टी ने शुरुआत में इस काफिले को इस्लामाबाद तक ले जाने की बात कही थी, लेकिन अब तक आगे का रास्ता साफ नहीं है। इमरान समर्थकों का कहना है कि इमरान खान के लिए अपनी जान तक कुर्बान करने से पीछे नहीं हटेंगे। पीटीआई की ओर से साझा किए गए वीडियो में लोग 'इमरान खान को रिहा करो' के नारे लगाते नजर आए। समर्थकों ने भी उनके साथ नारे लगाए।

अफरीदी ने कहा- असली आजादी की लड़ाई

पीटीआई के ऑफीशियल एक्स अकाउंट पर शाम करीब 6 बजे जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री अफरीदी का काफिला पेशावर के हयाताबाद टोल प्लाजा पहुंच गया है। वहां सैकड़ों समर्थक उनके स्वागत के लिए जुटे थे। समर्थकों को संबोधित करते हुए अफरीदी ने इसे 'असली आजादी की लड़ाई' बताया। उन्होंने कहा कि रास्ते में कुछ तकलीफें हो सकती हैं, लेकिन इमरान खान जेल में जो दर्द झेल रहे हैं, वह उससे कहीं ज्यादा बड़ा है।

सरकार और पीटीआई के बीच बढ़ा तनाव

इधर, पीटीआई और केंद्र सरकार के बीच राजनीतिक तनाव पहले से बना हुआ है। सरकार ने इस्लामाबाद में प्रदर्शन और सभाओं को लेकर पार्टी को चेतावनी दी है। वहीं, पीटीआई ने सप्ताहांत में सरकार के साथ बातचीत नाकाम रहने के बाद मार्च जारी रखने का फैसला किया। दोनों पक्षों के बीच आतंकवाद से निपटने की सरकारी नीति को लेकर भी मतभेद हैं। अब नजर इस बात पर है कि पीटीआई अपने मार्च को आगे कहां तक ले जाती है।

रिश्वत मामले में पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई पर दर्ज होगी एफआईआर

एजेंसी ▶▶| कोच्चि



केरल हाईकोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। मामला विजयन की बेटी वीना की कंपनी को कथित तौर पर 2.78 करोड़ रुपये के भुगतान से जुड़ा है। माना जा रहा है कि फैसले से विजयन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में ईडी की रिपोर्ट के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य लोगों के खिलाफ उक्त आदेश सुनाया।

याचिका में दिया गया यह तर्क

जस्टिस ए. बदरुद्दीन ने वकील के. एम. शाहजहां की याचिका को मंजूरी दे दी। शाहजहां का तर्क था कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों पर शुरुआती जांच करने के बजाय पुलिस को एफआईआर दर्ज करनी चाहिए।

राज्य सरकार ने भी रखा था अपना पक्ष

राज्य सरकार ने इस तर्क का विरोध किया था। सरकार का कहना था कि एजेंसी की रिपोर्ट एफआईआर दर्ज करने के लिए काफी नहीं है और इसके लिए शुरुआती जांच की जरूरत है। हाल ही में केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार ने विजयन, वीना और रियास के खिलाफ जांच के लिए ईडी के राज्य पुलिस प्रमुख को लिखे पत्र के आधार पर पुलिस जांच का आदेश दिया।

क्या है पूरा मामला?

ईडी ने 'प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट' के तहत अपनी जांच और तलाशी के दौरान मिले सबूतों के आधार पर मामला दर्ज करने की मांग की है। एजेंसी का आरोप है कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) ने आईटी कंसल्टेंसी सर्विस के नाम पर वीना की अब बंद हो चुकी कंपनी 'एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस' को 2.78 करोड़ रुपये का फर्जी पेमेंट किया।

ईडी ने कहा था- एफआईआर दर्ज की जा सकती है

ईडी ने कोर्ट में दावा किया था कि राज्य पुलिस को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर विजयन, उनकी बेटी वीना टी और उनके पति पी ए मोहम्मद रियास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा सकती है। ईडी का दावा है कि उसकी रिपोर्ट को शुरुआती जांच रिपोर्ट माना जा सकता है। इसके आधार पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है।

मणिपुर में 27 आईईडी निष्क्रिय किए गए

इम्फाल। मणिपुर के कामजोंग जिले में असम राइफल्स और भारतीय सेना ने संयुक्त अभियान में 27 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाया और उन्हें सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया। करीब 8 किलोमीटर लंबे पहाड़ी मार्ग पर 48 घंटे तक चले अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने झाड़ियों में छिपाकर रखे गए इन विस्फोटक उपकरणों को बरामद किया।

प्रधानमंत्री मोदी के नाम होगा जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जेवर में बने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर किया जाएगा।

यह मंजूरी उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट ने दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 28 मार्च, 2026 को इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था, जिसके बाद 15 जून से वाणिज्यिक उड़ानें शुरू हो गईं थीं। लखनऊ से आने वाली पहली वाणिज्यिक उड़ान इंडिगो द्वारा संचालित की गई, जो इस नए हवाई अड्डे पर यात्री सेवाओं की शुरुआत का प्रतीक है।

हरिद्वार में ओले गिरे, लैंडस्लाइड से बद्रीनाथ मार्ग बंद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उत्तराखंड के देहरादून, ऋषिकेश, नैनीताल, हल्द्वानी और रामनगर में शुक्रवार को बारिश हुई है। हरिद्वार में ओले गिरे, जिससे गाड़ियों के शीशे टूट गए। रामनगर में चलती स्कूटी और हाथ ठेले पर एक पेड़ जा गिरा, जिससे दोनों उसके नीचे दब गए।

बिहार के 18 जिलों में बारिश और आंधी को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पटना, नालंदा, गया, नवादा, शेखपुरा समेत अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। वहीं उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है।

यूपी में बारिश मचा रही तांडव

वहीं उत्तर प्रदेश के मेरठ और मुजफ्फरनगर में भी ओले गिरे। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखनऊ में गोमती नदी उफान पर है। इससे करीब 10 गांव बाढ़ में घिर गए हैं। 40 हजार से ज्यादा घर आधे से ज्यादा डूबे हुए हैं। 3 लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है।

पश्चिम बंगाल समेत पूर्वी भारत में बारिश के संकेत

मौसम विभाग के मुताबिक उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में कहीं-कहीं अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है। वहीं आज उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी के मुताबिक अगले 3 से 4 दिनों के दौरान पूर्वी भारत में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर तक हो सकती है।

व्यास घाटी में बर्फबारी में फंसे सैकड़ों लोग

आज सुबह हेमकुंड साहिब और पिथौरागढ़ के धारचूला की व्यास घाटी के कुटी गांव में बर्फबारी हुई है। चमोली में बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग टंगड़ी-पागल नाले के पास लैंडस्लाइड के चलते बंद हो गया है।

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शिवनाथ- भवन, नार्थ ब्लाक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला - रायपुर

// सूचना //

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अमीन के पदों पर नियुक्ति हेतु दस्तावेजों का सत्यापन

जल संसाधन विभाग में तृतीय श्रेणी (कार्यपालिक) अमीन के पदों पर भर्ती हेतु अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन द्वितीय चरण में दिनांक 29/09/2026 को कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया गया है। उक्त दिनांक को दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हुये अभ्यर्थियों को पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुये दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 22/10/2026 को सुबह 11.00 बजे से कार्यालय कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ शिवनाथ भवन, नार्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर में किया जायेगा। दस्तावेजों के सत्यापन के संबंध में विस्तृत वर्गवार विवरण विभागीय वेबसाईट मे http://www.cgwrd.in पर देखा जा सकता है।

प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़,
नवा रायपुर, अटल नगर

G-262703871/1

कार्यालय अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर (छ.ग.)

(वेबसाईट- www.dkspgi.in ई-मेल dkspgi@gmail.com)

क्रमांक / 5288 / डी.के.एस. / रख-रखाव रायपुर, दिनांक 05/10/20226

-:: // निविदा सूचना // ::-

दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र, रायपुर में स्थापित 300 नग Syring Pump मशीनों के सर्विस / मरम्मत कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा शुल्क राशि रूपये 1000/- (रूपये एक हजार मात्र) का "अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज, डी.के.एस. पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट एवं रिसर्च सेंटर" के नाम से देय डिमांड ड्राफ्ट दिनांक 04/10/2026 से कार्यालयीन दिवस में आवेदन प्रस्तुत कर जमा किए जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा प्रारंभ तिथि	दिनांक 03-10-2026 से प्रारंभ
जेम पोर्टल पर ऑनलाईन माध्यम से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 30-10-2026 समय शाम 5.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	दिनांक 31-10-2026 समय शाम 5.00 बजे

नोट- निविदा संबंधी शेष जानकारी जेम पोर्टल पर उपलब्ध है।

अस्पताल अधीक्षक एवं एकेडेमिक इंचार्ज
दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर संस्थान एवं
अनुसंधान केन्द्र रायपुर (छ.ग.)

G-262703862/1

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण पर्यावास भवन,नर्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.) 492002

दूरभाषः 0771-2512500, ई-मेलः ceo.nranvp@cg.gov.in

क्रमांक, 7295 /6 (1)/भू-प्रभाग/2026, नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 09/10/2026

-: उद्घोषणा :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सूची में अंकित व्यक्तियों ने अपनी स्वामित्व की भूमि को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण रायपुर के पक्ष में "नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2017 (यथा संशोधित 2025)" के तहत विक्रय करने हेतु आवेदन दिया गया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, फर्म, संस्था, बैंक, महाजन, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय संस्था/निकाय आदि की कोई उजरदावा या आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

ग्राम-रीको, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर

क्र	आवेदक का नाम	खसरा	रकबा हे.में
1.	सनद पिता किसुन वगैरह	90	3.500
		92	0.180
		545	0.040
		731	0.410
		777	0.370
		886	0.560
2	अश्वनीकुमार पिता कामताप्रसाद सुकतेल	581	0.770
		723	1.380
3	अशोककुमार मारकण्डे पिता मंगला राम वगैरह	570	0.430
4	भागवत पिता प्रेमलाल वगैरह	604	0.270
		614	0.240
		820	0.850
5	डेरहिन पति प्रेम ठेठवार	763	0.130
		765	0.130
6	डेरहिन पिता बोधन	618/1	0.170
		768	0.330
		826	1.410
		872	0.400
7	डेरहिन पिता बोधन	403	1.030
		842	0.820
8	श्रीनिवास पिता तिलकराम	879	0.820
9	रामसिंग पिता गोविंदराम	286	0.130
		290/5	0.130
		295/3	0.160
10	किशोर निषाद पिता उदल वगैरह	290/1	0.130
		290/2	0.130
		290/3	0.080
		295/1	0.160
11	परमेश्वर भवानी सिन्हा	77	0.440
		596	0.190
		819	0.260
		855	0.200
		859	0.560
		876	0.080
ग्राम-सेंध, प.ह.नं.-21, रा.नि.मं.-पलौद, तहसील-मंदिर हसौद, जिला-रायपुर			
12	प्रवीण कुमार पिता भागीरथी	343/1	0.120

प्रबंधक (भूमि)
नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण
नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

S-49378/1

कार्यालय जिला पंचायत, बस्तर जिला, जगदलपुर (छ.ग.)

क्रमांक /7218/ जिपं / स्था / 2026 -:: विज्ञापन ::- जगदलपुर, दिनांक 08 अक्टूबर 2026

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक/ESTB/27560 / 2026 - P&RD नवा रायपुर दिनांक 05/08/2026 एवं कार्यालय आयुक्त, विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) विकास भवन नवा रायपुर के पत्र क्रमांक / I /566646/2026 वि-7/ स्था. /VB-G RAM G नवा रायपुर दिनांक 06-08-2026 एवं पत्र क्रमांक / I / 608889/ 2026 वि-7/ स्था./VB-G RAM G नवा रायपुर दिनांक 31-08-2026 में दिये गये निर्देशानुसार विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिये गारंटी मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) में स्वीकृत पद के विरूद्व जिला बस्तर, जगदलपुर के अधिनस्थ जिला/ जनपद पंचायतों में रिक्त पद पर संविदा नियुक्ति हेतु **छत्तीसगढ़ के मूल निवासियों से दिनांक 30 अक्टूबर, 2026 को 05.30 बजे तक आवेदन पत्र** आमंत्रित किये जाते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

बस्तर जिले के लिये विज्ञापित (संविदा) रिक्त पदों का विवरण:-

क्र.	संविदा पद का नाम	रिक्त पदों की कुल संख्या	अनारक्षित					अन्य पिछड़ा वर्ग					अनुसूचित जाति					अनुसूचित जनजाति					महायोग				
			मुक्त	महिला	विक.	भू.से.	योग	मुक्त	महिला	विक.	भू.से.	योग	मुक्त	महिला	विक.	भू.से.	योग	मुक्त	महिला	विक.	भू.से.	योग	मुक्त	महिला	विक.	भू.से.	योग
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28
1	कार्यक्रम अधिकारी (संविदा)	2	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	1	-	1	1	-	1	-	2
2	सहायक प्रोगामर (संविदा)	4	1	-	-	-	1	1	-	-	-	1	-	-	-	-	-	1	-	1	-	2	3	-	1	-	4
3	लेखापाल (संविदा)	10	1	1	-	-	2	1	1	-	-	2	-	-	-	-	-	3	1	1	1	6	5	3	1	1	10
	योग	16	3	1	-	-	4	2	1	-	-	3	-	-	-	-	-	4	1	3	1	9	9	3	3	1	16

टीपः- आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय पर जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल पर या www.bastar.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत बस्तर

S-49384/1

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

ऑपरेटर/मार्केटिंग

अतिशीघ्र आवश्यकता है- 1. कप्यूटर ऑपरेटर 3 अनुभव 2 वर्ष टेंडर कार्य, ऑनलाइन, जेम, ऑफलाइन वेतन 15000 से 25000 2. मार्केटिंग ऑफिसर 4,वेतन 25000 से 40000 अनुभव 3 वर्ष मार्केटिंग कार्य योग्यता MA/ MBA संपर्क करे- Alert sgs private limited कार्यालयःप्रथम तल 06 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर छत्तीसगढ मोबाइलः- 8720005500.(आरो-815)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- Marketing Representative श्री श्रृंगी हर्बल को बिक्री एवं प्रचार कार्य हेतु अनुभवी Marketing Representative की आवश्यकता है। अनुभव अनिवार्य। आकर्षक वेतन एवं इंसेंटिव। संपर्कः शॉप न 32, द्वारिका बिजनेस सेंटर, डूमरतराई, रायपुर मोबाइलः 9516268000, 9300017800.(आरो-090)

पैकिंग/बिलिंग कार्य

आवश्यकता है- 5 अंकों में वेतन, फटाका जमाना, पैकिंग, बिल बनाना, लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। सम्पर्कः- विश्वास फटाका, बढ़ई पारा, रायपुर, 8602349757. (आरो-857)

हरिभूमि क्लासीफाईड

दुकान कार्य

आवश्यकता है- रिटेल फुटवियर की दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की शीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करें- लखानी शू एम्पोरियम, रेल्वे स्टेशन के सामने, रायपुर ,मोबाइल 8965950000.(आरो-905)

पंप कर्मी

आवश्यकता है- लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है पेट्रोल पंप में कार्य करने के लिये इच्छुक उम्मीद्वार अपने बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें:- डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक रायपुर मो 8109135400, 9179380728. (आरो-877)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- रायपुर (सिविल लाइन्स) स्थित एक प्रतिष्ठित परिवार के लिए 12 घंटे एवं 24 घंटे कार्य हेतु अनुभवी, ईमानदार और जिम्मेदार घरेलू नौकर की तत्काल आवश्यकता है। अनुभवः कम से कम 5 वर्ष, शिक्षाः न्यूनतम 10वीं पास, वेतनः 20,000 प्रति माह तक सुविधाएंः रहने की व्यवस्था हैं स्थानः सिविल लाइन्स, रायपुर संपर्क करें:- 9109972720, 9109222000.(आरो-089)

आवश्यकता

आवश्यकता है- डीजे साउंड सिस्टम चालाने के लिए अनुभवी/ बिना अनुभवी लड़को की आवश्यकता है संपर्कः दीपक साउंड सर्विस फूलचौक, जोरापारा, कालीमाता मंदिर पास रायपुर 9827114645, 9131139179.(आरो-952)

ड्रायवर

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक , संपर्क करें: 9826708233 ,पताः 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.) (आरो-SPD/0087)

कुक

आवश्यकता है- घरेलू कार्य एवं स्वादिष्ट खाना बनाने हेतु महिला चाहिए। 24 घंटे रहकर कार्य करना होगा। आयु 35–60 वर्ष। स्थानः गुरुद्वारे के पास, नेहरू नगर, भिलाई। वेतन 12,000 से 15000 प्रतिमाह। संपर्कः 9826708233.(आरो-SPD/0086)

Property प्रापर्टी

मकान/प्लाट

मकान प्लाट बेचना है- रायपुरा गोकुलधाम सोसायटी के सामने भाटागांव रोड़ 800 वर्गफीट पर भूतल पर निर्मित डायवर्सन मकान सर्व सुविधायुक्त मेंन रोड से लगभग 100 फीट अंदर एवं नया राजधानी से लगा जामगांव अभनपुर में 1000 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट भाटागांव भर्री खार 600 वर्गफीट डायवर्सन प्लाट बेचना है। इच्छुक व्यक्ति ही संपर्क करें। संपर्क मों. नंबरः- P. L. यदु महामाई परा रायपुर. 8827380696, 9754685471, 7389048751, 8435931717. (आरो-226)

बेचना है - रिसाली धनोरा मात्र छाया फेश-2 में 30 x 50= 1500 फिट आवासिय प्लॉट एवंम मैंत्री कुंज पानी टंकी वाले मार्केट में कमर्शियल प्लॉट 25 x60=1500 फिट उपलब्ध है। बेचना है मो.- 91319-80919.(आरो-343)

फर्नीचर

फर्नीचर बेचना है - 120 स्टूडेंट कि क्षमता वाली रीडिंग लाइब्रेरी का फर्नीचर एवं कुर्सी ब्रांड न्यू कंडिशन में अतिशीघ्र बेचना है। संपर्कः - 9131679611, 8109135400. (आरो-878)

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (गोल्ड मेडलिस्ट)
गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
96302-33918, 9238384295
नोटः भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।
स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।
आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।


क्या आप देना चाहते है...
अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह"
तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad.
6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152


CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

EDITION	Appointment	Service/Business	Property Rent & Sale	Display
Raipur City	500	620	550	175/- Sq cm
Bhilai + Durg Edition	440	560	520	150/- Sq cm
Bilaspur City	440	500	520	140/- Sq cm
Raipur All Edition	720	820	800	240/- Sq cm
Bilaspur All Edition	610	780	690	195/- Sq cm
All CG	1000	1150	1120	310/- Sq cm
All CG + MP	1280	1750	1600	330/- Sq cm
All Edition	1700	2100	2000	380/- Sq cm

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Price per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 10 words Rs. 30/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTRO.DOY, SMS & Others
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Display
GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

EDITION	RATE	
Raipur City	3000	2+1
Bhilai + Durg Edition	2800	5+3
Raipur Edition	4400	10+10
Bilaspur City	2500	15+18
Bilaspur Edition	3800	
All CG	5500	

MATRIMONIAL CG+MP

(Runing Matter)	(Size 5x1 Box)
500 /- 1 Sunday	800 /- 1 Sunday
900 /- 2 Sunday	1200 /- 2 Sunday
1200/- 3 Sunday	1500/- 3 Sunday

HEALTH CARE

Raipur City	55000	85000	1,10,000
Bilai + Durg Edition	50000	80000	1,00000
Bilaspur City	40000	70000	1,00000
Raipur All Edition	70000	1,20,000	1,60,000
Bilaspur All Edition	55000	1,00000	1,20,000
All CG	1,10,000	1,80,000	2,30,000

10X1 FREE
CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंगे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare

सोरायसिस एवं चमड़ी रोग

प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।

इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।

वायरी रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD)
(चर्म रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213,94255-55659
96177-89223,93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

युवक की आत्महत्या का मामला

पत्नी सहित ससुरालियों को पांच पांच साल का सश्रम कारावास

धमतरी। धर्मान्तरण के लिए लगातार दबाव डालने के कारण युवक द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने मृतक की पत्नी, सास-ससुर, डेढ़ सास और साली को पांच-पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम पोटियाडीह निवासी लीनेश कुमार साहू ने बीते 6 सितंबर 2024 की रात्रि 10.30 बजे से 7 दिसंबर की सुबह 7 बजे के बीच अपने घर के ऊपर कमरे में लगे वेन्टिलेशन में फांसी लगा ली थी। मृतक के चाचा खूबचंद साहू की सूचना पर अर्जुनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान पुलिस को मृतक का मोबाइल मिला जिसमें मृतक ने आत्महत्या का कारण पत्नी करूणा साहू, सास गौरी, ससुर राजकुमार साहू, डेढ़सास किरण व साली कनिष्का सभी रायपुर निवासी को दूसरा धर्म अपनाने के लिए बार-बार दबाव डालकर परेशान करने से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करना मैसेज लिखकर अपने व्हाटसअप स्टेटस व अपने बहन दामाद गुलशन साहू को भेजा था।

महिला ने रची गर्भावस्था और नवजात के अपहरण की झूठी कहानी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम जेवरा-एस थाना नवागढ़ में घर में प्रसव के बाद दो अज्ञात महिलाओं द्वारा नवजात शिशु के अपहरण की खबर झूठी निकली। परिवार की नजरों में गलत साबित होने के डर से महिला ने न केवल झूठी गर्भावस्था का नाटक किया, बल्कि शरीर पर आलता-माहुर लगाकर प्रसव और नवजात की चोरी की मनगढ़ंत कहानी गढ़ दी। जांच और चिकित्सकीय परीक्षण के बाद पुलिस ने इस सनसनीखेज साजिश का पर्दाफाश करते हुए महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम जेवरा-एस निवासी तीजन वर्मा 20 वर्ष ने 4 अक्टूबर को थाना नवागढ़ में शिकायत दर्ज कराई थी कि 3 अक्टूबर को जब परिवार के सदस्य एक कार्यक्रम में गए थे और पति बकरियां चराने गया था, तब उसने घर पर बच्चे को जन्म दिया। महिला ने आरोप लगाया कि दो अज्ञात महिलाएं उसे दवा पिलाकर प्रसव कराने के बाद नवजात शिशु को अपने साथ ले गईं। नवजात के चोरी होने की सूचना पर पूरे क्षेत्र और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।



पुलिस जांच और फोरेंसिक टीम से हुआ खुलासा

नवागढ़ थाना प्रभारी दुलेश्वर चंद्रवंशी और संबलपुर चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार क्षत्री की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। फोरेंसिक विशेषज्ञों को भी बुलाया गया। हालांकि, जब पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और महिला से बार-बार पूछताछ की, तो बयानों में विरोधाभास नजर आने लगा।

चिकित्सकीय जांच में भी नहीं हुई पुष्टि, बीएनएस धारा 217 के तहत कार्रवाई

पुलिस द्वारा कराए गए मेडिकल चेकअप में महिला के हाल-फिलहाल गर्भवती होने या प्रसव की कोई पुष्टि नहीं हुई। झूठी सूचना देकर पुलिस का समय और संसाधन बर्बाद करने के आरोप में पुलिस ने महिला के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (**BNS**) की धारा 217 के तहत इस्तगासा तैयार कर वैधानिक कार्रवाई की है।

गर्भपात के डर से छिपाई सच्चाई, साड़ी लपेटकर बनती थी गर्भवती

विवेचना के दौरान महिला ने परिजनों और गांव वालों की मौजूदगी में पूरी सच्चाई स्वीकार कर ली। महिला ने बताया कि शादी के बाद उसके दो बार गर्भपात हो चुके थे। फरवरी 2026 में वह तीसरी बार गर्भवती हुई, लेकिन इस बार भी उसका गर्भपात हो गया। परिवार के तानों और गलत समझे जाने के डर से उसने यह बात सबसे छिपाए रखी। खुद को गर्भवती दिखाने के लिए वह साड़ी को दोहरा मोड़कर लपेटती थी, जिससे उसका पेट बड़ा दिखे। 3 अक्टूबर को जब वह घर में अकेली थी, तब उसने अपने शरीर पर आलता और माहुर का रंग लगाकर प्रसव जैसी स्थिति बनाई और पति के लौटने पर नवजात के अपहरण की कहानी सुना दी।

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Gem Portel Tender Notice
Main Portal: http://Gem Portel (Govt. e-market place)
(2nd Call)

NIT NO: **44** /RMC/ZONE **08/2026** RAIPUR DATED **08.10.2026**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Lacs)
1	GEM/2026/B/8133915	जोन क्रं.-08 अंतर्गत जोन कार्यालय, नगर निवेश, वाहन चालक एवं राजस्व विभाग में कुल-50 प्लेसमेंट कर्मचारी रखे जाने का कार्य।	1,12,14,024.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh-Procurement Portal http://Gem Portel (Govt. e-market place) 08.10.2026 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE 08
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

Chhattisgarh Rural Roads Development Agency
VIKASH BHAVAN, CIVIL LINES, RAIPUR (C.G.)
E-PROCUREMENT TENDER NOTICE

NIT No. 1208/TC-T/CGRRDA/2026 **Dated 09/10/2026**

Chief Engineer, CGRRDA, Raipur on behalf of Governor of Chhattisgarh invites package wise bids in electronic tendering system for Construction of C.C. Road under MMGGPY, sanctioned for districts of the state as per B.O.Q. from the eligible contractors Firms registered with unified registration system (e-registration) for the works mentioned below. Date of release of Invitation for Bids through e-procurement:

S. No.	NIT No.	Work Name	Amount (Rs. in Lakhs)	Districts	Rate invited
01	1208	MMGGPY	Total Cost 5394.79 Lakhs (Including GST)	Balodabazar, Raipur, Mahasamund, Dhamtari, Kabirdham, Rajnandgaon, Durg, Bemetara, Mungeli, Bilaspur, GPM, Surguja, Jashpur, Koria, Bastar, Narayanpur, Kanker, Kondagaon, Dantewada	Percentage Rate of PMGSY SOR 06.06.2025 issued by CE, CGRRDA Raipur

Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in https://eproc.cgstate.gov.in. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.

Detailed NIT and other details can be viewed on our website https://eproc.cgstate.gov.in from 12.10.2026 from 5:30 PM & onwards. In future any related corrigendum would be seen in the notice section of this website.

Chief Engineer
Chhattisgarh Rural Road Development Agency
Civil Lines, Raipur (C.G.)
E-mail: pmgsyrc4@yahoo.co.in

S-49376/1

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited
(A Government of Chhattisgarh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) 1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur(C.G.)- 492006, CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N, GST Regn. No. 22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000, Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in, Email address:csidc.cg@nic.in,csidc_raipur@yahoo.com

NOTICE INVITING TENDER [2nd Call] (Through e-Procurement Portal Only)

NIT No. 19/CSIDC/E.E./Division-II/2026-27 **Raipur, dated 08/10/2026**

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites online tender in "Form-B" (Item Rate Basis) for the following work :-

Nit No.	Name of Work	Registered Contractor in CGPWD or in appropriate class in other dep't.	Time allowed (including rainy season)	Probable Amount of Contract (PAC) (INR Lacs)	EMD (INR Lacs)	Cost of Tender Document (Including GST 18%)
19 (2nd Call)	Up-gradation of B.T. Road, R.C.C. Surface drain, Street light & D.I. Pipe line at I/A Bhanpuri, Distt. Raipur (C.G.)	Class-B & Above	06 Month	625.83 Lacs (Through Online https://eproc.cgstate.gov.in	313000/- (Through Online https://eproc.cgstate.gov.in	3540/-

The tender document containing detailed terms & conditions, scope of works and other details can be downloaded from the web portal (website) **https://eproc.cgstate.gov.in** from **08/10/2026** Time 18.00 hrs. and shall be submitted online only. Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper. **NOTE:** 1) The interested tenderers for online submission of tender may contact CG e-Proc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using **18004199140** (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at **Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

S-49386/1 कार्यालय एवं दुकान हेतु स्थान उपलब्ध, वेबसाईट देखे www.csidc.in

Executive Engineer
(Division- II)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग, सामान्य वनमण्डल दुर्ग
:: पुलगांव डिपो का ई-ऑक्शन का संक्षिप्त विज्ञापन ::

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग के अधीनस्थ शासकीय डिपो पुलगांव, अण्डा, सुपेला, पाटन, वन परिसर कुम्हारी, धमधा, बेमेतरा, नवागढ़, साजा, एवं अन्य डिपो में संग्रहित ईमारती काष्ठ, चिरान, जलाऊ एवं बल्ली, डेंगरी, का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / संबंधित परिक्षेत्र कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। ई-ऑक्शन में रखे जाने वाले अनुमानित मात्रा :-

नीलाम तिथि- 14/10/2026 समय - प्रातः 9:00 बजे

नया ईमारती काष्ठ/जलाऊ चट्टा

परिक्षेत्र	डिपो	प्रजाति	लट्ठा घ.मी.	चिरान	बल्ली नग	डेंगरी	जलाऊ
दुर्ग	पुलगांव	सागौन लट्ठा, बल्ली, डेंगरी	240.136	0	9715	17513	0
दुर्ग	पुलगांव	मिश्रित लट्ठा	7.709	0	0	0	0
दुर्ग	अण्डा	मिश्रित लट्ठा/चट्टा	6.076	0	0	0	23
दुर्ग	पाटन	कहुआ लट्ठा, साल चिरान	7.006	2.958	0	0	0
दुर्ग	सुपेला	सागौन लट्ठा / मिश्रित चट्ठा	8.986	0	0	0	60
दुर्ग	सुपेला	निलगिरी, मुण्डी एवं मिश्रित लट्ठा	40.272	0	0	0	0
धमधा	धमधा	अन्य चिरान	0	0.549	0	0	0
		योग :-	**310.185**	**3.507**	**9715**	**17513**	**83**

अविक्रित काष्ठ / जलाऊ चट्टा

परिक्षेत्र	डिपो	प्रजाति	लट्ठा घ.मी.	चिरान घ.मी.	बल्ली नग	डेंगरी नग	जलाऊ चट्टा
दुर्ग	पुलगांव	सागौन लट्ठा, बल्ली/ डेंगरी	432.231	0	31256	22737	6
दुर्ग	पुलगांव	आम लट्ठा	1.166	0	0	0	0
दुर्ग	पुलगांव	अन्य मिश्रित लट्ठा	86.801	0	0	0	0
दुर्ग	पाटन	सागौन लट्ठा, सागौन बल्ली / डेंगरी, साल, कहुआ एवं मिश्रित लट्ठा, / कहुआ चिरान / कहुआ	8.405	2.185	203	582	38
दुर्ग	सुपेला	सागौन लट्ठा, निलागिरी, कहुआ	1.277	0	0	0	139
दुर्ग	अण्डा	मिश्रित जलाऊ	0	0	0	0	22
धमधा	धमधा	जलाऊ	0	0	0	0	4
धमधा	कुम्हारी	सागौन लट्ठा/सागौन डेंगरी, सोफा फ्रेम, बत्ता चिरान, मिश्रित जलाऊ	3.886	0	0	22	3
बेमेतरा	बेमेतरा	सागौन लट्ठा,	3.032	0	0	0	36
साजा	साजा	सागौन लट्ठा/सागौन बल्ली/सागौन डेंगरी	14.736	0	110	23	0
		योग :-	**551.534**	**2.185**	**31569**	**23364**	**248**

टीप :- (1) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आईडी से लॉग-इन करके देख सकते है।(4) ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओ द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। (5) सफल क्रेताओं को अपना पूर्ण पता, मो. नं., पैन कार्ड एवं GST की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

फोन नं. – 75870-13100, ई-मेलः **dfodurg@gmail.com**

वनमण्डलाधिकारी
दुर्ग वनमण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

G-262703872/1

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइटः www.beeindia.gov.in दूरभाषः 011-26766700

सत्यमेव जयते

INDIAN Carbon MARKET

PAT SCHEME PERFORM, ACHIEVE & TRADE

27 अधिसूचित क्षेत्रों के ऊर्जा उपयोगकर्ता कृपया ध्यान दें:

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) के अधीन वार्षिक ऊर्जा उपभोग रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु नोटिस

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ड़) के अधीन का.आ. 394 (अ) दिनांक 12 मार्च 2007, का.आ. 3542 (अ) दिनांक 29 दिसम्बर, 2015 का.आ. 1388 (अ) दिनांक 02 मई, 2017 का.आ. 3600 (अ) दिनांक 15 नवम्बर, 2017, का.आ. 968 (अ) दिनांक 22 फरवरी, 2019, का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020, का.आ. 3445 (अ) दिनांक 28 सितंबर, 2020,का.आ. 4165 (अ) दिनांक 07 सितंबर, 2022, का.आ. 2523 (अ) दिनांक 06 जून, 2023 के अंतर्गत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के सामने दर्शाई गई वार्षिक ऊर्जा खपत की विनिर्दिष्ट सीमा और उससे अधिक की ऊर्जा खपत वाले ऊर्जा गहन क्षेत्रों में सभी उपयोगकर्ताओं / उपयोगकर्ताओं के वर्ग को उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

क्र. सं.	अधिसूचित क्षेत्र	मीट्रिक टन तेल के समकक्ष (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत
1.	एल्यूमिनियम	7,500
2.	सीमेंट	
	(क) एकीकृत सीमेंट यूनिट	30,000
	(ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट	10,000
3.	वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं	
	(क) होटल	500
	(ख) हवाई अड्डा	500
4.	क्लोर–अल्कली	12,000
5.	विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम)*	एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा सभी अनुज्ञप्तिधारी वितरण कंपनियां
6.	उर्वरक	30,000
7.	लौह और इस्पात	20,000
8.	लुगदी और कागज	7,500
9.	पेट्रोलियम रिफाइनरियां	90,000
10.	पेट्रोकेमिकल इकाइयाँ गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों	1,00,000
11.	रेलवे	
	(क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन)	70,000
	(ख) कर्मशालाएं	750
	(ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ, आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी	-
12.	वस्त्र	3,000
13.	थर्मल पॉवर स्टेशन	30,000
14.	पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयाँ	
	(1) फाइबर इंटरमिडिएट्स	50,000
	(2) पॉलिमर	10,000
	(3) डिटर्जेंट इंटरमिडिएट्स	9,000
	(4) परफोरमेंस प्लास्टिक	3,000
	(5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद	6,000
	(6) सिंथेटिक रबर	15,000
	(7) सुगंधित पदार्थ	20,000
15.	चीनी	10,000
16.	रासायन	
	(1) अल्कली रसायन (सोडा ऐश, पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड);	3,000
	(2) अकार्बनिक रसायन ;	3,000
	(3) कार्बनिक रसायन ;	3,000
	(4) कीटनाशक (तकनीकी);	3,000
	(5) डाई और पिगमेंट ;	3,000
	(6) फार्मास्यूटिकल्स (सक्रिय फार्मास्युटिकल तत्व)	3,000
17.	सिरेमिक	5,000
18.	ग्लास	10,000
19.	जस्ता	20,000
20.	ताँबा	10,000
21.	पोर्ट ट्रस्ट	500
22.	डेरी	2,500
23.	ऑटोमोबाइल असेंबली यूनिट	3,000
24.	टायर विनिर्माता	7,000
25.	फोरजिंग	1,500
26.	फाउंड्री	5,000
27.	रीफ्रैक्टरीज	3,000

केन्द्रीय सरकार के का.आ. 1409 (अ) दिनांक 28 मार्च, 2018, का. आ. 1473 (अ) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254 (अ) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491 (अ) दिनांक 26 अक्तूबर, 2021, का.आ. 4552 (अ) दिनांक 26 सितंबर, 2022, का.आ. 2794 (अ) दिनांक 27 जून, 2023 के अधीन अधिसूचित, संबंधित क्षेत्रों के अंतर्गत सूचीबद्ध सीमा से अधिक ऊर्जा खपत करने वाली सभी इकाइयों / प्रतिष्ठानों से अनुरोध है कि वे ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (1) के अन्तर्गत अधिसूचित प्ररूप 1 में पिछले दो वर्षों अर्थात् वर्ष 2021–22 और 2022–23 के लिए अपने वार्षिक उत्पादन के साथ-साथ वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक / मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित रिपोर्ट संबंधित राज्य नामित एजेन्सी को प्रस्तुत करें जिसकी एक प्रति ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को भी पृष्ठांकित की जाए।

संबंधित क्षेत्र के लिए लागू आवश्यक प्रोफॉर्मा या प्ररूप–। की प्रति **https://beeindia.gov.in/en/pat-proforma.** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 31 दिसम्बर, 2026 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के अन्तर्गत दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा।

अधिक जानकारी / प्रश्न के लिए कृपया फोन नं. 011-26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC 34106/11/0017/2627

मिशन निदेशक, एनएमईईई

Subscribe and follow: beeindiadigital / bureauofenergyefficiency

जैकेट के शेष

छत्तीसगढ़ में दूसरे ...

कर रही है, पर सभी जगह डिमांड होने से आपूर्ति प्रभावित है। अभी कम से कम 10 दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहने वाली है। कृषि पंपों को नियमित बिजली देने के कारण उद्योगों की बिजली कट की जा रही है। पूरे देश में बिजली को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। देश में बिजली की डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण उसके दाम भी आसमान पर चले गए हैं। जिन राज्यों का अपना उत्पादन कम है, उनको संकट का सामना करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी का अपना उत्पादन बहुत कम होता है। कंपनी के पॉवर प्लांटों की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन 24 से 25 सौ मेगावाट तक ही होता है, वह भी उस स्थिति में जब सारे संयंत्र चलते हैं। इस समय यहां उत्पादन 22 सौ मेगावाट ही हो रहा है क्योंकि कोरबा वेस्ट बैंक के 210 मेगावाट के दो संयंत्र बंद हैं। इस समय पीकआवर में खपत 65 सौ मेगावाट तक जा रही है। सेंट्रल सेक्टर का शेयर साढ़े तीन हजार मेगावाट का है। ऐसे में रोज सात से आठ सौ मेगावाट बिजली कम पड़ रही है।

पुराने उद्योग परेशान, नए कैसे आएंगे : बिजली को लेकर जिस तरह की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है, उससे पुराने उद्योग ही परेशान हैं तो ऐसे में नए उद्योग कैसे आएंगे। अश्विनी गर्ग, अध्यक्ष, उरला एसोसिएशन

नस्लभेद के खिलाफ ....

उठाई और आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय न्याय व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा 9 अक्टूबर 2026 को की गई है। परंपरा के अनुसार पुरस्कार प्रदान करने का समारोह 10 दिसंबर को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित किया जाएगा। इस पुरस्कार के साथ 1.2 करोड़ स्वीडिश क्रोनर की राशि भी दी जाती है।

रवांडा नरसंहार के पीड़ितों को दिलाया न्याय : नवी पिल्लई के करियर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रवांडा के नरसंहार से जुड़े मामलों की सुनवाई रहा। वर्ष 1994 में रवांडा में हुए नरसंहार के दौरान लाखों लोगों की जान गई। बड़ी संख्या में महिलाओं को यौन हिंसा का सामना करना पड़ा। इन अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायाधिकरण बनाया गया। **संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकारों की आवाज** : अंतरराष्ट्रीय न्यायाधिकरण में काम करने के बाद पिल्लई 2003 में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश चुनी गईं। वर्ष 2008 में उन्हें संयुक्त राष्ट्र का मानवाधिकार उच्चायुक्त नियुक्त किया गया। उन्होंने अगस्त 2014 तक इस पद पर काम किया।

इक्वैलिटी नाउ की सह-संस्थापक में एक : नवी पिल्लई का योगदान केवल अदालतों तक सीमित नहीं रहा। वह महिलाओं के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था इक्वैलिटी नाउ की सह-संस्थापकों में शामिल थीं। उन्होंने लैंगिक समानता और भेदभाव के खिलाफ प्रयासों में भी योगदान दिया।

ट्रेनें रद्द, मेट्रो ....

स्टेशनों को बंद करने का अनुरोध भी किया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि प्रदर्शन के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो और ट्रेनों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई जा सकती। **यह है मामला** : सीजेपी और कुछ छात्र संगठनों ने 10 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन का आह्वान किया है। प्रदर्शनकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि एसआईआर के दौरान अनियमितताएं हुई हैं। इस पूरे विवाद की पृष्ठभूमि में 25 सितंबर को प्रकाशित एक रिपोर्ट भी है, जिसमें दावा किया गया था कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले 10 महीनों में कम से कम 14 बार ऐसे फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई थी, जो उनके मुताबिक उनकी जानकारी या सिफारिश के बिना जारी किए गए थे।

राष्ट्रपति से मिला विपक्ष....

ने संसद से राष्ट्रपति भवन तक पैदल मार्च किया। राहुल, ममता, खड़गे समेत 10 सांसदों का डेलीगेशन राष्ट्रपति से मिला। बाकी सांसदों ने विजय चौक पर धरना दिया। मीटिंग से बाहर आकर राहुल ने कहा कि पूरा देश जानता है कि देश में वोट चोरी हो रही है। राष्ट्रपति ने भी इससे इनकार नहीं किया। अब हम सोमवार को सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हालांकि पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि राहुल गांधी का यह दावा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने 'वोट चोरी' के आरोपों को स्वीकार किया है, यह गलत है।

दिव्यांगों के आरक्षण ....

टी-संवर्ग में 1,497 पद हैं। सहायक शिक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा 11 अक्टूबर को और शिक्षक पद के लिए परीक्षा 25 अक्टूबर को आयोजित होनी थी। अब हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस कृष्णराम महापात्र की डिवीजन बेंच में हुई।

शिक्षक बनने के ....

अवसर प्रभावित हुए हैं। याचिका में इसे समान अवसर और संविधान से मिले अधिकारों के खिलाफ बताया गया है। हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब देने का निर्देश दिया है। कोर्ट के आदेश से शिक्षक और सहायक शिक्षक भर्ती की आगे की प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है।

महादेव सट्टे की एक और ....

संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जमानत मिलने के बाद आरोपी फरार होकर दुबई पहुंच गया था। आरोपी के फरार होने के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर नोटिस जारी करने के लिए विदेश मंत्रालय को पत्र भी लिखा था। केंद्रीय जांच एजेंसी के साथ पुलिस जांच में खुलासा हुआ था कि नितिन मोटवानी और उसके सहयोगी सन्नी पृथवानी के पास महादेव एप और अन्ना रेड्डी सट्टा एप की दिल्ली ब्रांच का मालिकाना हक था, जिसे वे छत्तीसगढ़ और दिल्ली से ऑपरेट करा रहे थे। नितिन, महादेव एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के सीधे संपर्क में था और दुबई सिंडिकेट से निर्देश प्राप्त करता था। वह क्लब की आड़ में अवैध तरीके से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी का एक बड़ा नेटवर्क संचालित कर रहा था। वह सट्टे से होने वाली कमाई का इस्तेमाल इस व्यवसाय को फैलाने में करता था।

नाटकीय अंदाज में पकड़ा : आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान नितिन के अपने घर में होने की पुलिस को जानकारी मिली थी। तब पुलिस उसे गिरफ्तार करने घर पहुंची। इसकी भनक मिलने के बाद वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। फरारी के दौरान वह गोवा में था। पुलिस को नितिन के गोवा से रायपुर आवाजाही करने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस उसकी जानबूझकर अनदेखी करने लगी। पुलिस की अनदेखी से आरोपी को बेफिक्र हो गया कि पुलिस अब उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। बताया जा रहा है, चार दिन पूर्व वह गोवा से लौटा था। घर आने की जानकारी मिलने के बाद क्राइम ब्रांच टीम के सदस्य अपनी निजी गाड़ियों में नितिन के घर पहुंचे और घर की चारों तरफ से घेराबंदी कर नितिन को गिरफ्तार कर लिया।

क्लब का असली ....

मालिक रवि उप्पल बताया जा रहा है। रवि के साथी के संबंध में पुलिस जल्द ही खुलासा करने की बात कह रही है।

कनकी में जांच दल को ....

प्रशासन हरकत में आया। उरगा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच टीम को सकुशल छुड़ाया। अब आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कनकी में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों में अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन और कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत करतला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर एक जांच दल का गठन किया गया था। इस जांच टीम में करारोपण अधिकारी सहित अन्य सदस्य शामिल थे, जो शुक्रवार को शिकायतों की जमीनी पड़ताल करने ग्राम कनकी पहुंचे हुए थे। जांच प्रक्रिया के दौरान ही कुछ ग्रामीण उग्र हो गए और मौके पर ही जांच रिपोर्ट तत्काल सौंपने की मांग पर अड़ गए। अधिकारियों द्वारा नियमानुसार रिपोर्ट तैयार करने की बात कहे जाने पर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते ग्रामीणों ने जांच अधिकारियों को घेर लिया, उन्हें बंधक बना लिया और जमकर हंगामा शुरू कर दिया।अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की सूचना तुरंत जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और उरगा थाना पुलिस को दी गई।

त्योहारी सीजन में ....

के बाद स्मृति मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम रायपुर में पहली बार मैदान पर उतरेगी। सीरीज को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने टिकट दरें जारी कर दी हैं। नवरात्रि के दौरान होने वाले इन मुकाबलों के लिए टिकटों की कीमतें अपेक्षाकृत कम रखी गई हैं, क्योंकि दर्शकों को आकर्षित करना बड़ी चुनौती बनी हुई है। टिकट पार्टनर टिकटजिनी के माध्यम से 12 अक्टूबर को शाम 4 बजे से ऑनलाइन बुकिंग शुरू होगी। एक व्यक्ति एक बार में अधिकतम छह टिकट खरीद सकेगा। मैच देखने के लिए छात्रों को अलग से रियायती टिकट उपलब्ध कराने की व्यवस्था नहीं की गई है। आयोजकों के अनुसार, टिकटों की कीमतें पहले से ही कम रखी गई हैं, इसलिए विद्यार्थियों के लिए अलग टिकट श्रेणी नहीं बनाई गई है।

प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर स्टैंड की दरें तय : पवेलियन के विभिन्न स्टैंड के लिए भी टिकट दरें निर्धारित की गई हैं। प्लैटिनम स्टैंड का सिंगल टिकट 3500, गोल्ड स्टैंड का 2500 और सिल्वर स्टैंड का टिकट 2000 रुपए में उपलब्ध होगा। वहीं बॉक्स के एक टिकट की कीमत 3500 रुपए रखी गई है। बॉक्स की 20 टिकटों का पैकेज 70 हजार रुपए में मिलेगा।

डिजिटल टिकट से मिलेगी स्टेडियम में एंट्री : इस बार दर्शकों की सुविधा के लिए डिजिटल टिकट की व्यवस्था की गई है। ऑनलाइन बुकिंग पूरी होने के बाद टिकटधारकों को क्यूआर कोड मिलेगा। स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर इस कोड को स्कैन करने के बाद प्रवेश दिया जाएगा। दर्शकों को टिकट की फिजिकल कॉपी लेने के लिए अलग से किसी काउंटर पर जाने की जरूरत नहीं होगी।

भूजल संरक्षण का लगभग 70 से 80 प्रतिशत काम पूरा : रायपुर स्टेडियम में भूजल के उपयोग से जुड़े मामले में न्यायालय से राहत मिलने के बाद मैच आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। प्रबंधन के अनुसार, न्यायालय ने मैच आयोजित करने की अनुमति देने के साथ पर्यावरण विभाग में 20 लाख रुपए जमा कराने का आदेश दिया है। प्रबंधन के मुताबिक, भूजल संरक्षण की दिशा में स्टेडियम में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा पानी के उपयोग की निगरानी के लिए संबंधित बोरवेल में फ्लो मीटर लगाने की व्यवस्था भी की गई है। इससे यह पता लगाया जा सकेगा कि कितनी मात्रा में भूजल का उपयोग किया जा रहा है। प्रबंधन का कहना है कि भूजल संरक्षण से संबंधित लगभग 70 से 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

11 अक्टूबर को पहुंचेगी भारतीय टीम : सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम 11 अक्टूबर को रायपुर पहुंचेगी, जबकि जिम्बाब्वे की टीम 12 अक्टूबर को आएगी। दोनों टीमों के अभ्यास सत्र भी निर्धारित किए गए हैं। अभ्यास के लिए शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक का समय रखा गया है। इसके अलावा 13 अक्टूबर को दोनों टीमें अभ्यास करेंगी। टीम इंडिया में स्मृति मंधाना (कप्तान), शेफाली वर्मा (उपकप्तान), निकी प्रसाद, हरमनप्रीत कौर, अनुष्का शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी. कमालिनी (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, प्रेमा रावत, श्री चरणी, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, जिंतिमणि कलिता, मिन्नू मणि टीम में शामिल हैं, जो रायपुर आएंगी।

पेज एक के शेष

किसान अड़े...

चक्काजाम के कारण जिला मुख्यालय पहुंचने वाले मार्गों पर आवागमन बाधित है। वहीं, प्रशासन और किसान संघ के पदाधिकारियों के बीच मांगों को लेकर लगातार बातचीत जारी रहने के बावजूद कोई सहमति नहीं बन पाई है। आंदोलन का असर अब आम जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। स्कूलों में पढ़ाई से लेकर शासकीय कामकाज और बाजार में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति तक प्रभावित हो रही है। किसान आंदोलन के चलते जिले के करीब दर्जनभर स्कूलों तक बच्चे नहीं पहुंच पा रहे हैं। मार्ग बंद होने के कारण विद्यार्थियों और शिक्षकों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। जिला मुख्यालय कवर्धा में निवासरत कई शासकीय कर्मचारी भी दूसरे नगरीय निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित स्कूलों और सरकारी कार्यालयों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ सरकारी कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। बताया जा रहा है कि कई निजी स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षाएं चल रही हैं या जल्द शुरू होने वाली है। ऐसे में आंदोलन के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रभावित होने से परीक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। अभिभावक भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि यदि आवागमन की स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो बच्चों की पढ़ाई और परीक्षा कार्यक्रम पर इसका असर पड़ सकता है। चक्काजाम के कारण बाहर से आने वाले मालवाहक वाहन शहर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इससे बाजार में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित होने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली साग-सब्जी, दूध और अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री की आवाजाही भी बाधित है। यदि यही स्थिति आगे बनी रहती है, तो आम लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में परेशानी हो सकती है। आंदोलन के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ने लगा है।

मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े किसान : भारतीय किसान संघ के बैनर तले आंदोलन कर रहे किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। दूसरी ओर, प्रशासन किसान संघ के नेताओं से लगातार चर्चा कर रहा है, ताकि गतिरोध दूर कर आवागमन बहाल किया जा सके। हालांकि, दोनों पक्षों के बीच अब तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है।

समाधान की प्रतीक्षा में आम लोग : किसानों की मांगों को लेकर जारी आंदोलन और चक्काजाम के बीच आम नागरिकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, यात्रियों और व्यापारियों सहित विभिन्न वर्गों का दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। अब लोगों की निगाहें प्रशासन और किसान संघ के बीच होने वाली बातचीत पर टिकी हैं। यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो जनजीवन से जुड़ी परेशानियां और बढ़ सकती हैं। फिलहाल जिला मुख्यालय में सामान्य आवागमन बहाल होने का इंतजार किया जा रहा है।

किसानों से लगातार वार्ता जारी : किसानों की एक मांग जिला स्तर और शेष मांगें राज्य स्तर की हैं, जिन्हें राज्य शासन के संज्ञान में लाया गया है। आंदोलन को समाप्त करने किसानों से लगातार बातचीत की जा रही है और उन्हें समझाइश दी जा रही है। आम लोगों के साथ आवश्यक सेवाएं बाधित न हों इसके लिए धरना प्रदर्शन स्थल में सक्षम अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है और किसानो को मार्ग छोड़कर आंदोलन करने के लिए कहा गया है। **श्रीमती तुलिका प्रजापति**, कलेक्टर कबीरधाम

कोर्ट ने कहा- आरोपी सभ्य...

दीपावली मनाई। लोगों ने घरों के बाहर दीप जलाए और जमकर आतिशबाजी की। 13 अक्टूबर 2024 की रात सूरजपुर जिले में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और उनकी 13 वर्षीय बेटी के साथ हुई दरिंदगी के मामले में करीब दो साल बाद 2 अक्टूबर को फैसला आया। स्पेशल कोर्ट फास्ट ट्रैक पॉक्सो एक्ट के जज आनंद प्रकाश वारियाल ने इस हत्याकांड को क्रूरतम अपराधों की श्रेणी में माना। कोर्ट ने मुख्य आरोपी कुलदीप साहू, चंद्रकांत उर्फ सीके चौधरी और फूल सिंह उर्फ रिंकू सिंह को फांसी की सजा सुनाई, जबकि आर्यन विश्वकर्मा को आजीवन कारावास दिया।

क्रेट के पीछे छिपाया मिला...

पुलिस ने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा की जा रही लगातार चेकिंग की कार्रवाई के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक आयशर माजदा प्रो 3015 क्रमांक एमएच 18 बीजी 7546 में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहा है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एनएच-53 रोड ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की गई। कुछ समय बाद उक्त वाहन के आने पर उसे रोका गया, जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे। वाहन चालक से नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम अजय रविंद्र पवार (उम्र 30 साल) सोनबरक्षी थाना एंरादोल जिला जलगांव (महाराष्ट्र) तथा बगल सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम स्वराज महाजन (25 साल) कसोदा आडगांव थाना कासोदा जिला जलगांव (महाराष्ट्र) का निवासी होना बताया।

ओडिशा से ले जा रहे...

माजदा वाहन कीमत 15,00,000 रुपए, 02 नग मोबाइल की कीमत 8000 रुपए कुल 2 करोड़ 95 लाख 8 हजार रुपए का माल जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी)(II)(सी) एनडीपीएस एक्ट में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

तंजानिया में बस- ट्रक की टक्कर में 28 की मौत

दारअस सलाम। पूर्वी तंजानिया में शुक्रवार तड़के लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक से टकराने के बाद एक यात्री बस में आग लग गई, जिससे कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा मोरोगोरो-दार अस सलाम राजमार्ग पर मकंबरानी के पास उस समय हुआ, जब बस दार अस सलाम से मबेया की ओर जा रही थी।

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कार्यालय कोण्डागांव (छ.ग.)
पता - मंडी परिसर, बाजारपारा फोन नं.- 07786 243570
EMAIL-ID- dmokdg@gmail.com

क्रमांक/विपणन/हमाली/726/2026 कोण्डागांव, दिनांक 08.10.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 मे विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रो मे एचडीपीई प्लास्टिक बोरी एवं सूखा धान भूसा आपूर्ति हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कोण्डागांव के धान संग्रहण केन्द्रों में एचडीपीई प्लास्टिक बोरी एवं सूखा धान भूसा आपूर्ति हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल के वेबसाईट मे जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। निविदा क्रमांक **Bid Number: GEM/2026/B/8102366** निविदा दिनांक 30.09.2026 से 21.10.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय कोण्डागांव मे जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट **www.gem.gov.in** पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप मे उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
कोण्डागांव

कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला-बालोद छ.ग.
Phone No : 07749-299800, Email : nagarpanchayatgurur@gmail.com

क्रं./ 899 / लोक कर्म / न.पं. / 2026-27 गुरूर दिनांक 08/10/2026

-:: मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण प्रथम सूचना ::-

नगर पंचायत गुरूर में पार्षद निधि मद तहत निम्नानुसार कार्य एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों (डी एवं उच्च वर्ग) से कार्य संपादन हेतु छ.ग. लो.नि.वि. के भवन, रोड एस. ओ. आर. 2026, E&M एस.ओ.आर. 2026 (अद्यतन संशोधित अनुसार) पर मुहरबंद निविदा प्रपत्र "अ" एवं "ब" मे द्वि-लिफाफा पद्धति में निविदाएँ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 30.10.2026 समय सायं 5:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं भरकर, स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त लिफाफा दिनांक 02.11.2026 को समय 11:00 बजे उपस्थित फर्म अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी :-

क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	कार्य की कुल संख्या 17 नग	46.75	30.10.2026

उपरोक्त कार्य का निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखा जा सकता है। निकाय से किसी भी प्रकार का भौतिक निविदा प्रपत्र प्रदाय नही किया जायेगा। समय-समय पर कार्यालय द्वारा प्रसारित समस्त आदेशों व निर्देशों को अक्षरतः पालन करना अनिवार्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत गुरूर

कार्यालय, जिला विपणन अधिकारी,
छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, महासमुन्द
मालु मेडिकल के पीछे, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक के ऊपर महासमुन्द (छ.ग.) 493445
Email- mf_dmo_mahasamund@nic.in, Phone- 07723223262,

क्रमांक / विपणन / 2318 / 2026, महासमुन्द, दिनांक 09.10.2026

// निविदा सूचना //

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रो में सुखा धान भुसा आपूर्ति हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित, जिला महासमुन्द द्वारा समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन हेतु विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रो / इकाईयो में सुखा धान भुसा आपूर्ति हेतु आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता हैं। निविदा सूचना जेम पोर्टल की वेबसाईट मे जाकर इच्छुक निविदाकारो के द्वारा भरा जा सकता हैं। निविदा क्रमांक Bid Number GEM/2026/B/8079177 सुखा धान भुसा हेतु निविदा दिनांक 24.09.2026 से 26.10.2026 तक समय 11:00 बजे पूर्वाह्न तक ऑनलाईन भरी जा सकती हैं। बी.जी. / डी.डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय महासमुन्द में जमा करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रारूप तथा शर्तो का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट www.gem.gov.in पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप में उपलब्ध हैं।

जिला विपणन अधिकारी
महासमुन्द (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम) सीआईएन-
U40108CT2003SGC015820, जीएसटीएन-22AADCC5773E1ZX
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाबः निर्माण) संभाग, सीएसपीटीसीएल,
रायपुर पताः- गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) 492009वेबसाईट- www.cspc.co.in,
ईमेल- eeehtconst.raipur@cspc.co.in, टेलीफोन/फैक्स नं.- 0771-2574725

क्र. / कार्य.अभि. / अ.उ.दा.(नि.) / 658 रायपुर, दिनांक 09.10.2026

// आवश्यक सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड की विद्यमान 132 के.व्ही. कांकेर-कोण्डागांव लाईन के लोकेशन क्रमांक 110 से निर्माणाधीन 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र केशकाल तक लगभग 0.419 किमी. 132 के.व्ही. डीसीडीएस लीलो लाईन का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह विद्युत लाईन ग्राम-जामगांव एवं केशकाल जिला–कोण्डागांव से होकर गुजरती है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 10/10/2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है। अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है। विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 1910, भारतीय विद्युत आपूर्ति अधिनियम–1956 एवं विद्युत अधिनियम–2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिये"
संवादः-

(इंजी. यू.के.यादव)
कार्यपालन यंत्री अति उच्च दाब (निर्माण)
संभाग सीएसपीटीसीएल,रायपुर।

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कार्यालय कोण्डागांव (छ.ग.)
पता - मंडी परिसर, बाजारपारा फोन नं.- 07786 243570
EMAIL-ID- dmokdg@gmail.com

क्रमांक/विपणन/हमाली/726/2026 कोण्डागांव, दिनांक 08.10.2026

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 मे विपणन संघ के धान संग्रहण केन्द्रो मे हमाली कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा सूचना

छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित जिला कोण्डागांव के धान संग्रहण केन्द्रों में हमाली कार्य के लिए ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदा सूचना जेम पोर्टल के वेबसाईट में जाकर इच्छुक निविदाकारों के द्वारा भरा जा सकता है। धान संग्रहण केन्द्र कोण्डागांव हेतु हमाली निविदा क्रमांक **Bid Number: GEM/2026/B/8112649** दिनांक 03.10.2026 से 22.10.2026 समय दोपहर 1.00 बजे तक एवं धान संग्रहण केन्द्र जोबा हेतु हमाली निविदा क्रमांक **Bid Number: GEM/2026/B/8112848** दिनांक 03.10.2026 से 22.10.2026 समय दोपहर 2.00 बजे तक ऑनलाईन भरी जा सकती है। बी.जी./डी.डी. की मूलप्रति निविदा की अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व जिला कार्यालय कोण्डागांव में जमा करना अनिवार्य है।

निविदा प्रारूप तथा शर्तों का अवलोकन जेम पोर्टल की वेबसाईट **www.gem.gov.in** पर निविदाकर्ता के अध्ययन हेतु गाईडलाईन के रूप मे उपलब्ध है।

जिला विपणन अधिकारी
कोण्डागांव

Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya
इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय
Lingo Mudiyal College of Agriculture and Research Station, Narayanpur(C.G.)
लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, नारायणपुर (छ.ग.)
Email: cars.narayanpur@igkv.ac.in

No./Dean/LMCARS/NPR/2026-27/1072 Narayanpur, Date: 09/10/2026

Walk-in-Interview

Applications are invited for engaging guest teachers in Agricultural Extension, Entomology, Genetics & Plant Breeding, Soil Science, Agro Meteorology, Agricultural Statistics and Livestock Production Management. The interview will be held on 27th October 2026 at 11:00 AM in the Seminar Hall of the College of Agriculture, Raipur. The candidate shall submit their Application by Registered/speed post/by- hand on or till 19th October 2026 at Lingo Mudiyal College of Agriculture and Research Station, Kerlapal, Narayanpur, 494661. The details of qualification etc. can be seen in the University website- https://igkv.ac.in/site/

Dean
अधिष्ठाता
लिंगो मुदियाल कृषि महाविद्यालय
एवं अनुसंधान केन्द्र नारायणपुर(छ.ग.)

C/PDCL कार्यालय- कार्यपालन अभियंता (परियोजना)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कवर्धा
(छ.रा.वि. मण्डल की उत्तरदायी कंपनी, छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
EEPRJ.Kawardha@cspc.co.in

क्र./054/5900/लाईन चार्ज/ कवर्धा, दिनांक 09/10/2026

// आवश्यक सूचना //

समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि कबीरधाम जिले के अंतर्गत नवीन 33 केव्ही लाईन इंटरकनेक्शन के लिए 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सबराटोला से 33/11 उपकेन्द्र मोहगांव तक 33 केव्ही लाईन निर्माण का कार्य पूर्ण किया गया है। उक्त नवनिर्मित 33 केव्ही लाईन को दिनांक 10.10.2026 से कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है।

कार्य पूर्ण किये गये विद्युत लाईनों को इस सूचना के प्रकाशन दिनांक 10.10.2026 से कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है, अतः विद्युत लाईन के खंभो एवं स्टे आदि से सुरक्षित दूरी बनाये रखे तथा किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करें।

प्रभावित क्षेत्र- ग्राम- मोहगांव, दरगांव, सिघनगढ़, रंजीतपुर एवं सबराटोला।

कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. कवर्धा

बेंगलुरु हवाई अड्डे पर पकड़ाई करोड़ों रुपये की सोने की खेप

बेंगलुरु। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर सोने के तस्करों ने तस्करी का एक नया तरीका अपनाया। राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने बताया कि 2 आरोपी मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर से यह सोना लेकर आए थे। उन्होंने 1.3 किलोग्राम सोने के बिस्किट, जिनकी कीमत 1.8 करोड़ रुपये है, लगेज ट्रॉली के नीचे चिपका कर छिपाए थे। तस्करों की उम्मीद थी कि कोई अनजान यात्री बिना जाने-समझे इस सोने को कस्टम्स से बाहर ले जाएगा।

मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ी गई सोने की पेस्ट

खास जानकारी मिलने के बाद ही डीआरआई ने बेंगलुरु में यह सोना जब्त किया था। लगभग उसी समय, मुंबई हवाई अड्डे पर तैनात अधिकारियों ने भी एक और यात्री को पकड़ा। यह य



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते है तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंब्युलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है।



विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।

अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

खबर संक्षेप



भारत के विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 734 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार दो अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 12.95 अरब डॉलर घटकर 734.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल विदेशी मुद्रा भंडार 25 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 18.34 अरब डॉलर घटकर 747.56 अरब डॉलर रहा था। प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली योजना के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा आने से चार सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार अब तक के उच्चतम स्तर 785.71 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस योजना के जरिये बैंकों ने करीब 133 अरब डॉलर की रिकॉर्ड राशि जुटाई है।

एचडीएफसी बैंक के सीईओ को मिलेगा 43 करोड़ वेतन



मुंबई। एचडीएफसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) बनने जा रहे अनूप बागची को पहले साल करीब 43 करोड़ रुपये का पारिश्रमिक (वेतन) मिलेगा। इसके साथ ही वह देश में सबसे अधिक पारिश्रमिक पाने वाले बैंकर बन जाएंगे। सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक की शेयर बाजार को दी गई सूचना के अनुसार, आईसीआईसीआई समूह में रह चुके अनुभवी बागची को 8.97 करोड़ रुपये का निश्चित पारिश्रमिक और 26.92 करोड़ रुपये का ''वैरिएबल पे'' मिलेगा।

कोचीन शिपयार्ड को मिला 40 पोत बनाने का ऑर्डर



नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अमेरिका, जर्मनी, नॉर्वे और अन्य देशों से 40 से अधिक पोत बनाने के ऑर्डर मिले हैं। पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने यह जानकारी दी। सोनोवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पोत या जहाज निर्माण के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा, 'पोत निर्माण के लिए हमें जो ज्यादातर ऑर्डर मिल रहे हैं, वे जर्मनी, अमेरिका और नॉर्वे जैसे देशों से कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) को मिल रहे हैं।

जीएसटी की औसत दर घटकर 10.84 प्रतिशत



नई दिल्ली। पिछले साल सितंबर में जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाए जाने के बाद औसत जीएसटी दर घटकर 10.84 प्रतिशत रह गई है, जो 2023 में 11.4 प्रतिशत थी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। एक जुलाई, 2017 को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लागू किए जाने के समय राजस्व-तटस्थ दर (आरएनआर) 15.8 प्रतिशत आंकी गई थी।

बिजली संयंत्रों को कोयला आपूर्ति 36 प्रतिशत बढ़ी



नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा क्षेत्र को कोयले की दैनिक आपूर्ति सितंबर के निचले स्तर से करीब 36 प्रतिशत बढ़ गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बिजली संयंत्रों में कोयले के भंडार में कमी आने की रफ्तार धीमी हुई है और रेल के जरिये कोयले की ढुलाई में सुधार हुआ है। बयान के मुताबिक, कोयले के भंडार में दैनिक कमी सितंबर के 2.43 लाख टन से घटकर अक्टूबर में 1.16 लाख टन रह गई है। अक्टूबर में रेल के जरिये कोयले की औसत दैनिक ढुलाई 465 रेक से अधिक रही।

अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल, बेजोस बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स ने जारी की नई सूची, एलन मस्क सबसे अमीर पर नहीं रहे खरबपति

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के अरबपतियों की सूची में उथल-पुथल देखने को मिल रही है। अंतरिक्ष कारोबार में निवेश से जेफ बेजोस की संपत्ति बढ़कर 365 अरब डॉलर हो गई है और वह लैरी पेज को पछाड़कर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति हो गए हैं। हालांकि, एलन मस्क अब भी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं, लेकिन अब वह खरबपति नहीं रहे। उनकी दौलत घटकर 987 अरब डॉलर रह गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, बेजोस की कुल संपत्ति अब 365 अरब डॉलर हो गई है। इसके साथ ही वह दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने अल्फाबेट के सह-संस्थापक लैरी पेज को पीछे छोड़ दिया है। पहले स्थान पर एलन मस्क हैं, जिनकी संपत्ति 987 अरब डॉलर बताई गई है।

खास खबर

बेजोस के नेटवर्थ में उछाल का कारण

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर पहुंचने के बाद उनकी संपत्ति में 80 अरब डॉलर यानी करीब 7.74 लाख करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। यह दुनिया के सबसे बड़ा नेटवर्थ ग्रोथ में से एक है। जेफ बेजोस ने वर्ष 2000 में ब्लू ओरिजिन की स्थापना की थी। कंपनी ने हालिया फंडिंग राउंड में पहली बार बाहरी निवेशकों से इक्विटी कैपिटल जुटाई।



कंपनी में जेफ की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत

इस फंडिंग के बाद कंपनी की वैल्यूएशन 140 अरब डॉलर आंकी गई। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कंपनी में बेजोस की हिस्सेदारी करीब 93 प्रतिशत है। इस वैल्यूएशन के आधार पर कंपनी में उनकी हिस्सेदारी का अनुमान पहले से काफी बढ़ गया है। यही बढ़लाव उनकी कुल संपत्ति के आकलन में उछाल की प्रमुख वजह बना है।

स्पेसएक्स से मुकाबला

एलन मस्क की स्पेसएक्स अंतरिक्ष कारोबार में अब भी बड़ी खिलाड़ी है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेसएक्स ने पिछले साल करीब 18.7 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, जबकि ब्लू ओरिजिन का रेवेन्यू लगभग 800 मिलियन डॉलर रहा। दोनों कंपनियां रॉकेट लॉन्च, स्पेस और मून से जुड़े प्रोजेक्ट्स में मुकाबला कर रही हैं। निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी ने इस सेक्टर की कंपनियों की वैल्यूएशन और उनके संस्थापकों की संपत्ति को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

मस्क 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर 987 बिलियन डॉलर पर आए

एलन मस्क का नेटवर्थ अब 1.05 ट्रिलियन डॉलर से घटकर अब 987 बिलियन डॉलर हो गया है। इसके बावजूद वह ताइवान, बेल्जियम, स्वीडन, इजरायल, अर्जेंटीना, सिंगापुर, आस्ट्रिया, यूएई जैसे सैकड़ों देशों से भी अमीर हैं। आईएमएफ के मुताबिक ताइवान की जीडीपी अभी 976.72 अरब डॉलर है। जबकि, आयरलैंड की जीडीपी 779.38 अरब डॉलर। बेल्जियम की जीडीपी भी एलन मस्क के नेटवर्थ से अभी कम है। इसकी जीडीपी 776.73 अरब डॉलर है।

संचार मंत्री की मस्क के आरोपों के बीच यह टिप्पणी

भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता : सिंधिया

सिंधिया ने कहा, एक खास कंपनी की काफी चर्चा हो रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता। उन्होंने कहा कि एक ''खास'' कंपनी की काफी चर्चा हो रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि तीन कंपनियों को उपग्रह संचार (सैटकॉम) लाइसेंस मिल चुके हैं और वे सुरक्षा संबंधी शर्तों तथा निर्धारित लक्ष्यों को अलग-अलग पूरा करने के बाद परिचालन शुरू कर सकती हैं।

तीन कंपनियों को उपग्रह संचार का लाइसेंस मिल चुका

उपग्रह संचार सेवाओं को लेकर जारी विवाद और अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के आरोपों के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है। मस्क ने दावा किया है कि कुछ प्रभावशाली कारोबारी समूह उनकी कंपनी स्टारलिंक की उपग्रह संचार सेवाओं को शुरू होने से रोक रहे हैं। मस्क ने आरोप लगाया था कि ये समूह ''भारतीय लोगों पर अपना एकाधिकार बनाए रखना चाहते हैं।''

भारत प्रौद्योगिकी के मामले में तटस्थ

सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि भारत किसी भी क्षेत्र में एकाधिकार की अनुमति नहीं देता। मंत्री ने यहां 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' में कहा, ''मैं स्थिति स्पष्ट करना चाहता हूं। दूरसंचार विभाग के लिए हम प्रौद्योगिकी के मामले में तटस्थ हैं। हमारा काम हर ग्राहक को सेवाओं के व्यापक विकल्प उपलब्ध कराना है। खुले बाजार में ग्राहक को यह चयन करना होगा कि वह कौन-सी सेवा पसंद करता है और उन विकल्पों में से किस कंपनी की सेवा लेना चाहता है।''



लाइसेंस केवल तीन कंपनियों को मिले हैं

सिंधिया ने कहा कि मस्क की स्टारलिंक, रिलायंस जियो की उपग्रह सेवा इकाई जियो सैटकॉम और भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब को लाइसेंस मिल चुके हैं। वहीं, अमेजन की कुइपर ने इस क्षेत्र में रुचि दिखाई है और उसे निर्धारित प्रक्रिया से गुजरना होगा। मंत्री ने कहा कि एक खास कंपनी को लेकर काफी चर्चा हो रही है, लेकिन सैटकॉम के लाइसेंस तीन सेवा प्रदाताओं को मिले हैं।

क्या अंबानी ही भारत के असली बॉस है: मस्क

इस मुद्दे पर बृहस्पतिवार को भारत सरकार और मस्क के बीच तीखी बयानबाजी हुई थी। दूरसंचार विभाग ने उन आरोपों को खारिज कर दिया था कि घरेलू कारोबारी हितों के कारण स्टारलिंक की उपग्रह इंटरनेट सेवाओं को शुरू होने से रोका जा रहा है। इसके बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र के अरबपति कारोबारी मस्क ने सवाल किया था कि क्या ''अंबानी ही भारत के असली बॉस हैं।''

ट्राई और सैटकॉम अंतिम निर्णय के करीब

संचार मंत्री ने कहा कि भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) और दूरसंचार विभाग 'सैटकॉम स्पेक्ट्रम' की मूल्य निर्धारण व्यवस्था पर अंतिम निर्णय के करीब हैं। राहुल गांधी और एलन मस्क के बीच सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर हुई बातचीत की पृष्ठभूमि में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मंत्री ने कहा, ''जहां तक कांग्रेस पार्टी की बात है, मुझे नहीं लगता कि उसे खुद पता है कि वह बाएं जा रही है या दाएं।''

कांग्रेस को शुरुआत में खास व्यक्ति पर आपत्ति थी

सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस को शुरुआत में ''एक खास व्यक्ति को लाइसेंस मिलने पर आपत्ति थी और अब उसे इस बात पर आपत्ति है।'' मंत्री ने कहा, ''अब वे उसी व्यक्ति के साथ मिलकर सवाल उठा रहे हैं कि उसे लाइसेंस क्यों नहीं मिल रहा।'' सिंधिया ने कहा, ''इसलिए मुझे नहीं पता कि कांग्रेस को खुद स्पष्टता है या नहीं कि वह किस दिशा में जा रही है, लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा होना अपेक्षित है।''

अब कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान

जीएसटी चोरी पर सजा के प्रावधान में बदलाव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



माल एवं सेवा कर परिषद (जीएसटी) ने जीएसटी संबंधी अपराधों के लिए अधिकतम पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान किया है। इसके तहत सजा के प्रावधान को 'कैद और जुर्माने' से बदलकर 'कैद या जुर्माना या दोनों' कर दिया गया है। इसमें 10 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी के मामलों में अधिकतम सजा को तर्कसंगत बनाते हुए पांच साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान किया गया है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद की 57वीं बैठक में पांच करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 10 करोड़ रुपये से कम की कर चोरी के मामलों में दो साल तक की कैद, जुर्माना या दोनों की सजा को मंजूरी दी गई।

■ अपराधों के लिए अधिकतम पांच साल की कैद

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) में कहा कि किसी व्यक्ति को दोषी ठहराए जाने की स्थिति में भी कैद की सजा देना अनिवार्य नहीं होगा। सीबीआईसी ने कहा, ''सजा के प्रावधान को 'कैद और जुर्माने' से बदलकर 'कैद या जुर्माना या दोनों' करने का प्रस्ताव है, ताकि सजा तय करने में अदालत को विवेकाधिकार मिल सके।''

धारा 132 (3) के तहत कम-से-कम छह महीने की कैद देने की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है, ताकि अदालत को सजा तय करने में विवेकाधिकार मिल सके।

किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे

अपराधों को गैर-आपराधिक बनाने की दिशा में एक बड़े कदम के तहत जीएसटी परिषद ने जीएसटी कानून के अंतर्गत गिरफ्तारी के प्रावधान हटाने का फैसला किया है। इसके तहत जीएसटी अधिकारी कानून के किसी अपराध के लिए किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकेंगे।

आईटी शेयरों की अगुवाई में लौटी तेजी, सेंसेक्स 879 अंक चढ़ा

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 879 अंक चढ़कर बंद हुआ। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 879.09 अंक बढ़कर 72,472.33 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,075.96 अंक चढ़कर 72,669.20 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 288.65 अंक बढ़कर 22,520.45 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी का शेयर 4.78 प्रतिशत चढ़ा, जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में 4.23 प्रतिशत की तेजी आई। टीसीएस का जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 15 प्रतिशत बढ़कर 13,884 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने आगे भी वृद्धि की गति बने रहने का संकेत दिया है। इनके अलावा अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख लाभ में रहे। सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में केवल रिलायंस इंडस्ट्रीज का ही शेयर गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.32 प्रतिशत गिरकर 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"हाल की तेज गिरावट के बाद निचले स्तर पर खरीदारी आने और शॉर्ट कवरिंग के लिए की गयी लिवाली से घरेलू शेयर बाजार में राहत की तेजी आई।



बाजार बढ़त बनाने में सफल रहा

साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 562.63 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की बढ़त लेने में सफल रहा जबकि एनएसई निफ्टी ने 98.5 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की तेजी हासिल की। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"पिछले सत्र में भारी गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौटी।

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया

टीसीएस के नतीजों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया से आईटी शेयरों को समर्थन मिला। इसके अलावा बैंकिंग, एफएमसीजी और वाहन कंपनियों के शेयरों में भी खरीदारी देखी गई। ब्रेंट क्रूड भी हाल के उच्च स्तर से नीचे आ गया।/" एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की सूचकांक मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ।

वैश्विक वस्तु व्यापार 3.9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने कहा कि 2026 में वैश्विक वस्तु व्यापार की मात्रा 3.9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जबकि मार्च में इसके 1.9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया गया था। हालांकि, डब्ल्यूटीओ ने कहा कि पश्चिम एशिया में संघर्ष से 2026 में ऊर्जा की ऊंची कीमतों और परिवहन मार्गों में व्यवधान के कारण व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। डब्ल्यूटीओ के नवीनतम ''वैश्विक व्यापार परिदृश्य एवं सांख्यिकी'' के अनुसार, 2027 में वैश्विक वस्तु व्यापार की मात्रा 4.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। डब्ल्यूटीओ ने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित निवेश 2027 तक वैश्विक वस्तु व्यापार की वृद्धि का एक प्रमुख कारक बना रहेगा।

सोना 1,900 रुपए मजबूत, चांदी में भी 4,500 रुपए की तेजी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,900 रुपये चढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। डॉलर में गिरावट से निवेशकों की धारणा मजबूत होने के कारण सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी रही।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,54,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी।

चांदी की कीमत में भी गिरावट का सिलसिला थम गया और यह 4,500 रुपये बढ़कर 2,28,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। बृहस्पतिवार को चांदी 3,000 रुपये टूटर थी, जबकि सप्ताह के शुरुआती तीन कारोबारी सत्रों में यह स्थिर रही थी।



ब्रोकरेज मंच लेमन के शोध प्रमुख, गौरव गर्ग ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर हाल के उच्च स्तर से नीचे आया, जिससे महंगाई को लेकर चिंताओं के बावजूद कीमती धातुओं की कीमतों को समर्थन मिला और सोने के भाव में तेजी आई।''

चांदी की कीमत दो प्रतिशत उछली

अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने की कीमत 48.35 डॉलर यानी 1.17 प्रतिशत बढ़कर 4,181.98 डॉलर प्रति औंस हो गई। वहीं, तीन महीने के निचले स्तर तक गिरने के बाद चांदी की कीमत दो प्रतिशत उछलकर 60.32 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

डॉलर और कच्चे तेल में गिरावट से सोना तेज

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच हाजिर सोने का कारोबार एक प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ करीब 4,180 डॉलर प्रति औंस पर रहा।''

फ्यूजन सीएक्स का आईपीओ 14 अक्टूबर को खुलेगा

नई दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित ग्राहक अनुभव समाधान देने वाली कंपनी फ्यूजन सीएक्स लिमिटेड ने अपने 702 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 275-289 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि आईपीओ 14 अक्टूबर को अभिदान के लिए खुलेगा और 16 अक्टूबर को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 13 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।

बिजनेस साइट

रायपुर में क्रेडाई छत्तीसगढ़ का 'द डिजिटल लैंड रिवोल्यूशनरी' विषय पर विशेष सत्र आयोजित

रायपुर। रियल एस्टेट सेक्टर में अब केवल व्यक्तिगत संपर्क के बजाय ब्रांड, पारदर्शिता और तकनीक के आधार पर कारोबार का विस्तार होगा। ग्राहकों का भरोसा जीतने के लिए डेवलपर्स को स्पष्ट जानकारी और बेहतर सेवाओं पर ध्यान देना होगा। यह बात 'द हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा' के संस्थापक एवं चेयरमैन अभिनंदन लोढ़ा ने शुक्रवार को होटल हयात में आयोजित क्रेडाई छत्तीसगढ़ की नॉलेज सीरीज में कही। 'द डिजिटल लैंड रिवोल्यूशनरी' विषय पर आयोजित इस सत्र में प्रदेशभर के प्रमुख डेवलपर्स और क्रेडाई सदस्यों ने हिस्सा लिया। सकता है।



जमीन को वेल्थ क्रिएशन के रूप में पेश करें

लोढ़ा ने डेवलपर्स को सलाह दी कि वे केवल प्रोजेक्ट बेचने के बजाय मजबूत ब्रांड बनाने पर ध्यान दें। प्लॉट की कीमत, बिक्री समझौते और कानूनी जानकारी ग्राहकों के साथ साझा करना जरूरी है। उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर विकास वाले क्षेत्रों में निवेश, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग और बिक्री के बाद बेहतर सेवाओं को भी महत्वपूर्ण बताया। युवा निवेशकों को छोटे और डिजिटल निवेश विकल्पों के जरिए जमीन में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। सत्र में अयोध्या के प्रोजेक्ट, नए शहरों में विस्तार और संस्थागत पूंजी जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का संचालन पंकज लाहोटी और मृणाल गोलछा ने किया। शशांक अग्रवाल और अभिषेक फतनानी कार्यक्रम के प्रोग्राम चैंपियन रहे।

पिछले दो वर्षों से आवेदन की संख्या इकाई अंक में रही

टीसीएस ने कहा, ग्राहक सेवाओं पर असर नहीं पड़ेगा

टीसीएस का ध्यान स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर है

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने शुक्रवार को कहा कि उसे अमेरिका में 'ग्रीन कार्ड' कार्यक्रम पर की गई कार्रवाई से अपनी कार्यबल रणनीति या ग्राहकों के साथ कामकाज पर असर पड़ने की आशंका नहीं है। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी ने कहा कि इसकी मुख्य वजह यह है कि पिछले दो वर्ष में इस कार्यक्रम के तहत उसके आवेदन की संख्या इकाई अंक में रही है। साथ ही उसका ध्यान स्थानीय लोगों को नौकरी देने पर है।

अमेरिकी नागरिकों को नहीं मिल रहे रोजगार के अवसर

अमेरिका ने बृहस्पतिवार को टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो, कॉग्निजेंट और माइक्रोसॉफ्ट समेत आठ आईटी कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए 'ग्रीन कार्ड' के आवेदन से जुड़े एक कार्यक्रम से निलंबित कर दिया। अमेरिका का आरोप है कि इस प्रक्रिया के कारण अमेरिकी नागरिकों को रोजगार के अवसर नहीं मिल पाए हैं।



कंपनी किसी भी निर्देश का पालन करेगी

टीसीएस ने कहा, ''हमने अमेरिकी सरकार की ओर से 'स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम' के संबंध में की गई घोषणा पर गौर किया है और कंपनी श्रम मंत्रालय के किसी भी निर्देश का पालन करेगी। अमेरिका में हमारी कार्यबल रणनीति स्थानीय प्रतिभाओं को नौकरी देने पर आधारित है, जिसे परिसरों से भर्ती की मजबूत व्यवस्था का समर्थन हासिल है।''

कामकाज पर नहीं पड़ेगा असर

टीसीएस ने बयान में कहा, ''पिछले दो वर्ष में हमारे 'स्थायी श्रम प्रमाणन कार्यक्रम' (पीईआरएम) आवेदन की संख्या इकाई अंक में रही है। इसलिए हमें नहीं लगता कि कार्यक्रम के निलंबन से हमारी कार्यबल रणनीति और ग्राहकों के साथ कामकाज पर असर पड़ेगा।''

प्रतिभाओं की आवाजाही दो अलग मुद्दे

अमेरिका द्वारा प्रमुख भारतीय कंपनियों समेत आठ प्रौद्योगिकी कंपनियों को 'ग्रीन कार्ड' से जुड़े एक अहम कार्यक्रम से निलंबित किए जाने के बाद उद्योग संगठन नैसकॉम ने कहा कि आव्रजन और कुशल प्रतिभाओं की आवाजाही ''दो अलग-अलग मुद्दे'' हैं और इन्हें एक ही नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए।

टीसीएस पांच वर्षों में 15 हजार नौकरियां और देगा

टीसीएस ने कहा कि पहले की गई घोषणा के मुताबिक, उसका अपने स्थानीय कार्यबल को और मजबूत करने के लिए अगले पांच वर्षों में अमेरिका में 15,000 और लोगों को नौकरी देने का इरादा है।

दूसरे टी20 में भारत की 6 विकेट से हार, वेस्टइंडीज ने सीरीज में की बराबरी

रांची में उलटफेर, 500+ स्कोर वेस्टइंडीज का ऐतिहासिक रन चेज

कप्तान होप ने 45 गेंद में ठोके 102 रन

एजेंसी ▶▶| रांची

कप्तान शाइ होप के नाबाद 102 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 मैच में शुक्रवार को जीत के लिए रिकॉर्ड 250 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 6 विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। भारत के 5 विकेट पर 249 रन के जवाब में वेस्टइंडीज के लिए होप ने 45 गेंद में 6 चौकों और 9 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन बनाए। वहीं शेरफान रदरफोर्ड ने 37 गेंद में 84 रन बनाए। इन दोनों पारियों की मदद से वेस्टइंडीज ने 18. 3 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने पहला मैच लखनऊ में 8 विकेट से जीता था ।

सैमसन ने खेली आक्रामक पारी

भारत के लिए संजू सैमसन 82 रन की आक्रामक पारी के साथ फॉर्म में लौटे जबकि श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा ने भी उपयोगी पारियां खेली। सैमसन ने 21 गेंदों में अपना नौवां टी20 अर्धशतक जमाया। उन्होंने ईशान किशन (22 गेंदों में 43 रन) के साथ 97 रन की साझेदारी की । दोनों ने 11 ओवर के बाद 12 की रनरेट से भारत को एक विकेट पर 139 रन तक पहुंचाया। अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे ईशान ने अपनी पारी में 6 चौके और दो छक्के लगाए। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने इस साझेदारी को तोड़ा और लगातार दो विकेट लिए।



होप की शानदार पारी टीम इंडिया पर पड़ी भारी

होप और रदरफोर्ड ने भारत के स्पिन आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। पहले टी20 में अर्धशतक जमाने वाले होप ने उसी लय को कायम रखते हुए शतक जड़ा। उन्होंने अक्षर पटेल को छक्का लगाकर दूसरा टी20 शतक पूरा किया और टीम को जीत तक पहुंचाया। रदरफोर्ड ने उनका पूरा साथ दिया और सिर्फ 54 गेंद में 120 रन की साझेदारी की।

स्कोर बोर्ड

भारत	रन	गेंद	4	6
अभिषेक का मोती बो चेस	20	12	2	1
सैमसन का पूरन बो रदिंगर	82	41	9	4
ईशान किशन बो चेस	43	22	6	2
शिवम दुबे बो चेस	07	10	1	0
अय्यर का हेटमायेर बो रदिंगर	40	18	3	3
तिलक वर्मा नाबाद	44	18	3	3
नमन धीर नाबाद	04	01	1	0
अतिरिक्त : 9 रन, योग : 20 ओवर में 249/5 रन				
गेंदबाजी : हुसैन 3-0-46-0, शेफर्ड 3.4-0-47-0, चेस 4-0-24-3, मोती 2-0-21-0, जोसेफ 3-0-39-0, रिदंगर 4-0-64-2, पॉवेल 0.2-0-7-0				
वेस्टइंडीज	**रन**	**गेंद**	**4**	**6**
शाइ होप नाबाद	102	45	6	9
पूरन का बिश्नोई बो यादव	04	02	1	0
हेटमायेर बो यादव	00	01	0	0
पॉवेल बो यादव	24	13	4	1
रदरफोर्ड का सैमसन बो कुलदीप	84	37	7	7
रोमारियो शेफर्ड नाबाद	34	13	3	3
अतिरिक्त : 4 रन, योग : 18.3 ओवर में 252/4 रन				
गेंदबाजी : मयंक यादव 3-0-36-3, अर्शदीप 4-0-45-0, अक्षर 3.3-0-63-0, दुबे 2-0-30-0, कुलदीप 4-0-53-1, नमन 2-0-25-0				

ज्वेरेव और शेल्टन तीसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| शंघाई



अमेरिकी ओपन चैंपियन अलेक्जेंडर ज़्वेरेव और अपना 24वां जन्मदिन मना रहे बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई।



अमेरिकी ओपन के फाइनल में शेल्टन को हराने वाले शीर्ष वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने चीन के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले वू यिबिंग को 6-4, 7-6 (4) से पराजित किया। दूसरी तरफ शेल्टन ने इस एटीपी 1000-स्तरीय टूर्नामेंट में डेनियल अल्टमायर पर 6-3, 7-6 (6) से जीत हासिल करके शानदार तरीके से अपना जन्मदिन मनाया।

इस बीच नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को वॉकओवर मिला, जिससे वह तीसरे दौर में पहुंच गए। उनके प्रतिद्वंदी एलेक्स मोलकान ने किसी अज्ञात बीमारी के कारण मैच से नाम वापस ले लिया था। एक अन्य मैच में क्वालीफायर रेई सकामोटो ने 23वीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

जोकोविच हुए उलटफेर का शिकार

शंघाई। चौबीस बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच शुक्रवार को शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। पोलैंड के हुबर्ट हुरकाज ने उन्हें सीधे सेटों में हराया। हुरकाज ने 39 वर्षीय जोकोविच को महज 87 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-3 से शिकस्त दी। इस सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग में चाइना ओपन का फाइनल जीतने के बाद जोकोविच को यह हार मिली है। हुरकाज 2023 में शंघाई मास्टर्स चैंपियन थे।

केनरा बैंक Canara Bank
घड़ी चौक शाखा धमतरी एवं सेजबहार शाखा रायपुर (छ.ग.)

स्वर्ण नीलामी सूचना

नीचे बताए गए लोगों को सूचित किया जाता है कि कई बार याद दिलाने के बाद भी वे अपने लोन अकाउंट का बकाया नहीं चुका पाए हैं । इसलिए उनसे अनुरोध है कि वे बकाया राशि और अन्य शुल्क चुका दें और गिरवी रखी गई सिक्योरिटीज (सोने के गहने) को 26/10/2026 (तारीख) या उससे पहले छुड़ा लें। ऐसा न करने पर, बैंक इन सिक्योरिटीज को कर्जदार के खर्च पर ऑनलाईन सेवा प्रदाता "M/S C1 India Private Limited" की ऑनलाइन नीलामी सेवा के जरिए सार्वजनिक नीलामी में बेच देगा । नीलामी 27/10/2026 को दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे तक या उसके बाद किसी भी सुविधाजनक तारीख को बिना किसी और सूचना के बैंक के पूर्ण विवेक पर की जायेगी । इसके लिए www.bankeauctions.com/canarabank पर जाएं ।

ऋणी की तिथि/ ऋण खाता सं.	ऋण लेने वाले का नाम एवं पता	कुल वजन एवं शुद्ध वजन	ईएमडी खाते का विवरण	देय राशि	शाखा/संपर्क नं. एवं ईमेल आईडी
30/03/2026 164135313043	कंचन देवांगन C/O ईश्वर देवांगन, निवासी-शासकीय स्कूल के पास, हाटकेश्वर वार्ड जिला-धमतरी, धमतरी छत्तीसगढ़-493773.	22.78 ग्राम 18.21 ग्राम	209272434 IFSC CODE: CNRB0017848	₹ 1,79,743/- 08/10/2026 पर + भविष्य का ब्याज लागत एवं खर्च ।	Dhamtari, Ghadi Chowk Branch Mob. 7880109250 cb17848@canarabank.com
22/10/2025 164102664488	जसमीत सिंह दुआ C/o. हरजीत सिंह दुआ, सेक्टर-2, विद्या नगर, घासीदास मंदिर अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) 492001	18.00 ग्राम 16.00 ग्राम	209272434 IFSC CODE: CNRB0005142	₹ 1,52,237/- 08/10/2026 पर + भविष्य का ब्याज लागत एवं खर्च ।	Raipur, Sejbahar Mob. 9425505142 cb5142@canarabank.com

सोने के गहनों की नीलामी पूरी तरह से "जैसा है, जहाँ है" और "जो कुछ भी है" एवं "बिना किसी रिकॉर्स के" (आधार पर होगी । नीलामी के लिए गहनों की पहचान बैंक की विवेक पर निर्भर करेगी । सफल बोली लगाने वाले को बिक्री मूल्य के अलावा GST भी देना होगा । बोली लगाने के इच्छुक लोग विस्तृत नियमों और शर्तों या अधिक जानकारी के लिए M/s C1 India Private Limited से संपर्क करें (ई-मेल: support@bankeauctions.com, हेल्पलाइन नंबर: 0124-4302020/21/22/23) । अधिक जानकारी के लिए बैंक के उपरोक्त लिखित मो. नं. से सम्पर्क करें । नोट: रिजर्व प्राइस नीलामी की तारीख पर IBJA वेबसाइट पर दिए गए 22 कैरेट सोने के रेट के आधार पर तय किया जाएगा ।

दिनांक: 09.10.2026, स्थान: धमतरी, रायपुर (छ.ग.) हस्ताक्षर/ शाखा प्रबंधक

33 गेंद में जीरो, ऑस्ट्रेलिया के ओपनर का अनचाहा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| डरबन



ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच तीन टेस्ट की सीरीज का पहला मैच 9 अक्टूबर से डरबन में शुरू हुआ। इसके साथ ही एक नई ओपनिंग जोड़ी ऑस्ट्रेलिया ने उतारी। मगर नतीजा वही रहा, जो पिछले कुछ मैचों में रहा था, नाकामी। 10 साल फिर से टेस्ट मैच खेलने उतरे निक मेडिनसन 33 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके और मार्को यानसन के शिकार बन गए। गेंद उनके बल्ले से लगकर स्टंप्स बिखेर गई। यह 26 साल में किसी भी टेस्ट ओपनर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इससे पहले साल 2000 में जिम्बाब्वे के ट्रेवर ग्रिपर वेस्ट इंडीज के सामने 36 गेंद खेलने के बाद भी खाता नहीं खोल सके थे। मेडिनसन ने 2016 में साउथ अफ्रीका के सामने ही टेस्ट डेब्यू किया था। तीन मैच खेलने के बाद वे बाहर कर दिए थे।

मेगन शट ने वनडे में पूरे किए 150 विकेट

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन



ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज मेगन शट के नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज हो गई है। शुक्रवार को ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड पर बांग्लादेश महिला टीम के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में शट ने वनडे क्रिकेट में 150 विकेट पूरे किए। शट इस खास मुकाम तक पहुंचने वाली सिर्फ तीसरी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बन गई हैं। वह इस लिस्ट में दिग्गज ऑलराउंडर एलिस पेरी (166 विकेट) और पूर्व तेज गेंदबाज कैथरीन फिट्जपैट्रिक (180 विकेट) के साथ शामिल हो गई हैं। बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में उतरते समय, 33 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दो विकेट की जरूरत थी। उन्होंने सीरीज की पहली ही गेंद पर फरगाना हक का विकेट लिया और फिर तीसरे ओवर में शर्मिन सुल्ताना का विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की।

मानव | ग्रह | प्रगति

जिम्मेवार खनन और नवाचार के माध्यम से विकास को बढ़ावा

एनएमडीसी लिमिटेड की 68वीं वार्षिक आम बैठक में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक का वक्तव्य



टर्नओवर 31,554 करोड़ रूपए



कर पश्चात लाभ 7,421 करोड़ रूपए



उत्पादन 53.16 मिलियन टन



बिक्री 50.24 मिलियन टन



प्रिय शेयर धारकों,

मुझे एनएमडीसी लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2025–26 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है, एक ऐसा वर्ष जो मजबूत प्रदर्शन, महत्वपूर्ण माइलस्टोन और हमारी दीर्घकालिक विजन की दिशा में निरंतर प्रगति को चिह्नित करता है।

वर्ष 2026 ने हमारी राष्ट्रीय यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय चिह्नित किया है। वैश्विक आर्थिक और भू–राजनैतिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की प्रगति स्थिर और निर्णायक बनी हुई है। वित्त वर्ष'26 में 7.7% की हमारी वास्तविक जीडीपी वृद्धि हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत और निवेश गति को दर्शाती है। भारत प्रौद्योगिकी, नवाचार और वैश्विक भागीदारी में भी नेतृत्व को सुनिश्चित कर रहा है।

एनएमडीसी के लिए यह 'यूरेका' क्षणों से भरा वर्ष रहा है, जहां हमने अपने जीवन के मूल उद्देश्यों की पहचान की और अपनी वास्तविक क्षमता का उपयोग करने के लिए गहन परिवर्तन यात्रा की शुरुआत की। वित्त वर्ष' 26 में, हम भारत में एक ही वर्ष में 50 मिलियन टन से अधिक लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली पहली खनन कंपनी बन गए हैं और इतिहास रचते हुए 53.16 मिलियन टन का रिकॉर्ड उत्पादन और 50.24 मिलियन टन की बिक्री हासिल की। ये आंकड़े वर्ष–दर–वर्ष उत्पादन में 20.62% की वृद्धि और बिक्री में 13.15% की वृद्धि को दर्शाते हैं, जो कि वर्तमान उत्पादन और बिक्री उपकरणों और बुनियादी ढांचे की क्षमताओं और काबलियत को अनुकूलित और पार करके स्वाभाविक रूप से प्राप्त किया है। एनएमडीसी ने एक ही वर्ष में उत्पादन में इतनी बड़ी बढ़ोतरी करके अपनी क्षमता साबित की है, जो उद्योग में अभूतपूर्व और अद्वितीय है। इस सराहनीय प्रदर्शन के माध्यम से, एनएमडीसी ने भारत के बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास की नींव को मजबूत करने में विशेष योगदान दिया है।

यह परिचालन उत्कृष्टता स्वाभाविक रूप से कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में परिलक्षित हुई, जिसने कारोबार और अन्य वित्तीय पैरामीटर में नए शिखर दर्ज किए। परिचालन से राजस्व 33.31% बढ़कर 31,554 करोड़ रूपए हो गया, कर–पश्चात लाभ 10.88% बढ़कर 7,421 करोड़ रूपए दर्ज हुआ और नेटवर्थ 14.39% बढ़कर 33,836 करोड़ रूपए हुआ। एनएमडीसी ने वर्ष के दौरान पूंजीगत व्यय में 3,384 करोड़ रुपये का निवेश किया और शेयरधारकों को महत्व देते हुए वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान 2.50 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया और 1 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश का प्रस्ताव रखा, जो कि शेयरधारक अनुमोदन के अधीन है ।

भारत में तेजी से हो रहे औद्योगीकरण के लिए सुरक्षित, विश्वसनीय और जिम्मेदारी से प्रबंधित खनिज संसाधनों की आवश्यकता है। इसलिए 100 एमटीपीए लौह अयस्क उत्पादन क्षमता प्राप्त करने की हमारी विजन 2030 केवल एक व्यावसायिक महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक खनिज सुरक्षा और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान है ।

विकास के आधार को मजबूत करना

एनएमडीसी की यात्रा का अगला चरण अपनी क्षमता और महत्वाकांक्षा को सुरक्षित, कुशल और भरोसेमंद संचालन में बदलने पर केंद्रित है। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए हमारा 60 एमटी का उत्पादन लक्ष्य, 100 एमटीपीए के मार्ग की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

हमारे एकीकृत खनन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में उल्लेखनीय प्रगति हुई। किरंदुल–जगदलपुर रेल–लाइन के दोहरीकरण की 98% प्रगति हो चुकी है, जिसमें 140 किमी का काम पूरा हो चुका है और इसे चालू किया जा चुका है। साथ ही, 26 सितंबर, 2026 को कंपनी ने अपनी स्लरी पाइपलाइन परियोजना को कमीशन किया और इसके साथ नगरनार, छत्तीसगढ़ में अपने पेलेट प्लांट में फायर्ड पेलेट की पहली बैच का उत्पादन किया। यह उपलब्धि पूरे एसपीएल प्रणाली के सफल एकीकृत कमीशनिंग को चिह्नित करता है, जिसमें बचेली में लौह अयस्क प्रसंस्करण संयंत्र (आईओपीपी), तीन जिलों को पार करने वाली 135 किमी लंबी स्लरी पाइपलाइन और नगरनार में 2.0 मिलियन टन पेलेट प्लांट शामिल हैं। ये परियोजनाएं निकासी क्षमता को बढ़ाएंगी और बैलाडीला मूल्य–श्रृंखला की समग्र दक्षता में सुधार करेंगी।

एनएमडीसी ने अपने घरेलू खनिज पोर्टफोलियो में विविधता लाना जारी रखा है। झारखंड में तोकिसूद नॉर्थ परियोजना ने जनवरी 2026 में खनन कार्य शुरू किया, जो घरेलू कोयला खनन में हमारी एंट्री को चिह्नित करता है।

एनएमडीसी–सीएमडीसी लिमिटेड के माध्यम से बैलाडीला लौह अयस्क डिपॉजिट–4 की शुरुआत फरवरी 2026 में वाणिज्यिक संचालन के साथ की गई थी। वित्त वर्ष 2025–26 के दौरान बैलाडीला लौह अयस्क डिपॉजिट–13 के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की गई, जो एनएमडीसी–सीएमडीसी लिमिटेड का ही एक हिस्सा है। इसके परिणामस्वरूप परवर्ती महीनों में इसका वाणिज्यिक संचालन शुरू हुआ।

मुझे यह बताते हुए भी गर्व हो रहा है कि एनएमडीसी ने अपने मानव पूंजी के अथक और समर्पित प्रयासों को सही मान्यता देते हुए वर्ष के दौरान नई आवास और सहायक सुविधाओं को चालू करके परियोजनाओं में अपने कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण जीवन प्रदान करने के लिए वास्तविक प्रयास किए और बैलाडीला और दोणिमलै परिसरों के अपने टाउनशिप में कुछ अन्य ऐसी परियोजनाओं की शुरुआत की।

एक विश्व स्तरीय, वैश्विक खनिज दिग्गज कंपनी के रूप में उभरने के लिए दुबई, यूएई और सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में हमारे कार्यालयों के खुलने के साथ हमारी गंभीरतापूर्ण प्रयासों को एक बड़ी गति मिली है। इन कार्यालयों से विदेश में एनएमडीसी की खनिज विविधीकरण यात्रा में सहायता मिलने की उम्मीद है।

प्रौद्योगिकी, सुस्थिरता और लोग

अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और नवाचार एनएमडीसी के संचालन का एक अभिन्न अंग है, जिसका उद्देश्य परिचालन दृश्यता, निर्णय लेने, उत्पादकता और सुरक्षा में सुधार करना है। उठाए गए पहलों में डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट यूनिट, ऑटोमैटिक सैम्पलिंग, डिजिटल रूप से सक्षम ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग, रियल–टाइम मटेरियल विजिबिल्टी और इंटिग्रेटेड सस्टैनबिल्टी डेटा सिस्टम शामिल हैं।

जिम्मेवारीपूर्ण विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता समान रूप से मजबूत बनी हुई है। एनएमडीसी अधिक ऊर्जा और संसाधन दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा उपयोग में वृद्धि, बेहतर जल और भूमि प्रबंधन और कम–कार्बन लॉजीस्टिक्स पर कार्य कर रहा है। हमारी नेट जीरो रणनीति और रोडमैप, हमारे संचालन के पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए एक व्यवस्थित दिशा प्रदान करते हैं।

इस परिवर्तन के केंद्र में हमारे लोग हैं। सुरक्षा हमारी सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है, जो कौशल–विकास, नेतृत्व को बेहतर बनाने और डिजिटल क्षमताएँ बढ़ाने के माध्यम से मानव–पूंजी में विशेष रूप से निवेश कर रही है।

सीएसआर पहलों के माध्यम से एनएमडीसी स्वास्थ्य–देखभाल, शिक्षा, कौशल–विकास और सामुदायिक बुनियादी ढांचे में भी योगदान दे रहा है, विशेषकर हमारे प्रचालन के आस–पास के क्षेत्रों में।

कॉर्पोरेट गवर्नेंस

कॉर्पोरेट गवर्नेंस एनएमडीसी की संगठनात्मक संस्कृति का मुख्य आधार है, जो हमारे काम–काज और निर्णय लेने के हर पहलू को मजबूती देता है। हम अपने सभी हितधारकों, जिनमें शेयरधारक, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, ऋणदाता, भारत सरकार, राज्य सरकारें, नियामक प्राधिकरण और वे समुदाय हैं, जिनकी हम सेवा करते हैं, उनके लिए स्थायी दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अखंडता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए, शब्दों और भावना दोनों में, हम लागू नियमों और विनियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं। पारदर्शी शासन प्रथाओं, विवेकपूर्ण जोखिम प्रबंधन और जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेने के माध्यम से, हम हितधारकों के विश्वास को मजबूत करते हैं और मूल्य– निर्माण को सुरक्षित रखते हैं।

भविष्य की राह

आने वाला वर्ष निष्पादन, समेकन और परिवर्तन का वर्ष होगा। हमारे उच्च उत्पादन आधार को स्थिर करना, 80 एमटी उत्पादन माइलस्टोन तक पहुंचना, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे वाली परियोजनाओं को पूरा करना और क्षमता–विस्तार के अगले चरणों को आगे बढ़ाना प्रमुख प्राथमिकताएं बनी रहेंगी।

100 एमटीपीए की ओर यात्रा के लिए परिचालन उत्कृष्टता, अनुशासित पूंजी आवंटन, मजबूत परियोजना निष्पादन, प्रौद्योगिकी अपनाने और सुरक्षा व स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की आवश्यकता होगी। इसके साथ ही, एनएमडीसी भारत की विकसित हो रही खनिज–सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों में विविधीकरण के अवसरों का पता लगाना जारी रखेगा।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि एनएमडीसी के पास आगे आने वाले अवसरों और चुनौतियों का सामना करने के लिए संसाधन, क्षमताएं और संस्थागत ताकत है। हम एक ऐसा उद्यम बना रहे हैं जो पैमाने में बड़ा, क्षमता में मजबूत, प्रौद्योगिकी के माध्यम से अधिक स्मार्ट और अपने कार्यों में अधिक जिम्मेदार है।

मैं भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय, खान मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अन्य सरकारी विभागों और राज्य सरकारों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

मैं अपने कर्मचारियों और उनके यूनियनों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, साझेदारों, मेजबान समुदायों, नियामकों और शेयरधारकों को उनके निरंतर विश्वास और भरोसा जताने के लिए धन्यवाद देता हूं।

हम सभी मिलकर एनएमडीसी को विश्व–स्तर पर प्रतिस्पर्धी खनन उद्यम के रूप में विकसित करेंगे और एक मजबूत, अधिक आत्मनिर्भर और खनिज–सुरक्षित भविष्य की ओर भारत की यात्रा के केंद्र में बने रहेंगे।

जय हिन्द !

दिनांक : 28.09.2026
स्थान : हैदराबाद

अमिताभ मुखर्जी
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक



एनएमडीसी NMDC
जिम्मेवार खनन
वैज्ञानिक | सुस्थिर | खुशियां बिखेरते हुए

/nmdclimited | पंजीकृत कार्यालय : 10-3-311/ए, 'खनिज भवन', कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद -500028 | वेबसाइट : www.nmdc.co.in |सीआईएन: L13100TG1958GOI001674
नोट : उपरोक्त कथन एनएमडीसी के 28.09.2026 को आयोजित 68वीं एजीएम की कार्यवाही का रिकॉर्ड होने का दावा नहीं करता है ।

समुद्री लुटेरों के खजाने की रक्षा करते हैं जहरीले सांप

ब्रासीलिया। ब्राजील के तट के पास एक छोटा सा द्वीप है। इसका नाम इल्हा दा क्विमाडा ग्रांडे है लेकिन यह दुनियाभर में स्नेक आइलैंड (सांपों का द्वीप) के नाम से मशहूर है। यह द्वीप वर्षों से एडवेंचर पसंद करने वालों और वैज्ञानिकों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि इस द्वीप पर जाना बिल्कुल आसान नहीं है। यह ऐसी जगह है, जहां बिना किसी सुरक्षा और तैयारी के जाने पर शायद कोई एक घंटा भी जिंदा नहीं रह सकेगा। इसकी वजह इस द्वीप पर पाए जाने वाले सांप हैं। ऐसे में इसे 'नो गो जोन' बनाया गया है। साओ पाउलो से 20 मील दूर 43 हेक्टेयर के आकार वाले इस द्वीप पर दुनिया में सबसे ज्यादा जहरीले सांपों में से एक प्रजाति पाई जाती है। इल्हा दा क्विमाडा ग्रांडे पर वाइपर की बोथ्रोप्स इंसुलारिस प्रजाति बड़ी संख्या में है जो दुनिया में कहीं और नहीं मिलती। इसे गोल्डन लांसहेड वाइपर कहा

स्नेक आईलैंड पर इंसानों की 'नो एंट्री'



जाता है। इस सांप का जहर बहुत ज्यादा जानलेवा है। गोल्डन लांसहेड का जहर दक्षिण अमेरिका के दूसरे हिस्सों में पाए जाने वाले इस तरह के वाइपर के जहर से पांच गुना ज्यादा जानलेवा होता है।

आइलैंड जाने पर रोक

इल्हा दा क्विमाडा ग्रांडे पर सांपों और खतरनाक जीवों की मौजूदगी की वजह से ब्राजील सरकार ने द्वीप पर जाने पर रोक लगा रखी है। अगर किसी को यहां जाना है तो उसे परमिट लेना पड़ता है। यहां खासतौर से सांपों और खतरनाक जानवरों पर रिसर्च करने वाले लोग जाना चाहते हैं। स्नेक आइलैंड पर जाने की इजाजत उन सशस्त्र बलों को है, जो द्वीप पर बनी एकमात्र इमारत (लाइटहाउस) की देखभाल करते हैं। इस द्वीप को लेकर ब्राजील में कई तरह की कहानियां हैं। इनमें सबसे लोकप्रिय यह है कि द्वीप पर सांपों की भरमार के नीचे समुद्री लुटेरों का छिपाया हुआ खजाना दबा है और सांप इसकी रक्षा करते हैं।



इटली में जलमग्न शहर से मिली 3 हजार साल प्राचीन कांसे की तलवार

रोम। इटली के मेजनो झील की जलमग्न बस्ती से ईसा पूर्व 13वीं शताब्दी की कांस्य युग की एक तलवार खोजी गई है। इसे इटली के इतिहास के बड़े पुरातात्विक खोजों में से एक माना जा रहा है। यह तलवार झील के दक्षिणी किनारे पर चलाए गए नए शोध अभियान दौरान बरामद की गई है। कांसे का बना यह हथियार 3000 साल बाद भी अच्छी स्थिति में है और इसकी धार बरकरार है। इतिहासकारों का मानना है कि यह बस्ती संभवत किसी ज्वालामुखी विस्फोट या भीषण आग के कारण नष्ट हो गई थी और बाद में झील के जलस्तर में बदलाव के कारण पूरी तरह जलमग्न हो गई।



हथियारों के लिए कांसे का इस्तेमाल करते थे लोग

वैज्ञानिकों ने इस तलवार के निर्माण की तिथि कांस्य युग के उत्तरार्ध में निर्धारित की है। उस समय मध्य इटली के समुदाय प्रायद्वीप और भूमध्य सागर के अधिकांश हिस्सों से संपर्क बनाए रखते थे। उस दौरान कांस्य के हथियार न केवल शस्त्र के रूप में कार्य करते थे, बल्कि वे प्रतिष्ठा, पहचान और शक्ति से भी जुड़े हुए थे। उस समय शासक वर्ग और व्यापारी वर्ग अपने रोजमर्रा के कामों में भी कांसे का भरपूर इस्तेमाल करते थे।

तलवार की खोज बेहद अहम

यह तलवार मध्य इटली की ज्ञात उत्तर कांस्य युग की हथियार परंपराओं से मेल खाती है। इसकी उपस्थिति झील के आसपास रहने वाले समुदायों के बीच कुशल धातु शिल्प कौशल के प्रमाण को और पुष्ट करती है। इसी अभियान में कई अन्य अच्छी तरह से संरक्षित वस्तुएं भी मिलीं। इनमें मिट्टी के पूरे बर्तन, कांसे की कुल्हाड़ियाँ, तीर के सिरे, कटार , भाले के सिरे, पिन और एक रेजर शामिल हैं।





There is no better time than Navaratri to drive into a new beginning. Get great benefits of up to ₹1 50 000 across the Kia range. To know more, visit your nearest Kia dealership today!

Carens Clavis Range now available in Factory fitted CNG

Model	Sonet˘	Syros^	Carens Clavis	Carens Clavis EV
Total benefits	₹80 000	₹1 10 000	₹1 50 000	₹1 20 000

*Benefits available on other Kia cars as per applicability.

For more information, visit our dealership or contact:
1800 108 5000 | 093195 91407 | www.kia.com | Book Kia | kiacare@kiaindia.net | Look for "Kia India"

*Terms & condition apply. ^The benefit includes 3 years standard warranty and 2 years free extended warranty. ˘The benefit is only applicable on Sonet petrol variant. Benefits shown are the combination of exchange, loyalty, corporate, scrappage and special benefits, which are applicable on select stock, which may vary from model to model and region to region. The product shown is for representation purposes only. Actual features, colors, and specifications may not be part or standard fitment and may vary. Kia India Pvt. Ltd. reserves the right to make any changes with respect to the trims, colors, specifications, and other details of any model as mentioned or to modify/ discontinue any offer/ scheme/ service without prior notice. Kia urges you to follow traffic rules, these are meant to keep you safe on the roads. Visit your nearest Kia dealership for more details.

Intara Kia: Raipur, NH6, Labhandi, Opp. Indira Gandhi Agriculture University, Tel: 7701018730 | Beside Mansukhlal petrol pump, GE road NH-6, **Rajnandgaon,** Tel: 7701018730 **Sairam Kia:** GE Road, National Highway - No. 6, **Tatibandh Raipur,** Tel: 6262070002 | Near Bafna Toll Plaza, Rajnandgaon bypass Road, **Bhilai.** Tel: 6262020333 | Near Bafna Toll Plaza, Rajnandgaon bypass Road, **Bhilai.** Tel: 6262020333

Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick-start variant in Chhattisgarh. Price is subject to change without prior notice. ^ Cash discount offer applicable only on TVS XL100 Heavy Duty i-touchstart variant. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत मुख्य डीलर : **रायपुर** – भाठागांव: रायपुर टीवीएस, मो. 8071408124, **फाफाडीह:** साई टीवीएस, मो. 6262626003, **आरंग:** साई टीवीएस, मो. 6262626001, **लालपुर:** साई टीवीएस, मो. 6262626006, **टेलिबांधा:** हीरा टीवीएस, मो. 7880134301, **पंडरी:** अव्वनी टीवीएस, मो. 8305165176, **जी.ई. रोड:** भारत टीवीएस, मो. 9522000530, **दुर्ग** – **भिलाई सुपेला:** ईशान ऑटो वर्ल्ड प्रा. लि., मो. 8871212121, रालस ऑटोकॉर्प प्रा. लि., मो. 7909924000, **भिलाई 3:** रालस ऑटोकॉर्प प्रा. लि., मो. 7909912000, **दुर्ग:** एस.एस.डी. मोटर्स प्रा. लि., मो. 8602816642, **राजनांदगांव:** एल.सी.के. मोटर्स प्रा. लि., मो. 9770753076, 8770681011, इंडियन टीवीएस, मो. 9826166566, 9826366566, **जगदलपुर:** स्पाक ऑटो स्टोर एल.एल.पी., मो. 9232619001, **धमतरी:** स्कूटर हाउस, मो. 9827196521, **कांकेर:** आयशा मोटर्स, मो. 9981083966, 7694062213, **कोंडागांव:** शाई सेल्स एल.एल.पी., मो. 9692465300, 7999767288, **महासमुंद – बागबाहरा:** कनिज ऑटोमोबाइल्स एल.एल.पी., मो. 9355530533, **महासमुंद:** गुरुनानक ऑटो सेंटर, मो. 9202500054, **बालोद – दल्लीराजहरा:** गुरुदेव ऑटोमोबाइल्स, मो. 9407709281, **बलौदा बाजार:** कनिका ऑटोमोबाइल्स प्रा. लि., मो. 8979428844, **बेमेतरा:** श्री अरिहंत टीवीएस, मो. 8827790000, 7000629201, **कवर्धा:** श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल एल.एल.पी., मो. 9993309707. **अधिकृत डीलर : रायपुर – अमनपुर:** श्री ओम ऑटो, मो. 9893369485, **बिरगांव रायपुर:** ओम श्री मोटर्स, मो. 9039358352, **डोंडे खुर्द:** आर.एम. मोटर्स, मो. 9826133734, **नवापारा राजिम:** श्री कुशल ऑटो, मो. 8109788711, **न्योरा:** प्रतीक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9300414173, **माना बस्ती:** हीरा टीवीएस, मो. 7880134374, **सेजबहार:** यशश्री मोटर्स, मो. 8390096555, **सारागांव:** श्री गणपति ऑटोज, मो. 9981855981, **लखोली:** श्री श्रीवास मोटर्स, मो. 6266166230, **सिलियारी:** गौरव ऑटोमोबाइल, मो. 7566593315, **धनेली:** रामदेव मोटर्स, मो. 9340136557, **खरोरा:** आदिनाथ मोटर्स, मो. 8959901521, **दुर्ग – धमधा:** श्री हरि मोटर्स, मो. 9302290263, **उतई:** वी.के. मोटर्स, मो. 8959187052, **पाटन:** देव ऑटो, मो. 9981086462, **अमलेश्वर:** शिवाय ऑटोमोबाइल्स, मो. 9111070701, **मुरमुंडा:** हीरा एंटरप्राइजेज, मो. 8085039059, **पोटिया चौक:** एम.वाई. ऑटोमोबाइल्स, मो. 8839205689, **जुनवानी:** जे.डी. मोटर्स, मो. 8959187052, **रिसाली:** सी.जी. मोटर्स, मो. 7000259645, **गरियाबंद – मैनपुर:** अनम ऑटो, मो. 7000618960, **गरियाबंद:** दिकेश मोटर, मो. 8720000334, **राजिम:** अरिहंत ऑटोमोबाइल्स, मो. 9826113240, **देवभोग:** खातेश्वर मोटर्स, मो. 7000186541, **गोहरापदर:** गणेश ऑटो केयर, मो. 8319380089, **फिंगेश्वर:** श्री राधे मोटर्स, मो. 8109123285, **राजनांदगांव – डोंगरगढ़:** रेयांश ऑटा मो. 7415344077, 8269896688, **खैरागढ़:** आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, **डोंगरगांव:** भारत ऑटो, मो. 9827196076, **अंबागढ़ चौकी:** भारत ऑटो, मो. 9827196076, **मोहला:** शुभम मोटर्स, मो. 6260576066, **गंडई:** सानिया मोटर्स, मो. 9575726332, **छुईखदान:** आर.के. ऑटोमोबाइल, मो. 7489863424, **सालेवारा:** विदर्भ मोटर्स, मो. 7587490364, **धमतरी – नगरी:** दिकेश ऑटो, मो. 9981761572, **कुरूद:** भिलाई ऑटो, मो. 8982652500, **भखारा:** समृद्धि मोटर्स, मो. 9202336345, **कांकेर – पखांजूर:** बंगाल साइकिल एण्ड ऑटो पार्ट्स, मो. 9479220572, **चारामा:** एन. साई टीवीएस ऑटोमोबाइल्स, मो. 9039179813, **मानुप्रतापपुर:** सुभाष मोटर्स, मो. 9755249656, **बांदे:** रामकृष्ण ऑटो, मो. 6267093399, **नारायणपुर:** खुशी ऑटोमोबाइल्स, मो. 9406107712, **कोंडागांव – श्यामपुर:** पराशर टीवीएस, मो. 6263685712, **बनियागांव:** श्री वेंकटेश्वर, मो. 9243072202, **फरसगांव:** श्री नारायण सेल्स, मो. 9685968593, **केशकाल:** हर्ष ऑटोमोबाइल्स, मो. 7000818373, **महासमुंद – सरायपाली:** श्री मंगलम मोटर्स, मो. 7828276101, **ब्रह्मांडीह:** बालाजी ऑटो, मो. 8305139373, **बालोद – गुंडरदेही:** शिवांश ऑटोमोबाइल्स, मो. 9340940548, सौरभ ऑटोमोबाइल्स, मो. 9424101888, **गुरुर:** श्री गुरुदेव मोटर्स, मो. 9907796983, **बलौदा बाजार – लवन:** कनिका ऑटो, मो. 6265917496, **सिमगा:** लक्ष्मी मोटर्स, मो. 9406122234, **भाटापारा:** इंडियन मोटर्स, मो. 9302622777, **पलारी:** कनिका मोटर्स, मो. 8979428844, 6268360105, **लिमतरा:** मां बम्लेश्वरी, मो. 7683839595, **बेमेतरा – नवागढ़:** श्री एम.के. मोटर्स, मो. 8120007666, **देवकर:** सपहा मोटर्स, मो. 9179534363, **थानखम्हरिया:** अरिहंत ऑटो, मो. 9993179413, **बेरला:** आर.के. मोटर, मो. 8085403067, **भिम्मौरी:** भवानी मोटर्स, मो. 9926150675, **कवर्धा – पंडातराई:** सांई मोटर्स, मो. 8305728281, **पंडरिया:** ज्योति एजेंसी, मो. 9893592635, **लोहारा:** श्री गुरुनानक ऑटोमोबाइल्स, मो. 9993309707, **रेंगाखार:** राज ऑटो मोबाइल्स, मो. 9981893829, **बोड़ला:** राहुल मोटर्स, मो. 9575991111, **जगदलपुर – नगरनार:** स्पाक ऑटो स्टोर एल.एल.पी., मो. 9232619014, **मानपुरी:** स्पाक ऑटो स्टोर एल.एल.पी., मो. 9232619013, **बकावंड:** स्पाक ऑटो स्टोर एल.एल.पी., मो. 9232619015, **जगदलपुर:** स्पाक ऑटो स्टोर एल.एल.पी. – दलपत सागर शाखा, मो. 9232619011, **बीजापुर:** धनलक्ष्मी ऑटोमोबाइल, मो. 9479012090, **दंतेवाड़ा – बचेली:** वोलंट टीवीएस, मो. 8253001320, **गीदम:** जगदंबा टीवीएस, मो. 9893801015, **सुकमा:** पी.आर. ऑटोमोबाइल्स, मो. 9425211102. dentsu/vk blr/08/26

Benefits up to ₹5500**
** T&C apply as per Flipkart.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com